वर्ष : 17 अंक : 103 लखनऊ शनिवार, 19 अप्रैल 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम
सूर्योदय : 5:38
सूर्यास्त : 6:32
अधिकतम : 37:00°
न्यूनतम : 26:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4

नगर संस्करण **



ड्रीम गर्ल 2ये फिल्म सीक्वल नहीं बल्कि एक फ्रेंचाइजी थी 10

विकास की रोशनी से रौशन हो रहा श्रीराम.... 2
नेशनल हेराल्ड के चक्रव्यूह में सोनिया-राहुल 6
बंगाल हिंसा पर बयानबाजी न करे... 12


# धनखड़ के बयान पर सियासी भूचाल

## विपक्षी दल आगबबूला, कानून विशेषज्ञों ने कहा– यह अदालत की सरासर तौहीन

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के हालिया बयानों ने सियासी हलकों में जोरदार भूचाल ला दिया है। विपक्षी पार्टियों ने उनके बयानों को न्यायपालिका की तौहीन बताते हुए तीखी आलोचना की है। कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी समेत कई दिग्गज कानूनी जानकारों ने धनखड़ पर आरोप लगाया कि उन्होंने संविधान और अदालतों की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। वहीं इस विवाद में बीजेपी ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए उपराष्ट्रपति का बचाव किया और कहा कि हमें मर्यादा मत सिखाओ।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने साफ कहा, 'हमारे लोकतंत्र में सबसे ऊपर अगर कोई चीज है तो वो है भारत का संविधान। न राष्ट्रपति, न प्रधानमंत्री और न ही राज्यपाल, कोई भी व्यक्ति संवैधानिक मर्यादा से ऊपर नहीं हो सकता।' सुरजेवाला ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को भी सराहा जिसमें राष्ट्रपति को राज्यपालों द्वारा रोके गए बिलों पर तीन महीने के भीतर फैसला लेने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने इसे





साहसिक और समय पर लिया गया फैसला बताया। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति के बयान को बेहद आपत्तिजनक करार दिया और कहा कि ये अदालत की अवमानना के दायरे में आता है। उन्होंने कहा, 'उपराष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से ये उम्मीद की जाती है कि वो बाकी संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करे, न कि बार-बार उनकी उपेक्षा करे।'

वहीं, बीजेपी ने उपराष्ट्रपति का बचाव करते हुए विपक्ष पर पलटवार किया। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, "मुझे उस पार्टी से संवैधानिक मर्यादा सीखने की जरूरत नहीं है जो कहती है कि वह संसद द्वारा पारित कानून को लागू नहीं करेगी, उपराष्ट्रपति के पद का मजाक उड़ाती है, वोट बैंक की राजनीति के नाम पर दंगाइयों को बचाती है और बंगाल में हिंदू पीड़ितों से मिलने के लिए उसके पास समय नहीं है।"

राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने भी धनखड़ के बयान पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि जब कार्यपालिका काम नहीं करेगी तो न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना ही पड़ेगा। सिब्बल ने कहा, 'भारत में राष्ट्रपति नाममात्र का मुखिया है। राष्ट्रपति-राज्यपाल को सरकारों की सलाह पर काम करना होता है। मैं उपराष्ट्रपति की बात सुनकर हैरान हूं, दुखी भी हूं। उन्हें किसी पार्टी की तरफदारी करने वाली बात नहीं करनी चाहिए।'

सिब्बल ने 24 जून 1975 को सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का जिक्र करते हुए कहा- 'लोगों को याद होगा जब इंदिरा गांधी के चुनाव को लेकर फैसला आया था, तब केवल एक जज, जस्टिस कृष्ण अय्यर ने फैसला सुनाया था। उस वक्त इंदिरा को सांसदी गवानी पड़ी थी। तब धनखड़ को यह मंजूर था। लेकिन अब सरकार के खिलाफ दो जजों की बेंच के फैसले पर सवाल उठाए जा रहे हैं।'

सिब्बल ने कहा- आज के समय में अगर किसी संस्था पर पूरे देश में भरोसा किया जाता है, तो वह न्यायपालिका है। सुप्रीम कोर्ट को अनुच्छेद 142 की ताकत संविधान से मिली है। ऐसे में अगर किसी को कोई परेशानी है तो वो अपने अधिकार का प्रयोग कर रिव्यू डाल सकते हैं। वे अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट से सलाह भी मांग सकते हैं। अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को अधिकार देता है कि वह पूर्ण न्याय करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फैसला दे सकता है। **(विस्तृत पेज 12 पर)**

### धनखड़ ने कहा था- कोर्ट राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं

दरअसल, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 17 अप्रैल राज्यसभा इंटर्न के एक ग्रुप को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की उस सलाह पर आपत्ति जताई, जिसमें राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समय सीमा तय की थी। धनखड़ ने कहा था– 'अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत कोर्ट को मिला विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ 24x7 उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। जज सुपर पार्लियामेंट की तरह काम कर रहे हैं।'

# फिलहाल लागू रहेगा देश में फास्टैग

## उपग्रह आधारित टोल संग्रह प्रणाली लागू करने का निर्णय नहीं

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि उसने आगामी एक मई से देश भर में उपग्रह आधारित टोल संग्रह प्रणाली लागू करने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है।फिलहाल फास्टैग पूरे देश में लागू रहेगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि उसने या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया है। सरकार ने कुछ मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लेते हुए यह स्पष्टीकरण जारी किया है। इन रिपोर्टों में कहा गया था कि आगामी एक मई से देश भर में मौजूदा फास्टैग प्रणाली के स्थान पर टोल संग्रह के लिए उपग्रह आधारित प्रणाली की शुरूआत की जा रही है। मंत्रालय ने कहा है कि टोल प्लाजा के माध्यम से वाहनों की निर्बाध, बाधा-मुक्त आवाजाही को सक्षम बनाने और यात्रा के समय को कम करने के लिए चुनिंदा टोल प्लाजा पर स्वचालित नम्बर प्लेट पहचान- फास्टैग आधारित 'बैरियर-





लेस टोलिंग सिस्टम' लागू किया जाएगा। इससे पहले 1 मई से फास्टैग को बंद कर सैटेलाइट टोल सिस्टम लागू करने की बात सामने आई थी। इस पर मंत्रालय ने कहा कि नेशनल हाइवे अथॉरिटी ने ऐसा कोई फैसला नहीं लिया है। सैटेलाइट टोल सिस्टम के बजाय, सरकार एक नए बैरियर-लेस टोल सिस्टम का टेस्ट कर रही है। इसमें ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन, कैमरों और फास्टैग को मिलाकर वाहनों का टोल बिना रोके काटा जाएगा, जिससे ट्रैफिक जाम और समय की बचत होगी।

सरकार देश के कुछ चुनिंदा टोल प्लाजा पर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट पहचान प्रणाली और फास्टैग को मिलाकर बिना बैरियर वाली टोल प्रणाली टेस्ट कर रही है। इस सिस्टम में वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर रुकना नहीं पड़ेगा। हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे वाहन का नंबर प्लेट स्कैन करेंगे और फास्टैग से पैसे काटे जाएंगे।

उन्नत टोलिंग प्रणाली में 'स्वचालित नंबर प्लेट पहचान' तकनीक वाहनों की नंबर प्लेट पढ़कर उन्हें मौजूदा 'फास्टैग प्रणाली' जो टोल कटौती के लिए रेडियो-फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन का उपयोग करती है के साथ जोड़ेगी। इसके तहत वाहनों से टोल प्लाजा पर रुके बिना ही इस तकनीक के आधार पर उनसे टोल संग्रह किया जाएगा। नियमों का पालन न करने की स्थिति में उल्लंघनकर्ताओं को ई-नोटिस भेजा जाएगा, जिसका भुगतान न करने पर फास्टैग निलंबित किया जा सकता है और वाहन से संबंधित अन्य दंड लगाया जा सकता है। प्राधिकरण ने नयी तकनीक के क्रियान्वयन के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। सफल कंपनी चुनिंदा टोल प्लाजा पर अपनी तकनीकी का इस्तेमाल कर टोल संग्रह करेंगी और बाद में समीक्षा के बाद इस तकनीक को देश भर में लागू करने का निर्णय लिया जायेगा।

# बंगाल हिंसा पीड़ितों से मिलने पहुंचे राज्यपाल

## आनंद बोस ने सीएम ममता की सभी अपीलों को किया दरकिनार

एजेंसी

**कोलकाता।** वक्फ कानून को लेकर पश्चिम बंगाल के कई जिलों में भड़की सांप्रदायिक हिंसा के बाद सरकार और राज्यपाल के बीच भी ठन गई है। एक तरफ जहां राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा करने की घोषणा कर हलचल मचाई थी, वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार ने कई बार राज्यपाल से ऐसे क्षेत्रों में न जाने की अपील की थी।

सभी अपीलों को दरकिनार रखते हुए राज्यपाल सी वी आनंद बोस शुक्रवार को मालदा और मुर्शिदाबाद जैसे जिलों की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। इस दौरान उन्होंने हिंसा पीड़ितों संग मुलाकात भी की। इस बीच राज्य बंगाल की स्थिति पर बात करते हुए राज्यपाल ने कहा है कि बंगाल में हिंसा का मामला नया नहीं है और यह एक सतत मुद्दा है। पीड़ितों से वार्ता के बाद वह अपनी रिपोर्ट केन्द्र सरकार को भेजेंगे।



राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की।

राज्यपाल सीवी बोस ने कहा कि पश्चिम बंगाल की राजनीति में दो चीजें कैंसर की तरह बढ़ रही है, हिंसा और भ्रष्टाचार। उन्होंने कहा, "बंगाल में हिंसा की संस्कृति वास्तविकता है। हमें इसकी जड़ों को खत्म करना होगा। मुझे यकीन है कि जीत हमारी होगी। इस दौरान राज्यपाल ने दावा किया है कि उनके पास हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से लगातार बड़ी संख्या में शिकायतें आ रही हैं और लोग उनसे मदद मांग रहे हैं। उन्होंने कहा, हमें उन इलाकों से 100 से ज्यादा शिकायतें मिली हैं। हालांकि पिछले दो दिनों में केंद्रीय बलों की तैनाती के बाद हिंसा में काफी कमी आई है। मैंने उनसे खुद बात की ताकि उन्हें भरोसा दिलाया जा सके कि हम सब उनके साथ हैं। राज्यपाल ने बताया कि वे मालदा में राहत शिविरों का भी दौरा करेंगे।

### हनुमान जी की मूर्ति देखकर भड़क गए थे आजम खां

**नयी दिल्ली।** यूपी के पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने आजम खां को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने



बताया कि कैसे आजम खां ने इस बात पर आपत्ति कर दी थी कि उनकी (विक्रम सिंह की) कार में हनुमान जी की मूर्ति लगी है। इस पर आजम काफी भड़क गए, लेकिन फिर भी वह मूर्ति गाड़ी से नहीं हटी।

आजम खां से तकरार पर विक्रम सिंह ने कहा, "मैं सिर्फ लीगल काम करता था। उन लोगों के लिए इन्कन्विनिएंट था मैं। आजम खां को दिखाई दिया कि ड्राइवर ने गाड़ी में छोटी सी हनुमान जी की मूर्ति लगाई हुई है। इस पर मैंने कहा कि यह हटेगी नहीं, मैंने साफ कर दिया कि आपकी आपत्ति पर वह हट जाए, तो ऐसा नहीं होगा। यह गाड़ी मेरे पूर्व अधिकारी की थी। जिस तरह की थी, उसी तरह की मुझे भी मिली।

# चिकित्सक की सबसे बड़ी पहचान उसकी संवेदना

## एम्स गोरखपुर में 500 बेड की क्षमता वाले विश्राम सदन का शिलान्यास किया सीएम योगी ने

विश्ववार्ता ब्यूरो

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक चिकित्सक की सबसे बड़ी पहचान उसकी संवेदना होती है। यदि किसी डॉक्टर के मन में संवेदना नहीं है तो वह डॉक्टर कहलाने का अधिकारी है या नहीं, इस पर विचार होना चाहिए। उसकी पहचान ही संवेदना से है। चिकित्सक की संवेदना गंभीर से गंभीर मरीज की आधी बीमारी को दूर कर सकती है। मुख्यमंत्री ने चिकित्सा संस्थानों के डॉक्टरों को यह नसीहत भी दी की वे बेवजह मरीजों को हायर सेंटर रेफर करने की प्रवृत्ति से बचें और मरीज को क्रिटिकल केयर उपलब्ध कराने में रिस्क लेने की आदत डालें।

सीएम योगी शुक्रवार दोपहर बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान गोरखपुर के परिसर में 500 लोगों की क्षमता वाले विश्राम सदन (रैन बसेरे)





शुक्रवार को एम्स, गोरखपुर में 500 बेड के 'पॉवरग्रिड विश्राम सदन' के शिलान्यास एवं भूमि पूजन के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

का भूमि पूजन-शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। 44.34 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह विश्राम सदन पूर्वी उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा विश्राम सदन होगा। इसका निर्माण पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर निधि से कराया जा रहा। शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी चिकित्सा संस्थान डॉक्टर के व्यवहार के माध्यम से संवेदना का केंद्र भी होता है। संवेदना के इस केंद्र में अगर एक मरीज भर्ती होने आता है तो उसके साथ कम से कम 3 या 4 अटेंडेंट होते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में तो कई बार अटेंडेंट की संख्या 10 तक हो जाती है। ऐसे में मरीज के साथ आने वाले अटेंडेंट को आश्रय की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 500 बेड के विश्राम सदन के शिलान्यास के साथ ही गोरखपुर एम्स को एक नई उपलब्धि प्राप्त हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एम्स गोरखपुर का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई 2016 में किया था। 2019 में एम्स गोरखपुर का पहला मैच एडमिशन लिया था और 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस एम्स का लोकार्पण किया था। 2016 में जो बीज एम्स के रूप में गोरखपुर में रोपा गया था, आज वह एक वटवृक्ष बनकर हजारों पीड़ितों को आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, एक नया जीवनदान देने का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि एम्स गोरखपुर में होगा, यह एक कल्पना मात्र लगती थी। हम लोग 2003 से इस आवाज को उठा रहे थे।

# भारत के साथ भूमि सम्पर्क प्रस्ताव श्रीलंका ने किया खारिज

एजेंसी

**कोलंबो/नयी दिल्ली।** श्रीलंका ने सड़क और रेल-पुल के माध्यम से दोनों देशों को जोड़ने वाली भूमि संपर्क परियोजना के निर्माण के भारत के प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि वह अभी भूमि संपर्क के लिए तैयार नहीं है। 'डेली मिरर' ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के साथ कोलंबो में आयोजित बैठक में यह प्रस्ताव रखा था। इससे पहले पिछले साल दिसंबर में दिसानायके की यात्रा के दौरान भी भारत ने जिस प्रस्ताव का उल्लेख किया था, उसे अव्यावहारिक मानते हुए अस्वीकार कर दिया गया था।

» दिसानायके ने कहा कि यह अभी व्यावहारिक नहीं

रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल में दोनों नेताओं की बैठक के दौरान यह मुद्दा चर्चा में शामिल नहीं था। फिर भी हाल ही में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान श्री मोदी ने दोनों देशों के बीच भूमि संपर्क के महत्व और इससे होने वाले कई लाभों का उल्लेख किया। दोनों देशों को जोड़ने वाले भूमि पुल का विचार सबसे पहले 2002/2004 की सरकार के दौरान आया था, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे थे।

भूमि संपर्क परियोजना का उल्लेख वर्ष 2023 में राष्ट्रपति के रूप में प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे की नयी दिल्ली यात्रा के दौरान एक संयुक्त बयान में भी किया गया था। पीएम मोदी ने हाल में अपनी श्रीलंका यात्रा के बाद राम सेतु का अवलोकन किया, जो प्राचीन काल में श्रीलंका और भारत को जोड़ता था।

### असम पंचायत चुनावों में भाजपा का डंका

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने शुक्रवार को दावा किया कि राज्य में पंचायत प्रणाली की कुल 348 सीटों पर निर्विरोध फैसला हुआ है, जिनमें से 325 सीटें भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने जीती हैं। त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली के लिए मतदान दो चरणों में दो मई और सात मई को कराए जाएंगे। सरमा ने कहा कि पंचायत चुनाव के लिए नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 18 अप्रैल थी।

भाजपा नेता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया, ''अब तक एनडीए ने पहले ही 37 जिला परिषद (35 भाजपा और दो असम गण परिषद) और 288 आंचलिक पंचायत (259 भाजपा और 29 असम गण परिषद) सीटें निर्विरोध जीत ली हैं।'' सरमा द्वारा साझा किए गए चार्ट के अनुसार, निर्दलीय उम्मीदवारों ने आंचलिक परिषद की 15 सीटें निर्विरोध हासिल की हैं जबकि कांग्रेस ने 9 और एआईयूडीएफ ने एक सीट निर्विरोध जीती है।

# श्रीमद्भगवद्गीता–नाट्यशास्त्र यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** भारत की सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत को ऐतिहासिक मान्यता देते हुए, श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा- यह वैश्विक सम्मान भारत के शाश्वत ज्ञान और कलात्मक प्रतिभा का जश्न है। ये कालातीत रचनाएं साहित्यिक खजाने से कहीं अधिक हैं। ये दार्शनिक आधार हैं जिन्होंने हमारे सोचने, महसूस करने, जीने और अभिव्यक्त करने के तरीके को बेहतर बनाया है। वर्ल्ड हेरिटेज डे के दिन इसे शामिल किया गया है।

» यह गर्व का क्षण, हमारे ज्ञान और संस्कृति को वैश्विक मान्यता मिली : मोदी

पीएम मोदी ने एक्स पर ट्वीट करते हुए इसे दुनिया भर में हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा- यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल करना हमारे शाश्वत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति की वैश्विक मान्यता है। गीता और नाट्यशास्त्र ने सदियों से सभ्यता और चेतना का पोषण किया है। उनकी अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करती रहती है। इसके साथ ही, अब हमारे देश के 14 अभिलेख इस यूनेस्को के रजिस्टर में शामिल हो गए हैं। यूनेस्को का मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर एक अंतरराष्ट्रीय पहल है, जिसे यूनेस्को ने 1992 में शुरू किया था।

### अंतरिक्ष में एक और इतिहास रचेगा भारत

**नयी दिल्ली।** भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। देश अपनी अंतरिक्ष यात्रा में फिर से इतिहास लिखने वाला है। 4 दशक के बाद किसी भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अगले महीने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में भेजने का फैसला हुआ है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की भविष्य की प्रमुख योजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित उच्च स्तरीय बैठक के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मिशन में भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को भेजा जा रहा है।

जितेंद्र सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले पहले भारतीय राकेश शर्मा हैं। सोवियत अंतरिक्ष यान पर 1984 की उनकी उड़ान के बाद चार दशकों में अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले यह पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री होंगे।

# चुनाव आयोग एआई के इस्तेमाल पर बना रहा गाइडलाइन

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** चुनाव प्रचार के लिए कंटेंट तैयार करने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। इसे देखते हुए चुनाव आयोग इसके दुरुपयोग पर रोक लगाने और बेहतर इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए गाइडलाइंस बना रहा है। इसकी झलक बिहार विधानसभा चुनाव में दिख सकती है। सूत्रों ने बताया कि राजनीतिक दलों, मीडिया और सोशल मीडिया के लिए जनरेटिव एआई संबंधी कंटेंट के बारे में बताना होगा। प्रचार में एआई के इस्तेमाल के नियम और तरीके साफ किए जाएंगे। फेक और डीपफेक प्रचार वीडियो और ऑडियो के बारे में भी दिशा-निर्देश बनाए जा रहे हैं।

इसका मकसद है कि एआई कंटेंट का इस्तेमाल करके मतदाताओं को भ्रमित या उनकी पसंद को गलत तरीके से प्रभावित





» बिहार विधानसभा चुनाव में दिखेगी झलक

न किया जा सके। साथ ही यह यह करने की कोशिश की जाएगी कि मतदाताओं की निजता या चुनाव की निष्पक्षता पर आंच न आए। आयोग का यह कदम ग्लोबल इलेक्शन ट्रैकिंग की एआई पर रिपोर्ट को देखते हुए अहम है। इससे पता चला है कि 2024 लोकसभा चुनाव में एआई का इस्तेमाल अमेरिकी चुनाव से 10% और ब्रिटिश चुनाव से 30% ज्यादा है।

# सुकमा में 36 नक्सलियों ने किया समर्पण

## सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी, माओवादियों पर था 49 लाख का इनाम

एजेंसी

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों को उस वक्त बड़ी सफलता मिली जब 11 महिलाओं समेत कम से कम 33 नक्सलियों ने उनके सामने आत्मसमर्पण कर दिया, इनमें से लगभग आधे यानी 17 पर 49 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि नौ महिलाओं समेत 22 नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष हथियार डाले, जबकि बाद में दो महिलाओं समेत 11 अन्य नक्सलियों ने भी पुलिस अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली सुरक्षा बलों पर कई हमलों में भी शामिल रह चुके हैं।

इस बारे में जानकारी देते हुए सुकमा



के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि हथियार डालने वाले माओवादियों में माड़ डिवीजन के तहत पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी कंपनी नंबर 1 में डिप्टी कमांडर मुचाकी जोगा (33) और उसी दस्ते की सदस्य व उसकी पत्नी मुचाकी जोगी (28) शामिल हैं, जिन पर 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित था। साथ ही उन्होंने बताया कि अन्य नक्सलियों में किकिद देवे (30) और मनोज उर्फ दुधी बुधरा (28) शामिल हैं, जो कि माओवादियों के एरिया कमेटी के सदस्य हैं और जिन पर 5-5 लाख रुपए का इनाम था। अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले सात अन्य नक्सलियों पर 2-2 लाख रुपए का इनाम था, जबकि एक अन्य नक्सली पर 50,000 रुपए का इनाम था।

पुलिस अधिकारी ने आगे बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने माओवादियों की खोखली और अमानवीय विचारधारा और स्थानीय आदिवासियों पर अत्याचारों से निराश होकर सरेंडर किया। साथ ही उन्होंने बताया कि वे राज्य सरकार की नई आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के अलावा 'नियाद नेल्लनार' (आपका अच्छा गांव) योजना से भी प्रभावित हुए, जिसका उद्देश्य दूरदराज के गांवों में विकास कार्यों को सुविधाजनक बनाना है।

**सक्रियता** जेपीसी अध्यक्ष जगदम्बिका पाल बोले– वक्फ विधेयक असंवैधानिक साबित हुआ तो इस्तीफा दूंगा

# यूपी में वक्फ सम्पत्तियों के अवैध इस्तेमाल की रपट आनी शुरू

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** वक्फ विधेयक के असंवैधानिक होने के सवाल पर भाजपा नेता और जाइंट पार्लियामेंट कमेटी के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने कहा है कि- अगर समिति की रिपोर्ट कानूनी रूप से गलत पाई जाती है तो मैं अपने पद से इस्तीफा दे दूंगा।

उन्होंने विपक्ष के धार्मिक भेदभाव फैलाने के दावों और वक्फ संपत्तियों और बोर्ड की सदस्यता के बारे में चिंताओं को नकारते हुए कहा कि 'वक्फ बोर्ड कोई धार्मिक निकाय नहीं है, बल्कि एक कार्यकारी निकाय है, एक वैधानिक निकाय है जो सिर्फ संपत्तियों की देखभाल करता है।'

इस बीच यूपी के जिलों से







जिलाधिकारियों ने धीरे-धीरे वक्फ संपत्तियों की जानकारी शासन को भेजनी शुरू कर दी है। शासन को अब तक मिली जिलों की रिपोर्ट के मुताबिक धार्मिक, शैक्षिक कामों और कब्रिस्तान के लिए दी गई 761 से अधिक संपत्तियों पर घर और दुकानें बना दी गई हैं। शासन ने जिलाधिकारियों से वक्फ संपत्तियों के बारे में पूरी रिपोर्ट मांगी है। इसमें पूछा गया है कि वक्फ की संपत्तियों का आवंटन के बाद मनमाना इस्तेमाल किया जा रहा है।

जिलाधिकारियों से अपने-अपने जिलों में स्थित वक्फ संपत्तियों की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए थे। इसके बाद प्रदेश भर में वक्फ संपत्तियों की रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी। शासन को करीब 2528 वक्फ संपत्तियों की रिपोर्ट मिली है। इनमें 761 संपत्तियां ऐसी हैं जिनका उपयोग किन्हीं और कार्यों में किया जा रहा है। 25 संपत्तियों को वक्फ संपत्तियां घोषित करने के मामला अदालत में चल रहा है। चंदौली की 15 और मुजफ्फरनगर की चार, बाराबंकी, हमीरपुर, झांसी, कासगंज, लखीमपुर खीरी व सिद्धार्थनगर की एक-एक संपत्तियां हैं।

अंबेडकरनगर में 15 संपत्तियों का सही और 15 का उपयोग दूसरे कार्यों में हो रहा है। अमेठी में छह का उपयोग सही और छह का उपयोग दूसरे, इटावा में 11 का सही और 11 का गलत, गौतमबुद्ध नगर में एक-एक, हमीरपुर में चार का सही और एक का गलत उपयोग हो रहा है। अमरोहा में पांच का सही एक का गलत उपयोग हो रहा है। बागपत में 44 का सही चार का गलत, बाराबंकी में 21 में से तीन संपत्तियों का उपयोग दूसरे कार्यों में किया जा रहा है। इसी प्रकार झांसी में 20 में से एक संपत्ति का उपयोग दूसरे कार्य में किया जा रहा है। मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, आगरा, बस्ती, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत में भी गड़बड़ियां मिली हैं।

# मुख्यमंत्री ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।



उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नज़र रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए।मुख्यमंत्री जी ने निर्देशित किया कि अधिकारीगण सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें, ताकि इस सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए। प्रदेश में कई जनपदों से आंधी-बारिश, ओलावृष्टि की सूचना प्राप्त हुई है। किंतु चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। प्रत्येक प्रदेश वासी की सुरक्षा आपकी सरकार की प्राथमिकता है। आंधी-बारिश, ओलावृष्टि, वज्रपात से प्रभावित जनपदों के अधिकारियों को क्षेत्र का सर्वे कर पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करने तथा घायलों का समुचित उपचार कराए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है। साथ ही, अधिकारियों को वर्तमान में गतिमान गेहूं की सरकारी खरीद के दृष्टिगत मंडियों सहित सभी खरीद केंद्रों पर गेहूं के सुरक्षित भंडारण का पूरा ध्यान रखने एवं फसलों के नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं ताकि इस संबंध में अग्रेतर कार्यवाही हो सके।अधिकारियों को जल निकासी की व्यवस्था प्राथमिकता पर करने के निर्देश भी दिए हैं।

# पावर कार्पोरेशन प्रबंधन के रवैये को लेकर समिति ने चलायी ज्ञापन मुहिम

## ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति रद्द करने की अनुशंसा के बावजूद पावर कार्पोरेशन प्रबंधन पर फाइल दबाए रखने का आरोप







**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने आज बिजली के निजीकरण के विरोध में ज्ञापन दो अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे , पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर और कई विधायकों को ज्ञापन दिया। संघर्ष समिति ने पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष पर आरोप लगाया है कि वह ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति रद्द करने की अनुशंसा की फाइल को दबाए हुए हैं और कोई निर्णय नहीं ले रहे हैं। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु अवैध ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसलटेंट मेसर्स ग्रांट थॉर्टन द्वारा स्वीकार कर लिए जाने के बाद कि उस पर अमेरिका में 40000 डॉलर की पेनल्टी लगी है, इंजीनियर आफ द कांट्रैक्ट ने अनुशंसा की है कि ग्रांट थॉर्टन को ब्लैक लिस्ट किया जाय और ग्रांट थॉर्टन की ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट के रूप में की गई नियुक्ति का आदेश रद्द किया जाए। 4 दिन पूर्व की गई अनुशंसा की फाइल को पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष दबाए हुए हैं और कोई निर्णय नहीं ले रहे हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि प्रारंभ से ही पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की निजीकरण की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की बू आ रही है। ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने हेतु पहले कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट के प्राविधान को हटाया गया। अब नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसलटेंट का झूठ और फर्जीवाडा सामने आने के बाद उसकी नियुक्ति रद्द करने की अनुशंसा की फाइल पर निर्णय न लेना बहुत गम्भीर मामला है। संघर्ष समिति ने आश्चर्य व्यक्त किया कि पॉवर कॉरपोरेशन के शीर्ष अधिकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति की खुले आम धज्जियां उड़ा रहे हैं। संघर्ष समिति के आह्वान पर आज प्रदेश भर में निजीकरण के विरोध में विरोध सभाओं और प्रदर्शन का दौर जारी रहा।

> ● ज्ञापन दो अभियान के अंतर्गत उपमुख्यमंत्री, नेता विपक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री और विधायकों को ज्ञापन दिया गया

राजधानी लखनऊ में आज प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर और विधायक जय देवी को ज्ञापन दिया गया। सिद्धार्थनगर में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे को और गोंडा में राज्य मंत्री संजीव कुमार को ज्ञापन दिया गया। प्रदेश के अन्य जनपदों में कई विधायकों को ज्ञापन दिए गए।



सीएम योगी से मिले केंद्रीय राज्य मंत्री और पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद।

# देश के तीन मेट्रो सिटी में स्थापित करेगी इन्वेस्ट यूपी का ऑफिस

**लखनऊ।** योगी सरकार उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। ऐसे में योगी सरकार प्रदेश में देश-विदेश के निवेशकों को आकर्षित करने के लिए लगातार बड़े कदम उठा रही है। यही वजह है कि योगी सरकार निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए अब एक नई रणनीति पर विचार कर रही है। इसके तहत योगी सरकार देश के तीन मेट्रो सिटीज क्रमशः नई दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में इन्वेस्ट यूपी के ऑफिस की स्थापना पर मंथन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य निवेशकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना, उनके प्रश्नों का समाधान करना और प्रदेश की निवेश नीति तथा उपलब्धियों को प्रस्तुत करना है।

योगी सरकार देश के इन तीन शहरों में इन्वेस्ट यूपी का ऑफिस स्थापित कर एक ऐसा नेटवर्क बनाना चाहती है, जिससे प्रदेश को निवेशकों के लिए और भी अधिक सुलभ तथा आकर्षक बनाया जा सके। इससे न केवल निवेश बढ़ेगा, बल्कि लाखों रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच का ही नतीजा है कि उत्तर प्रदेश न केवल एक सशक्त आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, बल्कि 'विकसित भारत 2047' की दिशा में भी एक सशक्त भूमिका निभा रहा है।

# विकास की रोशनी से रौशन हो रहा श्रीराम का प्रिय चित्रकूट

## चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस वे, राम वनगमन मार्ग, सतना ग्रीनफील्ड हाइवे से और बेहतर हो जाएगी कनेक्टिविटी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** कभी दस्यु गिरोहों के लिए बदनाम रहा चित्रकूट अब विकास की रोशनी से रौशन हो रहा है। यह वही चित्रकूट है जहां कभी ददुआ, ठोकिया, राधे, बबली कोल, गौरी यादव, साधना पटेल और गोप्पा जैसे दस्यु गिरोहों का समानांतर शासन चलता था। लोगों में हरदम इन दस्युओं को लेकर दहशत का माहौल था। यहां तक कि ये राजनीति को प्रभावित करने की स्थित में थे। लेकिन सीएम योगी के शासन काल में अब यह सब बीते दिनों की बात हो गई है।वनवास के दौरान भगवान श्री राम ने पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण सहित जिस चित्रकूट में सर्वाधिक समय बिताया था। जो चित्रकूट उनको अयोध्या से भी अच्छा लगने लगा था (अवध सहस सम बनु प्रिय लागा)। उन्होंने यहीं कोल, किरात आदि को खुद से जोड़कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इसी चित्रकूट में भरत के साथ हुआ उनका मिलन भाई-भाई के प्रेम की मिसाल बन गया। उसी चित्रकूट में वह ऋषियों और मुनियों के संपर्क में आए। कुल मिलाकर राम,लक्ष्मण और सीता के लिए चित्रकूट प्रवास का अहसास जंगल में मंगल जैसा रहा। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निजी रुचि और प्रयासों के नाते चित्रकूट एक बार फिर वैसा ही अहसास करा रहा है। त्रेता युग में चित्रकूट की ख्याति क्या थी इसका वर्णन करते हुए तुलसीदास ने रामचरित मानस में लिखा है कि जब वनवास के दौरान वह बाल्मीकि ऋषि से मिलने उनके आश्रम गए थे चलते उनको ऋषिवर ने चित्रकूट में कुछ समय गुजारने के साथ उसकी महिमा का वर्णन कुछ ऐसे किया था, चित्रकूट गिरि करहु निवासू। तहँ तुम्हार सब भाँति सुपासू। सैलु सुहावन कानन चारू। करि केहरि मृग बिहग बिहारू। नदी पुनीत पुरान बखानी। अत्रिप्रिया निज तपबल आनी। सुरसरि धार नाउँ मंदाकिनि। जो सब पातक पोतक डाकिनि।।अत्रि आदि मुनिबर बहु बसहीं। करहिं जोग जप तप तन कसहीं अब उसी चित्रकूट को योगी सरकार उसी ख्यातिके अनुसार सजा और संवार रही है जिसका वर्णन करते हुए तुलसीदास ने कहा है,चित्रकूट महिमा अमित कही महामुनि गाइ।

चित्रकूट के समग्र विकास के लिए चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद का गठन हो चुका है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से सड़क कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। यहां की पहाड़ियों पर एक खूबसूरत एयरपोर्ट भी खुल चुका है। यह सात जिलों वाले बुंदेलखंड का पहला एयरपोर्ट है। कनेक्टिविटी बढ़ने और पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाएं बढ़ने से हाल में यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। प्रयागराज महाकुंभ के दौरान उलट प्रवाह के कारण यहां ढेर सारे पर्यटक आए। आने वाले दिनों में चित्रकूट आने वाले पर्यटकों की संख्या और बढ़ेगी। इसके मद्देनजर योगी सरकार पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाएं लगातार बेहतर कर रही है। 8 अप्रैल को हुई कैबिनेट की बैठक में भी इसके किए सरकार ने 50 करोड़ रुपए मंजूर किए। इस पैसे से राम वनगमन के पड़ाव स्थल पर पर्यटक सुविधा केंद्र की सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा। इसमें करीब 12 करोड़ रुपए की लागत आएगी। एयरपोर्ट के पास देवांगना में 17.56 करोड़ रुपए की लागत से पर्यटक सुविधा केंद्र बनेगा। इसी क्रम में कामदगिरि परिक्रमा मार्ग के विकास में 20.45 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इन सभी कार्यों के लिए पहली किस्त के रूप में क्रमशः 50, 70 और 75 लाख रुपए जारी भी किए जा चुके हैं। राम के वनवास से जुड़े स्थलों, मंदाकिनी जिसका हमारे धर्मग्रंथों में खासा महत्व है। उसके घाटों खासकर रामघाट, तुलसी दास की जन्म स्थली राजापुर ,महर्षि बाल्मीकि का आश्रम लालपुर आदि का सुंदरीकरण शामिल हैं। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस वे , बुंदेलखंड को चित्रकूट को बाया प्रयागराज रीवा मार्ग से जोड़ने के लिए एक्सप्रेस वे से जोड़कर चित्रकूट की कनेक्टिविटी को और बेहतर किया जा रहा है। सतना से चित्रकूट को जोड़ने के लिए भी चार लेन के ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे की घोषणा केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कर चुके हैं। भारत माला परियोजना के तहत इस पर काम भी हो रहा। इससे मध्यप्रदेश और इससे आगे मुंबई तक चित्रकूट की कनेक्टिविटी और बेहतर हो जाएगी। इसके अलावा फरवरी में लखनऊ में आए नितिन गडकरी ने बताया कि अयोध्या से चित्रकूट तक बनने वाले राम वन गमन मार्ग पर केंद्र सरकार 11000 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। अगले साल तक (2026) तक इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इससे अयोध्या और चित्रकूट की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। साथ ही वनगमन के दौरान जिन जगहों पर श्रीराम ने कुछ समय गुजारे थे उनका आकर्षण पर्यटकों के लिए और बढ़ जाएगा। खासकर श्रृंगवेरपुर जहां राम और निषाद राज का मिलन और संवाद हुआ था और निषाद राज ने उन्हें गंगा पार कराया था। इसके बढ़ते महत्व के मद्देनजर श्रृंगवेरपुर में सरकार विकास के कई काम करा चुकी है। साथ ही सामाजिक समरसता के प्रति के रूप में श्रीराम और निषादराज के मिलन को दर्शाती एक विशाल प्रतिमा भी लग चुकी है।



# बेहतर कनेक्टिविटी ने ट्रांसपोर्टेशन एवं लॉजिस्टिक सेवाओं को सस्ता व सुलभ बनाया : नन्दी

## डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति स्मृति मंदिर में डॉ. हेडगेवार जी एवं गोलवलकर को अर्पित की श्रद्धांजलि

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नागपुर/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट एवं औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर में दो दिवसीय प्रवास के दौरान शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से उनके आवास पर प्रयागराज की पूर्व महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ जाकर मुलाकात किया। वहीं विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मंत्री नन्दी ने नागपुर में डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति में स्थित स्मृति मंदिर में दर्शन कर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के आद्य सरसंघचालक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार एवं माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। नागपुर में प्रवास के दौरान मंत्री नन्दी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करप्रयागराज के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक माहात्म्य के साथ ही महाकुम्भ-2025 की व्यापक उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की। मंत्री नन्दी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में प्रयागराज में लगभग 100 करोड़ की लागत से स्वीकृत 2.2 किलोमीटर लम्बी



रोपवे परियोजना के लिए प्रयागराजवासियों की ओर से आभार प्रकट किया। कहा कि यह परियोजना प्रयागराज के धार्मिक पर्यटन के प्रोत्साहन की दृष्टि से मील का पत्थर सिद्ध होगी।मंत्री नन्दी ने कहा कि रोड कनेक्टविटी के क्षेत्र में आज उत्तर प्रदेश पूरे देश में अव्वल है। यूपीडा एवं एनएचआई द्वारा संचालित एक्सप्रेसवेज-हाइवेज की श्रृंखला विश्वस्तरीय सुविधाओं से परिपूर्ण है। बेहतर कनेक्टिविटी ने ट्रांसपोर्टेशन एवं लॉजिस्टिक सेवाओं को सस्ता व सुलभ बनाया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कनेक्टिविटी को और भी बेहतर व विस्तृत बनाने हेतु भविष्य में भी हर प्रकार के सहयोग व प्रोत्साहन का आश्वासन दिया।केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के बाद मंत्री नन्दी डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति स्थल पहुंचे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के गौरवशाली शताब्दी वर्ष शताब्दी वर्ष के शुभ अवसर पर मंत्री नन्दी ने महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर में डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति में स्थित स्मृति मंदिर में दर्शन कर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार एवं परम माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।

# पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए योगी सरकार ने खोला खजाना

**लखनऊ।** योगी सरकार ने 2024-25 में पिछड़े वर्ग के उत्थान और कल्याण के लिए अपना खजाना खोल दिया है। प्रदेश सरकार ने विभिन्न योजनाओं के तहत पिछड़े वर्ग के लाखों लोगों को राहत देने और उन्हें आगे बढ़ाने के उद्देश्य से ढाई हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार पिछड़े वर्ग के समग्र विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। उनकी शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण, सामाजिक सहयोग और आवासीय सुविधाओं के साथ ही आधारभूत सुविधाओं पर ध्यान देकर सरकार सामाजिक समरसता और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 2024-25 में सरकार ने पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना पर 168.75 करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जिससे 7.94 लाख से अधिक छात्रों को लाभ मिला है। इसके तहत, कक्षा एक से कक्षा 10 तक के पिछड़े वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। वहीं, दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 1981.45 करोड़ रुपए व्यय किए गए, जिससे 21.31 लाख छात्रों को शैक्षिक सहायता मिली।

# 6 कताई मिलों के पुन : उपयोग को मंजूरी

## यूपीसीडा की 48वीं बोर्ड बैठक में 2025-26 का 6190 करोड़ का बजट पारित

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से यूपीसीडा (उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण) की 48वीं बोर्ड बैठक शुक्रवार को लोक भवन, लखनऊ में संपन्न हुई।

बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए 6190 करोड़ के बजट को मंजूरी दी गई, औद्योगिक क्षेत्रों को उनकी विकास गति के आधार पर पुनर्गठित किया गया, एक्स-लीडा के मास्टर प्लान 2041 को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया गया और कताई मिलों के आवंटन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की स्वीकृति दी गई।इस बैठक की अध्यक्षता राज्य के मुख्य सचिव एवं यूपीसीडा के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने की, जिसमें मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में राज्य के औद्योगिक विकास को नई दिशा देने हेतु कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई। सबसे प्रमुख निर्णय 2025-26 के बजट को लेकर लिया गया, जिसमें 6190.00 करोड़ स्वीकृत किया गया। यह बजट राज्य के औद्योगिक ढांचे को सुदृढ़ करने और नई परियोजनाओं को शुरू करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसके अतिरिक्त एक्स-लीडा के मास्टर प्लान में जन – आपत्तियों का



निवारण एवं सुझाव का समायोजन करते हुए 2041 की महायोजना पर विचारोपरांत शासन में भेजने हेतु निर्देशित किया गया। 06 कताई मिलों जो शासन द्वारा प्राधिकरण को उपलब्ध कराई गई थी उसके आवंटन हेतु एवं दर निर्धारण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। औद्योगिक क्षेत्र उतेलवा जनपद अमेठी, ए.टी.एल. प्रतापगढ़, कताई मील बांदा, कताई मील मेजा, कताई मील मलवा फतेहपुर आदि के तलपट मानचित्रों का अनुमोदन प्रदान किया गया। यह भी निर्देश दिए गये कि शीघ ही आवंटन हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जाए एवं आवंटन की कार्यवाही प्रारम्भ की जाए। मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने कहा कि, यूपीसीडा राज्य में निवेश को बढ़ावा देने और बेहतर औद्योगिक माहौल तैयार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस बजट से राज्य के अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्रों में नए प्रोजेक्ट्स को शुरू करने में मदद मिलेगी। साथ ही इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने यह भी कहा कि ललितपुर में बनने वाला फार्मा पार्क और एक्स-लीडा जैसे क्षेत्रीय विकास प्रोजेक्ट्स न सिर्फ औद्योगिक आधारभूत ढांचे को मजबूत करेंगे, बल्कि उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए देश का सबसे पसंदीदा राज्य बनाने की दिशा में बड़ा कदम साबित होंगे।

# 10 जिलों में नये आश्रय केंद्र की जल्द होगी शुरुआत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तीकरण और पुनर्वास को लेकर शक्ति सदन के संचालन की योजना अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। 'मिशन शक्ति' योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा 10 जनपदों में "शक्ति सदन" की स्थापना की जा रही है, जो संकटग्रस्त, घरेलू हिंसा से पीड़ित, आपदा प्रभावित और अन्य असहाय महिलाओं के लिए एक बड़ी राहत साबित होंगे। इन केंद्रों का योगी सरकार जल्द शुरुआत करने जा रही है। इसके संचालन की दिशा में आगे बढ़ते हुए योगी सरकार द्वारा 127.72 लाख रुपये की धनराशि भी स्वीकृत की जा चुकी है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश अब महिलाओं के लिए न केवल सुरक्षित हो रहा है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की ठोस बुनियाद भी रखी जा रही है। यह योजना केन्द्र व राज्य सरकार के सहयोग से 60:40 के अनुपात में चलाई जा रही है। यह योजना भारत सरकार मिशन शक्ति की उप योजना सामर्थ्य के तहत संचालित की जाएगी। इसके अंतर्गत अलीगढ़, आजमगढ़, कानपुर नगर, चित्रकूट, झांसी, बस्ती, गोंडा, मिर्जापुर, वाराणसी और सहारनपुर जनपदों में प्रत्येक में 50 महिलाओं की क्षमता वाले एक-एक नवीन शक्ति सदन स्थापित किए जाएंगे। इन शक्ति सदनों का उद्देश्य सिर्फ एक सुरक्षित आश्रय स्थल प्रदान करना नहीं, बल्कि महिलाओं को समुचित संसाधनों और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस मार्गदर्शन देना है। इन सदनों में निवास कर रहीं महिलाओं को निःशुल्क आवासीय सुविधा, पोषणयुक्त भोजन, वस्त्र, बिस्तर और व्यक्तिगत उपयोग की अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस योजना की खास बात यह है कि यहां संवासिनियों को न केवल मानसिक, शारीरिक और कानूनी सहायता मिलेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु योग्यता अनुसार व्यावसायिक और कौशल प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

# मिर्जापुर के शिखड़ ब्लॉक में कृषि मंत्री ने देखी खेती और जाना किसानों का हाल

**लखनऊ/मिर्जापुर।** शुक्रवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा मिर्जापुर के शिखड़ ब्लॉक के रामगढ़ कला के किसानों के साथ वार्ता की गई। साथ ही मक्का, पपीता, मूंगफली, पत्तागोभी, केला, लोबिया, रामदाना इत्यादि फसलों का निरीक्षण किया गया। जनपद मिर्जापुर में जायद सत्र में 288 हेक्टेयर मक्का फसल के आच्छादन का लक्ष्य निर्धारित है। त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के तहत मक्का की फसल को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायत, विकासखंड तथा जनपद स्तर पर गोष्ठी एवं मेले का आयोजन कर अधिक से अधिक मक्के की फसल लगाने हेतु प्रचार प्रसार अभियान चलाया गया है। साथ ही साथ किसानों का अन्यत्र जनपद में भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम कराए गए हैं। जनपद मिर्जापुर में मक्का आच्छादन लक्ष्य 288 हेक्टेयर के सापेक्ष 517 हेक्टेयर का आच्छादन हुआ है। जो कि लक्ष्य से काफी अधिक है। जनपद में जायद सत्र में संकर मक्का का 180 एकड़ क्लस्टर प्रदर्शन कराया गया है। साथ ही साथ सामान्य बीज वितरण के अंतर्गत 42 कुंतल शंकर मक्का का वितरण भी कृषि विभाग द्वारा किया गया है। प्रदर्शन बीज पर 2400 रुपये प्रति एकड़ अनुदान डीबीटी के माध्यम से दिया गया है। सामान्य बीज वितरण के अंतर्गत बीज मूल्य का 50% अथवा 150 प्रति किलो अनुदान देय है। मंत्री द्वारा बताया गया कि प्रदर्शन हेतु वितरित देसी मक्का, संकर मक्का एवं पॉपकॉर्न पर प्रति एकड़ पर 2400 अनुदान देय है।



> 800 लोगों की क्षमता वाला नया परिसर बैंक, क्रेच, लाइब्रेरी, जिम, ईवी चार्जिंग वाली पार्किंग तथा सौर ऊर्जा चालित संयंत्र जैसी सुविधाओं से होगा युक्त

# जल्द ही यीडा को मिलेगा नया ऑफिस

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार अब जल्द ही यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के लिए नए सेंट्रल ऑफिस परिसर के निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। यीडा का नया ऑफिस गौतमबुद्ध नगर के सेक्टर-18 में स्थित होगा तथा कुल 27,800 स्क्वेयर मीटर क्षेत्र में फैला होगा। यह नया परिसर 800 लोगों की क्षमता युक्त होगा तथा यमुना एक्सप्रेसवे से इसकी दूरी मात्र 110 मीटर होगी। इस परिसर को वर्क फ्रेंडली डिजायन के आधार पर बनाया जाएगा।



उल्लेखनीय है कि परिसर में बैंक, क्रेच, लाइब्रेरी, जिम, ईवी चार्जिंग स्टेशन डेसिगनेटेड पार्किंग स्थल तथा सौर ऊर्जा चालित संयंत्र जैसी सुविधाओं से युक्त किया जाएगा। इस विषय में यीडा द्वारा कॉन्सेप्ट प्लान तैयार किया गया है। योजना के अनुसार, परिसर को GRIHA 5 स्टार रेटिंग सर्टिफिकेशन युक्त किया जाएगा और उत्तम कनेक्टिविटी युक्त होगा। यहां हाई स्पीड एलिवेटर्स, 24 घंटे सीसीटीवी सर्विलांस व खूबसूरत लैंडस्केप प्लाजा जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। यीडा की कॉन्सेप्ट प्लान के अनुसार, नए परिसर में भव्य एंट्री लॉबी का निर्माण होगा जो आगंतुकों के बीच आकर्षण का केंद्र होगा। यह खूबसूरत लैंडस्केप प्लाजा में बनाया जाएगा तथा फ्यूचर रेडी इंफ्रास्ट्रक्चर से युक्त होगा। परिसर में आकर्षक हरित क्षेत्र का निर्माण व विकास भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, परिसर में स्टाफ पार्किंग, वीआईपी पार्किंग समेत विभिन्न प्रकार की पार्किंग्स का निर्माण किया जाएगा जो कि आगंतुकों को वाहन पार्किंग की समस्या से निजात दिलाएंगे। कम्यूनिटी एंगेजमेंट और सोशल इंटरैक्शन के लिए परिसर में ओपन स्पेसेस को आकर्षक बनाने के लिए विशिष्ट आर्किटेक्चर पर काम किया जाएगा। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए परिसर को सस्टेनेबिलिटी और कम ऊर्जा खपत परिसर के तौर पर विकसित किया जाएगा जहां स्मार्ट लाइटिंग व प्राकृतिक प्रकाश की उत्तम व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाएगा। यीडा द्वारा तैयार किए गए खाके के अनुसार परिसर का कुल प्रसार 27,800 स्क्वेयर मीटर में होगा, जबकि ऑफिस का कुल बिल्ड अप एरिया 45,528.18 स्क्वेयर मीटर होगा। परिसर में मुख्यतः कई प्रकार की अनावासीय सुविधाओं का निर्माण व विकास किया जाएगा, जिसके लिए कॉन्सेप्ट प्लान के जरिए एक शुरुआती खाका तैयार कर लिया गया है। इसके अनुसार, सर्विस रोड, प्रवेश व निकास द्वार, बाउंड्री वॉल समेत विभिन्न प्रकार की अवसंरचनाओं के निर्माण व विकास का अनुमानित प्रस्ताव बना लिया गया है। योजना के अनुसार, गौतमबुद्ध नगर के सेक्टर-18 स्थित प्लॉट नंबर एफ-4 पर प्रस्तावित परिसर का निर्माण किये जाने की तैयारी है। नया परिसर यमुना एक्सप्रेसवे से समीप होगा और मात्र 110 मीटर की दूरी पर स्थित होगा।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेश सोनकर पुत्र वासुदेव निवासी अंगूरी बाग कॉलोनी जिला अयोध्या अपने पुत्र आयुष सोनकर जिसकी जन्म तिथि 10/07/ 2015 है का नाम बदलकर आरुष सोनकर कर रहा हूं। भविष्य में मेरे पुत्र को आरुष सोनकर नाम से जाना जाए तथा मैं अपने पुत्र के समस्त शैक्षणिक व सरकारी अभिलेखों में आयुष सोनकर से बदलकर आरुष सोनकर कर रहा हूं।

-राजेश सोनकर पुत्र वासुदेव

## एक नजर

### आधार कार्ड को लेकर लोग परेशान

**अयोध्या।** आधार कार्ड बनवाने और उसमें संशोधन कराने को लेकर शहर और ग्रामीण दोनों जगह लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह होते ही बैंकों और डाकघरों के बाहर लंबी लाइनें लग जाती हैं। मुख्य डाकघर में तो हालात यह हैं कि सुबह से ही लोग लाइन में लगने लगते हैं और पूरे दिन भीड़ बढ़ती ही जाती है।ग्रामीण क्षेत्रों में आधार कार्ड सेंटर की कमी के चलते लोग मजबूरी में शहर का रुख कर रहे हैं, लेकिन यहां भी राहत नहीं मिल रही। कुछ लोग दो-दो दिन से डाकघर के चक्कर लगा रहे हैं तो कई लोग अपने जरूरी काम छोड़कर लाइन में लगने को मजबूर हैं। मुख्य डाकघर में भले ही ज्यादा संख्या में आधार कार्ड बनाए जा रहे हों, लेकिन वहां की भीड़ यह दर्शा रही है कि हालात कितने खराब हैं। वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश गुप्ता ने जिला प्रशासन से अपील की है कि हर तहसील स्तर पर अधिक से अधिक आधार कार्ड सेंटर खोले जाएं ताकि लोगों को सहूलियत मिल सके और घंटों लाइन में न लगना पड़े। उन्होंने बताया कि जिन सेंटरों पर आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं, वहां भी रोजाना 30 से 35 लोगों का ही काम हो पाता है। ऐसे में लोगों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है।

### चिकन पाक्स के प्रकोप से एक मौत

**अयोध्या।** बीकापुर विकासखंड क्षेत्र के असकरनपुर में चिकन पाक्स के प्रकोप से गांव निवासी कथा व्यास भाजपा के बूथ अध्यक्ष पंडित दीनानाथ तिवारी 62 वर्ष का निधन हो गया। सूचना मिलने पर सीएमओ के निर्देश पर विभाग व डब्ल्यूएचओ की टीम गांव गई है। सीएमओ डा. सुशील कुमार ने बताया कि जांच टीम लौटकर जो रिपोर्ट देगी, उसी के आधार पर रोकथाम व उपचार की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने चेचक से मौत होने की बात से इनकार किया है। फिलहाल जानकारी मिली है कि कभी गांव में और लोग भी बीमार हैं।

### बाबा साहब ने शिक्षित और संगठित रहने का दिया संदेश

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेहदौना बूढ़नपुर में शुक्रवार को अंबेडकर जयंती पखवाड़ा मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे बसपा प्रत्याशी रहे रामगोपाल कोरी ने कहा कि बाबा साहब ने हमें शिक्षित रहने,संगठित रहने और संघर्ष करने का संदेश दिया है, आज देश की बदली हुई परिस्थितियों में हमें अपने अधिकारों और संविधान की रक्षा के लिए संगठित होना पड़ेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी लाल चन्द्र चौरसिया ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान में सभी को बराबरी का अधिकार देते हुए देश के नागरिकों के अधिकारों को सुरक्षित किया है। इसके अलावा कार्यक्रम को शिक्षिका सरिता भारती, अकबर खान, राहुल गौतम, अरुण कुमार, विकास कुमार छोटू, बृजेश यादव समेत कई अन्य लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में लोक गायिका महिमा राज और बिरहा गायक माधव मुरारी ने भी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के संयोजक सहज राम गौतम ने समारोह की अध्यक्षता किया तथा संचालन डॉ अमरनाथ शर्मा ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कुलदीप भारती, अमित कुमार, गुड्डू गौतम, विकास कुमार, जगतपाल, बाबूराम कोरी, बैजनाथ गौतम, हरिश्चंद्र कोरी, पूजा गौतम, दीनानाथ गौतम, ममता कोरी, सुभाषिनी बौद्ध, शोभावती गौतम, हंसराज गौतम, आदित्य गौतम, दीपक गौतम, राजेश गौतम समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### संचारी रोगों को लेकर जिलाधिकारी ने ली बैठक

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चल रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण/ दस्तक अभियान (1 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक )की जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने सभी विभागो से उनके द्वारा संचारी रोग नियंत्रण के संबंध में की गयी कार्यवाही के संबंध में समीक्षा की एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश जारी किये। डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया तथा अन्य संचारी रोगों यथा- कुष्ठ, डायरिया तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित इलाज सर्वोच्य प्राथमिकताओं के साथ करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी विभाग इस अभियान के सफल संचालन हेतु अपनी भूमिका पूर्ण मनोयोग से निभाएं तथा सभी विभागों को निर्देश दिये कि वह संचारी रोग नियंत्रण अभियान का सफल आयोजन करें। दस्तक अभियान तथा संचारी अभियान में आशा व आंगनवाड़ी कार्यकत्री की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में अधिशाषी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र में डीपीआरओ को निर्देश दिया गया कि एंटीलार्वा, साफ-सफाई, फॉगिंग कराया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि विद्यालय के आसपास यदि गंदगी मिलती है तो तत्काल साफ सफाई कराए। उन्होंने सफाई कार्य के दौरान की जियो टैग फोटो भी भेजने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी,समस्त केन्द्र अधिक्षक / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एस0एम0ओ0 डब्लू0एच0ओ0 डी0एम0सी0 यूनिसेफ, समस्त खण्ड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार के कहर से दो की मौत, समय से इलाज न मिलने से हुई मौत

**अंबेडकरनगर।** जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर चौराहे पर दो बाइकों की आमने-सामने भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे ने न केवल तेज रफ्तार की खतरनाक प्रवृत्ति को उजागर किया, बल्कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नगपुर की लापरवाही पर भी सवाल खड़े किए। मृतकों के परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें समय पर चिकित्सा सुविधा न मिलने और डॉक्टरों की अनुपस्थिति शामिल है। हादसे का विवरण प्राप्त जानकारी के अनुसार, विमला पाटनी (उम्र 40 वर्ष), निवासी शाहपुर फिरोजपुर, एक अन्य व्यक्ति के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रही थीं। दूसरी ओर, रमाशंकर (उम्र 55 वर्ष), निवासी नगपुर खास, अपने पड़ोसी भतीजे विकास (उम्र 30 वर्ष) के साथ अकबरपुर से इलाज करवाकर जलालपुर की ओर लौट रहे थे। शाहपुर फिरोजपुर बाजार में दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि रमाशंकर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विमला गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल विमला को एंबुलेंस के माध्यम से नगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां कथित तौर पर आपातकालीन ड्यूटी पर कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। समय पर इलाज न मिलने के कारण विमला की भी मौत हो गई। अन्य घायल विकास और एक अन्य व्यक्ति का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। जबकि जब ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों के बोर्ड को देखा गया तो वहां पर इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वेद का नाम अंकित था परंतु बोर्ड के आधार पर अंकित नाम के आधार पर परिजन डॉक्टर की खोज कर रहे थे परंतु बाद में जानकारी हुई की बोर्ड पर नाम किसी और का अंकित है और ड्यूटी पर डॉक्टर दानिश है। इस प्रकार की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर जलालपुर के कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक है।

### असलहे के बल पर जन सेवा केंद्र संचालक से लूट के आरोपी और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़

**अम्बेडकरनगर।** सप्ताह भर पहले भीटी कोतवाली के सेनपुर में जन सेवा केंद्र बैंक संचालक से हुई लूट के मामले में लुटेरों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में लुटेरों को दबोच लिया गया। पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने वाले लुटेरों से हुई मुठभेड़ में जहां लुटेरा को पैर में गोली लगी वही सिपाही भी घायल हो गया। लुट में शामिल कुल चार लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस पार्टी पर लूट में शामिल अभियुक्तों द्वारा फायर झोंक दिया गया जिसमें कांस्टेबल राम नरेश भरद्वाज के हाथ में गोली लगी। जवाबी कार्यवाही में कमल किशोर जनपद कानपुर जो लूट के दौरान सीसीटीवी कैमरे में कैद है के पैर में गोली लगी। इसके साथ पुलिस ने घटना में शामिल तीन अन्य अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया है जिसमें आलोक सोनी,आकाश सोनी,शिवम सोनी निवासीगण जनपद अयोध्या के नाम शामिल हैं।

### सांसों को चलने ना दिया...

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** 'सांसों को चलने ना दिया और जिस्मों को मरने ना दिया- मौत व हयात में रब्त ये कैसा जैनब व सज्जाद से है।यश भारती पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर डॉ अब्बास रज़ा नय्यर ने यह शेर पढ़ा तो मजमा में हुसैन जिंदा बाद के स्वर गूंज उठे।मौका था जश्न शरीकतुल हुसैन बनाम सय्यद -ए-सज्जाद के अवसर पर आयोजित तरही महफ़िल का। ग्राम पंचायत नगपुर स्थित मतलूबपुर छोटी दरगाह में अंजुमन सज्जादिया की ओर से आयोजित तरही महफ़िल की अध्यक्षता मीर नज़ीर बाकरी व संचालन जाहिद कानपूरी ने किया। कार्यक्रम के संयोजक मौलाना जफरूल हसन ने कहा कि कर्बला के वाकये के बाद हज़रत इमाम जैनुल आबेदीन अलैहिस्सलाम ने इंसानियत की शमा को जलाए रखा। महफ़िल में शम्स तबरेज,जाहिद जलालपुरी,बेताब हल्लोरी,सुल्तान सरूर लखनऊ,अख्तर सिरसिवी, सुहैल बस्तवी,रजी बिस्वानी,शबरोज कानपूरी, फाजिल जरेलवी,आले रज़ा, डॉ आफताब रज़ा, मौलाना कर्रार हुसैन समेत स्थानीय शायरों ने कसीदा पढ़कर खूब वाहवाही लूटी।

# प्रदेश सरकार ने है ठाना, अयोध्या को धार्मिक के साथ पर्यटन नगरी है बनाना

## शिफ्ट होने के बाद नगर निगम के पुराने कार्यालय में बनेगा अर्बन कल्चरल सेन्टर

विश्ववार्ता संवाददाता



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को न केवल धार्मिक नगरी के रूप में स्थापित करने, बल्कि इसे विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है। इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अयोध्या में नगर निगम मुख्यालय के भवन को अर्बन कल्चरल सेंटर में तब्दील करने की योजना बनाई गई है। इस परियोजना के तहत पर्यटकों को ओपन एयर थिएटर, वेंडर जोन, प्रोजेक्शन लाइट एंड साउंड शो जैसे आकर्षण देखने को मिलेंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण कार्य 1102.27 लाख रुपये की लागत से सीएनडीएस द्वारा कराया जाएगा, जो जल्द ही पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा।

अयोध्या पहले से ही राम मंदिर के कारण वैश्विक आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, अब पर्यटन के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयां छूने को तैयार है। योगी सरकार ने अयोध्या को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का प्रमुख गंतव्य बनाने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। अर्बन कल्चरल सेंटर इस दिशा में एक और मील का पत्थर साबित होगा। इस सेंटर के निर्माण से न केवल स्थानीय संस्कृति और कला को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यटकों को अयोध्या की समृद्ध विरासत को करीब से जानने का अवसर भी प्राप्त होगा।

**दिखेगी अयोध्या की गौरवशाली गाथा**

नगर निगम के पुराने कार्यालय को नए स्वरूप में ढालने की यह योजना अयोध्या के सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास का हिस्सा है। इस सेंटर में ओपन एयर थिएटर के जरिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों और नाटकों का मंचन होगा, जो पर्यटकों को रामायण और अयोध्या की ऐतिहासिक कहानियों से रूबरू कराएगा। इसके अलावा, वेंडर जोन में स्थानीय हस्तशिल्प, खान-पानप और अन्य उत्पादों की बिक्री होगी। प्रोजेक्शन लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से अयोध्या की गौरवशाली गाथा को आधुनिक तकनीक के साथ प्रस्तुत किया जाएगा, जो विशेष रूप से युवा और विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। योगी सरकार ने अयोध्या को पर्यटन नगरी बनाने के लिए पहले ही कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि पर्व व मेलों के समय अयोध्या धाम में भीड़ बढ़ जाती है। पर्यटकों को शहर के दूसरे हिस्से से रूबरू कराने के लिए पर्यटन की दृष्टि से विस्तार किया जा रहा है। नगर निगम का कार्यालय नए भवन में शिफ्ट होते ही भवन को कल्चरल सेन्टर में तब्दील करने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**स्थानीय लोगों के लिए खुलेंगे रोजगार के दरवाजे**

राम मंदिर के निर्माण के साथ-साथ शहर में सड़कों का चौड़ीकरण, घाटों का सौंदर्यीकरण और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण जैसे कार्यप तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। हाल ही में शुरू हुई क्रूज सेवा और जलमार्गपल परियोजनाएं भी पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं। अर्बन कल्चरल सेंटर का निर्माण इन सभी प्रयासों को और मजबूती प्रदान करेगा। यह परियोजना न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। अयोध्या को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की यह पहल योगी सरकार की दूरदर्शिता को दर्शाती है। आने वाले वर्षों में अयोध्या न केवल आस्था, बल्कि संस्कृति और पर्यटन का भी प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगी।

**जानिए, क्या-क्या होंगे आकर्षण**

ओपन एयर थियेटर, पार्किंग, रोड, लैंड स्केपिंग व हार्टिकल्चर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, कांस्य मूर्ति, ड्रिप इरिगेशन, वेंडर जोन, प्रोजेक्शन लाइट व साउंड शो के इंतजाम रहेंगे। सीएनडीएस के परियोजना प्रबंधक देवव्रत पवार ने बताया कि सेन्टर को इस तरह से डिजाइन किया जाएगा कि वह पर्यटकों को खूब रास आएगा।

# आमजन व श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता : डीएम

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे पत्रकारों से की प्रेसवार्ता

विश्ववार्ता संवाददाता




**अयोध्या।** जनपद अयोध्या के नवागत जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट सभागार में पहली बार पत्रकारों से रूबरू होते हुए अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने कल देर शाम औपचारिक रूप से जनपद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व वे चंदौली सहित विभिन्न जनपदों में महत्वपूर्ण प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभा चुके हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि उन्हें अयोध्या जैसी ऐतिहासिक और आध्यात्मिक नगरी की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है, जो उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अयोध्या को एक विश्व स्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत चल रही विभिन्न परियोजनाओं एवं योजनाओं को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन और श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी प्रतिदिन सुबह 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई करेंगे और समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करेंगे।जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना भी उनकी प्राथमिकता में शामिल है। जिले में चल रही परियोजनाओं का वे स्वयं स्थलीय निरीक्षण करेंगे और समय-समय पर बैठक कर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते रहेंगे।

उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपनी शिकायतें संबंधित विभाग के कार्यालयों या विभिन्न सरकारी पोर्टलों पर दर्ज कराएं, जिनका समयबद्ध समाधान किया जाएगा।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अशोक कुमार, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी एवं सूचना विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने की घोषणा, खिलाड़ियों में उत्साह

**अंबेडकरनगर।** आगामी 20 से 24 अप्रैल तक आयोजित होने वाले खेल महासमर का इंतजार खेल प्रेमियों को बेसब्री से है। इस बीच, जिलाधिकारी व आयोजन अध्यक्ष अविनाश सिंह ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए खेल स्थल, खिलाड़ियों के आवास और संपूर्ण परिसर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय खेल गांव के नाम से संबोधित करने का ऐलान किया। यह नामकरण चैंपियनशिप की समाप्ति तक जारी रहेगा। इस कदम का खिलाड़ियों, खेल संघों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया है।

जिलाधिकारी ने खेल आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान अब तक की तैयारियों की समीक्षा की गई और अधिकारियों को हर छोटे-बड़े पहलू पर बारीकी से ध्यान देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा, कार्यक्रम अब नजदीक है, तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। खिलाड़ी हमारे अतिथि हैं, उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए नामित खेल गांव राष्ट्रवाद की भावना से सराबोर होगा। आयोजन स्थल से लेकर खिलाड़ियों के ठहरने के स्थान तक, हर जगह तिरंगा थीम की छटा बिखरेगी। यह अनूठी सजावट खेल गांव को और आकर्षक बनाएगी, जो खिलाड़ियों और दर्शकों में जोश और उत्साह का संचार करेगी।

# शराब पार्टी करते पकड़े गए तीन अतिथि प्रवक्ताओं की सेवाएं समाप्त

● जांच में दोषी पाए जाने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने की कार्रवाई

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में शिक्षण काल के दौरान कार्यालय कक्ष में शराब पार्टी करते पकड़े गए तीन अतिथि प्रवक्ताओं की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। जांच में दोषी पाए जाने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह कड़ी कार्रवाई की है।

**घटना का खुलासा और जांच की शुरुआत**

11 अप्रैल की दोपहर विश्वविद्यालय के प्रचेता भवन में कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल, राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी डॉ. पंकज एल. जानी और अशोक देसाई 'नैक' की तैयारियों के तहत विभागीय निरीक्षण पर पहुंचे थे। इसी दौरान पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान पाठ्यक्रम के कार्यालय कक्ष से शराब की गंध आती पाई गई। मौके पर मौजूद अतिथि प्रवक्ता डॉ. शिव कुमार, डॉ. सुधीर सिंह और डॉ. देवेश प्रकाश शराब पार्टी में लिप्त पाए गए। विश्वविद्यालय की छवि को हुए इस नुकसान को देखते हुए तत्काल प्रभाव से जांच अधिकारी नियुक्त किए गए।



**जांच में पुष्टि, दोष सिद्ध**

जांच अधिकारी द्वारा विस्तृत परीक्षण के बाद तीनों प्रवक्ता दोषी करार दिए गए। इससे पहले सभी को तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने का अवसर दिया गया था। उनके जवाब असंतोषजनक पाए गए। इसके बाद जांच अधिकारी ने कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन संस्तुतियों को गंभीरता से लेते हुए 17 अप्रैल 2025 को तीनों अतिथि प्रवक्ताओं की सेवाएं समाप्त कर दीं।

**प्रशासन की कार्रवाई और संदेश**

मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि पाठ्यक्रम समन्वयक को औपचारिक पत्र के माध्यम से सूचित कर दिया गया है कि अब इन प्रवक्ताओं से शिक्षण कार्य नहीं लिया जाएगा। प्रशासन द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई यह संकेत देती है कि भविष्य में ऐसी किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# समय पर मिला उपचार, ब्रेन हैमरेज से पीड़ित महिला की बची जान

**अयोध्या।** एक बार फिर 108 एंबुलेंस सेवा ने समय पर अपनी जिम्मेदारी निभाकर एक महिला की जान बचाई। पड़ोसी जनपद बस्ती की निवासी 42 वर्षीय बिंदु देवी पत्नी राम बहाल को सिर में गंभीर चोट लगने के कारण पहले अयोध्या जिला अस्पताल लाया गया। यहां हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल लखनऊ स्थित राम मनोहर लोहिया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।



रेफर होने के बाद मरीज के पति ने 108 एंबुलेंस सेवा पर संपर्क किया। कंट्रोल रूम से अयोध्या में तैनात एंबुलेंस (संख्या यूपी 32 एफजी 0539) के ईएमटी सर्वेश कुमार मिश्रा को लाइन पर लेकर तीमारदार से बात कराई गई। इसके बाद ईएमटी सर्वेश अपने साथी पायलट यादवेंद्र के साथ जिला अस्पताल पहुंचे और मरीज को आवश्यक दस्तावेज लेकर तुरंत एंबुलेंस से लखनऊ के लिए रवाना हुए।कर्मठता का परिचय देते हुए एंबुलेंस टीम ने समय से पहले महिला को राम मनोहर लोहिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराकर उनकी जान बचाई।इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यक्रम प्रबंधक दीपक अस्थाना, आरएम अजय और अनिल पांडेय ने संयुक्त रूप से बताया कि मरीज को समय पर बेहतर इलाज दिलाना ही 108 सेवा का मुख्य उद्देश्य है। हमारे ईएमटी और पायलट इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं, जिसके लिए संस्था समय-समय पर उन्हें पुरस्कृत भी करती है।

### डीएम ने अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण समिति की बैठक की

**अंबेडकरनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला वृक्षारोपण, पर्यावरण एवं गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को शान द्वारा निर्धारित पौधारोपण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी विभागाध्यक्षों को वृक्षारोपण के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु नोडल अधिकारी नामित कर उनका नाम प्रभागीय वनाधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विभागवार एक्शन प्लान भी प्रभागीय पदाधिकारी को तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय के अनुरूप स्थल का चयन एवं पौधरोपण हेतु गड्ढों की खुदाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाए तथा सभी विभाग अपने लक्ष्य के अनुरूप पौधों की उपलब्धता और रोपित पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विभागों को प्रोत्साहित किया कि यदि उनके पास पर्याप्त स्थान है, तो निर्धारित लक्ष्य से भी अधिक पौधे लगाएं। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को हेल्दी एवं बड़े पौधों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# निजी स्कूलों की मनमानी फीस के खिलाफ सपा नेता का विरोध प्रदर्शन, बुद्धि-शुद्धि यज्ञ कर जताया रोष

विश्ववार्ता संवाददाता



**बीकापुर- अयोध्या।** लोटन का पुरवा, रामनगर में समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव दिव्यांग पंडित समरजीत के नेतृत्व में निजी स्कूलों की मनमानी फीस वसूली के खिलाफ अभिभावकों संग बुद्धि शुद्धि यज्ञ कर विरोध प्रदर्शन किया गया। यज्ञ के माध्यम से सरकार को सद्बुद्धि और निजी स्कूलों पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई।पंडित समरजीत ने आरोप लगाया कि निजी स्कूलों द्वारा जबरन मनमाना पैसा वसूला जा रहा है। साथ ही अभिभावकों पर एक ही बुक स्टॉल से किताबें और कॉपियां खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है, जिसे सरकार का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों की समस्याएं लगातार नजरअंदाज की जा रही हैं और वर्तमान सत्र में भी स्कूलों द्वारा प्रवेश शुल्क के नाम पर लूटपाट जारी है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के आने के बाद से हर साल फीस और किताबों के दाम में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे मध्यम वर्ग के अभिभावक बच्चों को शिक्षित कराने में आर्थिक रूप से पस्त होते जा रहे हैं। पंडित समरजीत ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का हवाला देते हुए कहा कि सत्ता में आने पर समाजवादी सरकार सभी बच्चों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराएगी, चाहे वे गरीब हों, अमीर हों या मध्यम वर्गीय।

उन्होंने सरकार से मांग की कि निजी स्कूलों की फीस पर नियंत्रण हो और एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य की जाएं, ताकि सभी बच्चों को समान शिक्षा का अवसर मिल सके।

विरोध प्रदर्शन में विजय प्रताप शर्मा, अनिरुद्ध सिंह, अजय वर्मा, पवन यादव, शेखर कोरी, जगपाल निषाद, बृजलाल कनौजिया, सुंदरम पांडे और शत्रुघ्न गौड़ जैसे कई प्रमुख कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# 47वें राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता की सभी तैयारियों का अन्तिम अवलोकन

**अंबेडकरनगर।** आगामी 20 से 24 अप्रैल 2025 तक जनपद के राजकीय हवाई पट्टी मैदान में आयोजित होने वाले 47वें राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता (बालक वर्ग) की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी ने हवाई पट्टी के गेस्ट हाउस में प्रतियोगिता को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु गठित की गई समस्त समितियों के नोडल अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर तैयारी की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने एक-एक करके समस्त समितियों द्वारा अब तक किए गए तैयारियों की जानकारी ली तथा सभी समितियों को अपने-अपने कार्यों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।

**20 अप्रैल को होगा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ**

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों का जनपद में आज से ही आगमन प्रारंभ हो रहा है। जनपद में खिलाड़ियों के आगमन पर भव्य स्वागत की तैयारियां की गई हैं। टीमों के आवागमन एवं ठहरने की बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं। महत्वपूर्ण स्थानों यथा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि पर हेल्प डेस्क संचालित किया जा रहा है। प्रत्येक टीम के साथ लगाए गए नोडल अधिकारियों को किसी भी खिलाड़ी अथवा टीम के सदस्य को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। गर्मी के मौसम के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में ओआरएस एवं पानी के साथ-साथ खिलाड़ियों के ठहरने वाले स्थल एवं ग्राउंड में मेडिकल कैंप भी संचालित करने की तैयारी पूर्ण हैं। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा की 20 अप्रैल को प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ होगा। खिलाड़ियों का रेड कार्पेट पर मार्च पास्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य स्वागत की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इस खेल महासमर को ऐतिहासिक बनाने के लिए समस्त तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में पहली बार आयोजित हो रहे हैंडबॉल महासमर से पूर्व ही SAI द्वारा भी हैंडबॉल के खिलाड़ियों को नौकरी के लिए 180 सीटें रिजर्व की गई है। इसी के साथ ही यहां आयोजित हो रहे इसी खेल प्रतियोगिता से चयनकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय टीम का भी चयन किया जाएगा, जो ओमान में भारत देश का प्रतिनिधित्व करेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक, परियोजना निदेशक डीआरडीए, आयोजन सचिव आदि सहित समस्त समितियां के नोडल अधिकारी एवं संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

**47वें राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के आयोजन अध्यक्ष जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने प्रतियोगिता मैदान का किया निरीक्षण**

बैठक के उपरांत जिलाधिकारी में हैंडबॉल प्रतियोगिता के सकुशल आयोजन हेतु तैयार किए जा रहे हैं तीनों ग्राउंडों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रतियोगिता को भव्य रूप दिए जाने हेतु किए जा रहे तैयारियों का अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों को पवेलियन में विशिष्ट अतिथियों सहित समस्त खेल प्रेमियों के बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ समस्त आधारभूत सुविधाओं को बेहतर से बेहतर ढंग से व्यवस्थित रूप से तैयार करने तथा खेल की समस्त तकनीकी बारीकियों को ध्यान में रखते हुए ग्राउंड की समस्त सुविधाओं एवं तैयारीयों को समय से पूर्ण कर अन्तिम रूप देने के निर्देश दिए। *जिलाधिकारी में राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के खिलाड़ियों के ठहरने हेतु राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में की गई व्यवस्थाओं का किया भौतिक निरीक्षण* इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा खिलाड़ियों के ठहरने हेतु राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में की गई व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। इस तरह जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों के स्वागत हेतु की गई व्यवस्थाओं, मेडिकल कैंप, साफ-सफाई, खिलाड़ियों के सोने, भोजन, पानी आदि से लेकर एक-एक छोटी-छोटी जरूरतों एवं आधारभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर लगाएंगे समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों को देशभर से आ रहे खिलाड़ियों को आतिथ्यभाव से समस्त सुविधाएं सुगमता पूर्वक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह हमारे एवं जनपद के लिए गर्व का क्षण है कि देश के विभिन्न प्रदेशों से हैंडबॉल टीमें यहां प्रतिभा करने आ रही हैं, सभी का कर्तव्य एवं दायित्व है कि उन्हें उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं जिससे सभी खिलाड़ी यहां से वापस अच्छी यादें लेकर जाएं।

## एक नजर

### चोरी का जनरेटर बरामद, दो गिरफ्तार

बरेली। जनरेटर चोरी करने वाले दो शातिर अभियुक्तो को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए चोरी का जनरेटर का अन्य सामान बराबद कर लिया। इज्जत नगर थाना क्षेत्र के रायपुर चौधरी निवास इरफान खान पुत्र उस्मान खान ने 22 फरवरी को प्रेम नगर थाने में जनरेटर चोरी की शिकायत दर्द कराई तब पुलिस ने 17 अप्रैल की रात महेश कुमार सक्सेना पुत्र ज्ञान प्रकाश सक्सेना निवासी ग्राम कुत्तरपुर थाना किला, अमित कुमार पुत्र गणेश प्रसाद रस्तोगी निवासी कुतरपुर थाना किला को आर.पी. एफ बैरक के पास से गिरफ्तार कर लिया जिनके कब्जे से एक अदद जनरेटर व एक अदद सीजशुदा आटो बरामद हुआ गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

### ट्रेन से कटकर मंदबुद्धि युवक की मौत

बरेली। सीबीगंज संदिग्ध परिस्थितियों में एक मंदबुद्धि युवक ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस व जीआरपी पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव परिजनों के सौंप दिया। घटना के बाद सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।बताया जाता है कि सीबीगंज के गांव अटरिया निवासी मंद बुद्धि आसिफ (22) पुत्र अली अहमद शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे टहलने को घर से निकला और जैसे ही वह गांव के नजदीक रेलवे ट्रैक के समीप पहुंचा कि इसी दौरान बरेली की ओर से आ रही एक ट्रेन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर हल्का इंचार्ज अतरपाल पाल सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम को भेजने की तैयारी करने लगे। लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। इसके बाद थाना पुलिस ने लिखापढ़ी कर शव परिजनों को सौंप दिया।मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था और वह मंद बुद्धि था।

### किशोरी ने जहर खाकर की आत्महत्या की कोशिश

बरेली। रात के समय अपने प्रेमी के घर गई किशोरी को जब घर के लोग वापस बुलाकर ले तो उसने गुस्से में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया इज्जत नगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली किशोरी को बीती रात उसके घर वाले इलाज के लिए जिला अस्पताल लाई जहां उन्होंने बताया कि किशोरी के मोहल्ले में ही रहने वाले एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहे हैं वह युवक से विवाह करना चाहती है लेकिन उसके घर के लोग विवाह के लिए तैयार नहीं है जिसके चलते बीती रात किशोरी अपने घर से प्रेमी के घर पहुंच गई जब घर वालों ने उसे बिस्तर पर नहीं देखा तो वह उसे तलाशते हुए प्रेमी के घर पहुंचे जहां पर किशोरी मौजूद थी वह समझा कर किशोरी को घर वापस ले आए जहां पर किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई पता चलते ही घर वालों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### बेटी के घर जा रहे बुजुर्ग की हादसे में मौत

बरेली। ई रिक्शा पर बैठकर बेटी से मिलने उसके घर जा रहे हैं बुजुर्ग की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें अस्पताल में भर्ती करने के बाद पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव रहपुरा चौधरी निवासी 60 वर्षीय मोहम्मद रजा की नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव टांडा सादात के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि मोहम्मद रजा कल शाम को अपनी बेटी लाईखेड़ा निवासी शमा बी के घर जाने को अपने घर से निकले थे लेकिन रास्ते में ही टांडा सादात गांव के पास पीछे से आए किसी वाहन ने उनकी ई-रिक्शा को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए रिक्शा चालक व एक सवारी को भी घायल हो गए दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एक अस्पताल भेजा लेकिन मोहम्मद रजा को डॉक्टर ने अस्पताल में भर्ती करने से पहले ही मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना उनके घर वालों को दी गई जो अस्पताल पहुंचे जहां से पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया उनकी पत्नी का नाम नसरीन बानो है वह 8 बच्चों के पिता थे।

### सौतेले भाई को फंसाने के लिए खुद को मारी गोली

बरेली। जमीनी विवाद के चलते सौतेले भाई को फर्जी मुकदमे में फंसने के लिए एक ट्रक चालक ने खुद को तमंचे से गोली मारकर घायल कर दिया जांच के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव करवा निवासी जयवीर पुत्र मेहरबान को पुलिस ने आज अपने सौतेले भाई बलिस्टर को फसाने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया पुलिस के अनुसार जयवीर ट्रक चलाता है और उसमें 16 जनवरी को शाम के समय पुलिस को सूचना दी कि उसके सौतेले भाई बलिस्टर ने उसके पैर में गोली मार दी है पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वह घायल अवस्था में मिला और काफी नशे में था जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि वह काफी नशे में था और गांव वालों के साथ भी गाली गलौज कर रहा था उसने गांव वालों के सामने कहा कि वह अपने भाई बलिस्टर को फसाने के लिए खुद को गोली मार लेगा और जिस समय उसने खुद को गोली मारी उस समय बलिस्टर और उसके भाई अजय पाल, रामवीर, विनोद सभी गांव में ही मौजूद थे तब गांव वालों को भी विश्वास हो गया कि जयवीर ने अपने सौतेले भाइयों को झूठे मुकदमे में फसाने के लिए खुद के पैर में गोली मारी है क्योंकि उसका अपने भाइयों से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था तब पुलिस ने जयवीर को गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा।

### बाइक से बरात जा रहे युवक की हादसे में मौत

बरेली। फरीदपुर- बदायूं से बरात में शामिल होने आए बदायूं के बाइक सवार तीन युवकों को किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर है, जिन्हें इलाज के लिए बरेली रेफर किया गया है। फरीदपुर कस्बे के बीसलपुर रोड निकट भट्ठा आनंद विहार कॉलोनी के पास गुरुवार रात 10:30 बजे किसी वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस पर पहुंची पुलिस ने तीनों को इलाज को इलाज के लिए सीएचसी अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज सुनील पाल (30) निवासी पराही थाना दातागंज जनपद बदायूं को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं राहुल पुत्र प्रमोद और रजत पुत्र भगवान दास निवासी ग्राम पराही थाना दातागंज जनपद बदायूं की हालत गंभीर होने पर सीएचसी से बरेली के एक निजी अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने सुनील के शव को बरेली भिवजा दिया। तीनों बाइक से बरात में शामिल होने जा रहे थे, रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। फिलहाल, घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

### ई-रिक्शा पलटने से वृद्ध की मौत

बरेली। नवाबगंज,ई रिक्शा पलटने से उसमें सवार 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं चालक सहित अन्य सवारियां भी घायल हो गई। मृतक के भांजे डंपी ने बताया थाना इज्जतनगर के रहपुरा चौधरी निवासी मोहम्मद रज़ा खां गुरुवार दोपहर 3 बजे ई-रिक्शा से बेटी के घर लाईखेड़ा जा रहे थे । रास्ते में टांडा गांव के पास ई-रिक्शा पलट गया। जिससे चालक सहित तीन अन्य सवारी घायल हो गई । राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस घायल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, जहां घायल रजां खां की इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य सवारियों को मामूली चोट आई थी, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया। हादसे के बाद चालक ई-रिक्शा छोड़कर भाग गया है। परिजनों ने तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर व पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### एसआरएमएस में दो दिवसीय स्पंदन का आगाज

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलोजी एण्ड रिसर्च (एसआरएमएस सीईटीआर)में शुक्रवार को दो दिवसीय सांस्कृतिक फेस्ट स्पंदन-2025 का आगाज हुआ। एसआरएमएस सीईटीआर, एसआरएमएस कालेज आफ ला एवं एसआरएमएस कालेज आफ नर्सिंग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस फेस्ट का उद्घाटन एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापव व चेयरमेन देव मूर्ति जी, ट्रस्ट सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति जी, एसआरएमएस गुडलाइफ की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित एवं मां सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात केयरिंग हैण्ड की प्रेसीडेन्ट कु0 रिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और दो दिवसीय सांस्कृतिक फेस्ट स्पंदन-2025 की जानकारी दी। देव मूर्ति जी ने स्पंदन 2025 इगनाईट: स्पार्क विद कल्चर एण्ड इनोवेशन की विधिवत घोषणा की और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की महत्ता एवं उनकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के सफल आयोजन की शुभकामानयें दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सांस्कृतिक गतिविधियों से अवगत कराना एवं उनका सांस्कृतिक विकास सुनिश्चित करना है। उद्घाटन समारोह का मुख्य आर्कषण हाबीलैन्ड एवं आर्ट गैलरी रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमो की श्रृंखला में प्रथम दिन विभिन्न प्रतियोगिताय जैसें मिडिया कैनवास, मैजिक आफ वायास, पाइरेट हंट, सोलो डांस, स्ट्रीट प्ले एवं क्लैश ऑफ बैन्ड आदि आयोजित की गई।

# अपहृत बालिका को बरामद करने को पुलिस छान रही खाक, बहसबाजी

विश्ववार्ता संवाददाता



पीलीभीत। अपहृत बालिका की बरामदगी न होने और आरोपियों के परिजनों को हिरासत में लेने के बाद थाने से छोड़ने को लेकर खाकी सवालों के घेरे में आ गई है। पुलिस की कार्यशैली से क्षुब्ध पीड़ित परिवार सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा के नेतृत्व में थाने का घेराव किया और धरना देकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान सीओ को भी आरोपित होना पड़ गया। हिंदू महासभा अध्यक्ष ने सीओ दीपक चतुर्वेदी पर बालिका को किडनैप कराने और फिर आरोपी पक्ष की व्यक्तिगत तौर पर मदद करने का आरोप लगाया। इस दौरान सीओ ने खाकी की जमकर फजीहत कराई।

बताते चलें कि गुरुवार को थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के गांव लदपुरा निवासी एक व्यक्ति की पंद्रह वर्षीय पुत्री खेत से घर लौट रही थी। अचानक एक क्रिएटा कार बालिका के पास आकर रुकी और उसमें सवार सिक्ख समुदाय के युवकों ने बालिका को खींचकर कार में डाल लिया। घटना के प्रत्यक्षदर्शी लोगों ने कार को रोकने का प्रयास किया लेकिन बालिका के अपहरणकर्ता कार को तेजी से भगाकर मौके से फरार हो गए, जिसके बाद सनसनी फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की सूचना और कार का नंबर

» व्यापारी नेता के भतीजे की सिफारिश में पहुंचे लोगों को ग्रामीणों ने खदेड़ा

बालिका के परिजनों को दिया। बालिका के परिजनों सहित सैकड़ो ग्रामीण रात्रि में ही ट्रॉलियों में भरकर सुनगढ़ी थाने पहुंच गए। अपहरणकर्ताओं में एक व्यापारी का भतीजा होने के कारण कुछ व्यापारी नेता अपहरणकर्ताओं की सिफारिश में पहुंचे तो उन्हें भी ग्रामीणों ने दौड़ा दिया। सुनगढ़ी थाना पुलिस ने पीड़ित पिता से घटना की तहरीर प्राप्त की और ग्रामीणों को न्यायपूर्ण कार्यवाही का भरोसा दिलाया। कार नंबर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के परिजनों को हिरासत में लिया और रात को ही छोड़ दिया। 24 घंटे बाद भी अपहृत बालिका की बरामदगी न होने और आरोपियों के परिजनों को हिरासत में लेने के बाद छोड़ने से क्षुब्ध बालिका के परिजनों ने अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा को पूरा घटनाक्रम बताया। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए महासभा अध्यक्ष पंकज शर्मा अपने जत्थे के साथ सुनगढ़ी थाने पहुंचे और पीड़ित परिवार के साथ थाने का घेराव करते हुए धरना प्रदर्शन कर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आक्रोशित परिजनों को समझाने पहुंचे सीओ (नगर) दीपक चतुर्वेदी को भी इस दौरान आरोपित होना पड़ गया। परिजनों से जानकारी होने के बाद पंकज शर्मा ने सीओ पर बालिका को किडनैप कराने और आरोपियों से मिलीभगत करके उनकी व्यक्तिगत मदद करने के उद्देश्य से उनके परिजनों को विधिक प्रक्रिया अपनाए बिना ही थाने से छोड़ने का आरोप लगाया।

इस दौरान सीओ और हिन्दू महासभा अध्यक्ष के बीच काफी नोंकझोंक हुई। पुलिस की कार्यशैली से आक्रोशित लोगों को समझाने पहुंचे सीओ ने खाकी की जमकर फजीहत कराई। एसपी अविनाश पांडेय ने बताया कि प्रकरण की जाँच से सिद्ध हुआ है कि उस कार में वह बालिका नहीं थी, बालिका की तलाश हेतु 09 टीमें लगायी गई हैं, शीघ्र ही बालिका की बरामदगी कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## प्रेमी संग मिलकर पति को दिया जहर गला दबाया, दोनों को भेजा गया जेल




बरेली। फतेहगंज पश्चिमी नगर पंचायत में संविदा पर तैनात रहे सफाई कर्मी केहर सिंह की हत्या उसकी पत्नी ने ही प्रेमी के सा थ मिलकर की। पहले खाने में जहर दिया, फिर गला दबाया। वारदात को खुदकुशी का रूप देने के लिए फंदे से लटका दिया। ऐसा परिजनों का आरोप है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट भी इसी ओर इशारा कर रही है। प्रेमी-प्रेमिका को शुक्रवार को जेल भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट हत्या की ओर इशारा कर रही है। जबकि, कमरे का बंद दरवाजा आत्महत्या का संकेत दे रहा है। पुलिस दोनों नामजद रेखा25 और पिंटू25 आरोपियों से पूछताछ करने के साथ ही हर बिंदु पर जांच कर रही है। पुलिस ने शुक्रवार को मेडिकल के बाद जेल भेज दिया है। कमरा अंदर से बंद होने का पेच फंसा है। फिलहाल, केसर के भाई की तहरीर पर केहर की पत्नी व उसके प्रेमी पिंटू के खिलाफ हत्या किये जाने की थाना फतेहगंज पश्चिमी वूमेन रिपोर्ट दर्ज की गई है। श्री मिश्रा ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्ट्रंगुलेशन (गला दबाना) लिखा है। जहर की आशंका में में विसरा भी सुरक्षित किया गया है। इस पर पुलिस ने केहर की पत्नी से पूछताछ की। शुरुआत में वह टालमटोल करती रही, पर बाद में खाने में जहर देने की बात स्वीकार कर ली। हालांकि, गला दबाने व फंदे से लटकाने से इन्कार कर दिया। कहा कि पति ने खुद ही कमरा बंद करके फंदा लगा लिया होगा। पुलिस महिला के बयान की जांच कर रही है। साथ ही, विसरा जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। प्रेमी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस इस गुत्थी को सुलझाने की कोशिश कर रही है। 13 अप्रैल को केहर सिंह का शव किराये के कमरे में लटका मिला था। पुलिस के मुताबिक,सूचना पर टीम मौके पर पहुंची तो कमरा अंदर से बंद था। खिड़की भी बंद थी। शव फंदे से उतारा गया तो सभी मान रहे थे कि किसी वजह से परेशान होकर केहर सिंह ने आत्महत्या कर ली है। केहर सिंह के भाई अशोक ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया है कि केहर की पत्नी के पिंटू से प्रेम संबंध हैं। केहर सिंह को इसकी जानकारी हो गई थी। इसी वजह से इन दोनों ने उनको रास्ते से हटाने का फैसला कर लिया। साजिश के तहत केहर सिंह को खाने में जहर दिया गया। जब वह बेसुध हो गए तो रस्सी से उनका गला कसकर उसी रस्सी के सहारे फंदे से लटका दिया गया।

## फोन-पे का फर्जी एप बनाकर ठगी करने वाले दो युवक गिरफ्तार



विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। फोन पे का फर्जी एप बनाकर दुकानदारों से ठगी करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा।

थाना फरीदपुर के मोहल्ला महादेव निवासी चाणक्य नईर उर्फ आदि गुप्ता पुत्र भारत भूषण और समर्थ सिंह उर्फ क्रिस तोमर पुत्र आदित्य कुमार को पुलिस ने आज फर्जी फोन पे के माध्यम से दुकानदारों को ठगने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया पुलिस के अनुसार 17 अप्रैल को मोहल्ला बाजार जनूबी थाना फतेहगंज पूर्वी निवासी संयम प्रियदर्शी पुत्र पंकज प्रियदर्शी की तहरीर के आधार पर दर्ज मुकदमे के बाद समर्थ सिंह और चाणक्य नईर को गिरफ्तार किया गया उनका तीसरा साथी युवराज सिंह चौहान फरार है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि वह और उनका दोस्त युवराज सिंह फोनपे की तरह दिखने वाला फर्जी अप चलाते हैं इसी फर्जी एप के माध्यम से किसी भी दुकानदार या किसी व्यक्ति को जब किसी सामान्य काम के बदले पैसे देने होते हैं उसे फर्जी फोन पे एप के माध्यम से दुकानदार या व्यक्ति का क्यूआर कोड स्कैन कर उसको पैसे डालते हैं।

उक्त ट्रांजैक्शन बिल्कुल असली लगता है जबकि वास्तव में कोई ट्रांजैक्शन नहीं हुआ होता है और दुकानदार को लगता है कि पैसा उसके खाते में आ गया है यही काम उन्होंने फतेहगंज पूर्वी में मेडिकल की दुकान पर किया था तब दुकान मालिक ने उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी।

## घरेलू गैस की कालाबाजारी का खुलासा, 82 सिलेंडर किए गए जब्त

बरेली। शहरी क्षेत्र में गैस की कालाबाजारी बड़े पैमाने पर हो रही है। आपूर्ति विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। बीती रात प्रेमनगर क्षेत्र में टीम ने छह अलग-अलग घरों में छापा मारा और 82 गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। प्रेम नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

आपूर्ति विभाग की टीम ने गुरुवार की रात प्रेमनगर पुलिस के साथ प्रेम नगर क्षेत्र में स्थित कोहाड़ापीर में कब्रिस्तान वाली गली में चांद बाबू. मोहम्मद यामीन, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद कादिर समेत छह लोगों के घरों से 61 घरेलू गैस सिलेंडर और 21 व्यवसायिक गैस सिलेंडर बरामद किए। सात रिफिलिंग रॉड बरामद की हैं। सिलेंडर और अन्य उपकरण टीम ने जब्त कर लिए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

टीम का कहना है कि इस तरह की शिकायत कई दिन से मिल रही थी। इसके बावजूद भी मामले की गहनता से जांच की गई। ताकि घटनाक्रम का सही तथ्यों के आधार पर खुलासा हो सके। पुलिस का मानना है कि जांच के बाद ही कोई कार्रवाई की गई है।

## मुठभेड़ में चार बदमाश गिरफ्तार, एक घायल

### बिना नंबर की एक महिन्द्रा कार सीज की व दो मोबाइल फोन बरामद

विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। बीती रात चोरी की योजना बना रहे चार बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया। थाना मीरगंज व एसओजी टीम ने चोरी की योजना बना रहे अन्तर-जनपदीय गैंग के 4 शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया एक अभियुक्त मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 14,210 रुपए, सिल्वर कलर धातु लगभग एक 1 किलो 79 ग्राम चांदी व गोल्डन कलर की जेवर धातु लगभग 20 ग्राम सोना ,एक तमन्चा व एक जिन्दा व एक खोखा कारतूस, महिन्द्रा कार काला बिना नम्बर, 2 मोबाइल अन्य सामान बरामद हुआ।

18 अप्रैल की रात मुखबिर से सूचना मिली कि हाईवे से परौरा को जाने वाले कच्चे रास्ते पर बंद पड़े भट्टे पर एक गाड़ी से 04 लोग चोरी की योजना बना रहे हैं।तब पुलिस ने बताये गये स्थान पर घेराबंदी कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास किया गया तो मौके पर मौजूद बदमाशों द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर फायर किया गया।आत्मरक्षार्थ जबावी कार्यवाही में असरुद्दीन पुत्र नन्हे

» सोने के जेवर व तिजोरी में रखे रुपये चुराकर ले गए थे

» नकबजनी आदि के दो दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत

अंसारी निवासी नगरिया कला थाना फतेहगंज पूर्वी हाल पता पशुपति विहार कॉलोनी थाना बारादरी दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया एवं रुखसत उर्फ बिहारी उर्फ रुखसार पुत्र दिलदार हुसैन निवासी ग्राम अंगूरी टांडा थाना सुभाषनगर,कादिर पुत्र चिराजुद्दीन निवासी ग्राम नगरिया कला थाना फतेहगंज पूर्वी हरिओम पुत्र राम भरोसे निवासी ग्राम चिट्ठियां चतनपुर थाना फतेहगंज पूर्वी को मौके से गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से कुल 14,210 रुपए, सिल्वर कलर धातु वजन लगभग 1 किलो 79 ग्राम चांदी व गोल्डन कलर के जेवर धातु वजनी करीब 20 ग्राम सोना, एक तमन्चा व एक जिन्दा व नाल में फंसा हुआ एक खोखा, बिना नंबर की एक महिन्द्रा कार सीज की गयी और 2 मोबाइल फोन बरामद किये। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी मीरगंज भेजा गया गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ मे बताया कि करीब 9 महीने पहले अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ग्राम सिंधौली के सुनार की दुकान में चोरी की थी, उस चोरी में हम चारों के अलावा हमारे साथ निसार पुत्र नसीर चिरागुउद्दीन पुत्र अब्दुल मजीद, रियाजुउद्दीन उर्फ भूरा पुत्र अब्दुल मजीद, दिलशाद पुत्र नसरुद्दीन निवासीगण ग्राम नगरिया कलाँ थाना फतेहगंज पूर्वी जिला बरेली भी थे। उस चोरी में नए पुराने चांदी व सोने के जेवर व तिजोरी में रखे रुपये हम लोग चुराकर ले गए थे। ज्यादातर जेवर हम लोगों ने हमजा ज्वैलर्स मुकीम सुनार पशुपति विहार कालोनी जोकि थाना बारादरी के जोगीनवादा क्षेत्र में है, को बेचा है तथा जो रुपये हमारे पास मिले हैं वह भी सिंधौली में दुकान में चोरी के माल को बेचने से मिले थे वही यह रुपये हैं। अभियुक्तों द्वारा ग्राम सिंधौली में की गयी चोरी के वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध विभिन्न जनपदों में चोरी नकबजनी आदि के लगभग दो दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं।

पुलिस अन्य लोगों की तलाश में अभी तक छापेमारी कर रही है। पुलिस का मानना है कि अभी इस मामले में और भी आरोपी हो सकते हैं।

## 28 के बाद ही श्याम भक्तों से मिलेंगे महंत ओमेंद्र जी

### अभी सिर्फ गंभीर मरीजों को देखेंगे, बरेली का सबसे बड़ा और भव्य मंदिर बनेगा मनौना धाम

सुमित शर्मा लक्ष्य

बरेली (आंवला)। मनौना धाम जब किसी की बराबरी ना हो,तो उसकी बुराई शुरू कर दो,जी हां हम बात कर रहे हैं बरेली जनपद के सबसे विशाल बनाने जा रहे मंदिर मनौना धाम की जहां के श्री ओमेंद्र महाराज जी सनातनी संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए, बरेली जनपद में एक विशाल का मंदिर का निर्माण मनौना धाम में राजस्थान खाटू श्याम बाबा की तर्ज पर बाबा श्याम का मंदिर जल्द ही विशाल रूप में बनने जा रहा है।



जिसको लेकर मनौना धाम श्याम बाबा सेवा समिति के महंत श्री ओमेंद्र जी महाराज पिछले कई दिनों से अपनी गद्दी पर बैठ नहीं रहे हैं,जिसको लेकर मंदिर समिति द्वारा भक्तों को सूचित भी किया जा चुका है कि महंत ओमेंद्र महाराज जी 28 अप्रैल के बाद ही श्याम भक्तों से मिल सकेंगे। जिसको लेकर सनातन विरोधियों ने महंत ओमेंद्र जी को लेकर सोशल मीडिया व अन्य माध्यम से दुष्प्रचार शुरू कर दिया, कोई बोल रहा की बाबा को राजस्थान पुलिस ले गई और कोई बोल रहा है,कई करोड़ों रुपयों से मंदिर के निर्माण को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ई०डी०)टीम पूछताछ को दिल्ली ले गई। तब मैने पहली बार गुरुवार को मानौना धाम जा कर स्थिति के बारे जानकारी जुटाई और मानौना धाम पहुंचकर साक्षात श्याम बाबा की सुंदर छवि के साथ मानौना धाम महंत श्री ओमेंद्र महाराज जी के दर्शन किए। देश विदेश से मनौना धाम पहुंचे गंभीर मरीजों को देखने के बाबा देर शाम जरूर समय निकल लेते हैं।

उस समय ही ओमेंद्र जी महाराज के दर्शन होने के बाद हम मरीजों के साथ तीमारदारों से बात जिसमें गुजरात से जीतू भाई एक वाताअनुकूलित बस में डाक्टर और नर्सिंग स्टाफ के साथ बाबा से आशीर्वाद लेने बड़ोदरा गुजरात से पहुंचे थे,ऐसे ही दर्जनों गंभीर मरीजों की बाबा के पास अर्जी लगाकर महंत ओमेंद्र महाराज जी से आशीर्वाद लेते देखा गया।

## शराब के नशे में दोस्त ने कर दी मीट विक्रेता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

विश्ववार्ता संवाददाता



बरेली। फरीदपुर कस्बे की बड़ी सब्जी मंडी में गुरुवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। मुर्गे का मांस बेचने वाले इलियास उर्फ भूरा की उसके पुराने साथी जाहिद उर्फ मल्ली ने गर्दन पर चाकू मारकर हत्या कर दी।

पुलिस के अनुसार, दोनों दोस्तों के बीच शराब पीते समय किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। नशे में धुत जाहिद ने चाकू से इलियास की गर्दन पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़ा। इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन कुछ ही देर बाद इलियास की मौत हो गई। मृतक इलियास फरीदपुर के मोहल्ला फर्रखपुर कस्सावान का निवासी था और उसके तीन छोटे बच्चे हैं—एक बेटी और दो बेटे। पिता की मौत से बच्चों और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। एसपी दक्षिणी अंशिका ने बताया कि आरोपी जाहिद को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

**मुकाबला** आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग और डीपीएस में फाइनल जंग

## चाइल्ड केयर बिशप कोनराड व एयर फोर्स स्कूल की टीम पराजित

विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग और डीपीएस बरेली की टीमों के बीच होगा। शुक्रवार को हुए सेमी फाइनल आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग ने चाइल्ड केयर को 5-0 गोल से हराया। जबकि डीपीएस बरेली की टीम ने एयर फोर्स स्कूल की टीम को 2-0 गोल से हरा कर फाइनल में जगह सुरक्षित की। दोनो टीमों के बीच टूर्नामेंट का फाइनल मैच शनिवार सुबह 9.30 बजे खेला जाएगा।

एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) स्थित फुटबाल मैदान में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट के दोनों सेमी फाइनल मैच हुए। पहला सेमी फाइनल सुबह 8 बजे आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग और चाइल्ड केयर बिशप कोनराड में मैच शुरु हुआ। मैच के तीसरे मिनट में ही आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग के आयुष शर्मा ने



» 59वें मिनट में हर्षित साही ने गोल कर अपनी टीम को 5-0 से जीत दिला दी

गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। 19वें मिनट में चाइल्ड केयर के खिलाड़ी गोल बचाने के चक्कर में खुद पर ही गोल कर बैठे। 50वें मिनट में हर्षित साही, 55वें मिनट में आर्यन सिंह और 59वें मिनट में हर्षित साही ने गोल कर अपनी टीम को 5-0 से जीत दिला दी।

दूसरा सेमी फाइनल मैच नौ बजे डीपीएस बरेली की टीम और एयर फोर्स स्कूल के बीच आरंभ हुआ। दोनों टीमों ने एक दूसरे पर गोल करने के लिए कई बार दवाब बनाया लेकिन किसी टीम को कामयाबी नहीं मिली। मैच समाप्त होने के कुछ पहले डीपीएस के अजीज और इशांत ने 57वें और 59वें मिनट में 1-1 गोल कर 2-0 से अपनी टीम को अजेय बढ़त दिला दी।

एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने बरेली फुटबाल संघ के सचिव मून राबिंसन और उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह देवलिया, टूर्नामेंट की आयोजन समिति के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा.सोवन मोहंती, नितिन सक्सेना, शंकरपाल, कामरान असरफ, वरिष्ठ कोच एसपी सिंह, रेफरी सीके यादव, संजय कुशवाहा, प्रमोद पंत, महेश चंद्र, निष्कर्ष सिंह कंडारी और आशू भारती मौजूद रहे।

## एक नजर

### अधिकारियों ने दो शेल्टर होम का निरीक्षण किया

**उरई।** माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार न्यायिक अधिकारियों ने जिले में संचालित दो शेल्टर होम राठ रोड में संचालित ''वृद्धाश्रम'' एवं मु0 लहरियापुरवा स्थित ''आश्रय-गृह'' का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बहुत बारीकी से व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी कर्मचारीगण को दिये। न्यायिक अधिकारियों ने उक्त दोनों आश्रय स्थलों में रह रहे आश्रितों के रहन-सहन, खानपान, चिकित्सा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा और बुनियादी व्यवस्थाओं को जांचा-परखा। सबसे पहले समाज कल्याण विभाग द्वारा राठ रोड उरई में स्वैच्छिक संस्था शिवा ग्रामोत्थान सेवा संस्था, एफ-473 गुजैनी रतनलाल नगर, कानपुर नगर के सहयोग से संचालित वृद्धाश्रम में निरीक्षण के दौरान 112 संवासी उपस्थित मिले। उपस्थित पंजिका के अनुसार लेखाकार को छोड़कर सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। वृद्धाश्रम की संवासियों से पूछा गया कि उन्हें चाय-नाश्ता और सुबह-शाम का भोजन समय से मिल रहा है या नहीं, इस पर संवासियों द्वारा बताया गया कि भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार मिल रहा है। वृद्धाश्रम की मेडिकल डिस्पेंसरी का निरीक्षण करने पर स्टाफ नर्स उपस्थित थीं। जिलाधिकारी ने पिया निरंजनपुर गौ शाला का निरीक्षण किया और गौ वंशों को गुड़ और चौकर खिलाया

### डीएम ने गौशाला का किया औचक निरीक्षण

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज पिया निरंजन पुर स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया और भीषण गर्मी को देखते हुए गौवंश की समुचित देखभाल हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं अपने हाथों से गौवंश को गुड़ और चोकर खिलाकर पशुओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाई जिलाधिकारी ने कहा कि भीषण गर्मी में गौवंश को छाया, हरे चारे और स्वच्छ पानी की उपलब्धता अनिवार्य है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण करें और हर पहलू—चारा, भूसे, पानी, शेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें उन्होंने नेपियर घास के उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि यह घास पोषण तत्वों से भरपूर है और गर्मी के मौसम में पशुओं के लिए अत्यंत उपयोगी है। निरीक्षण के दौरान गौशाला का दो भागों में विभाजित पाया गया—एक नंदियों के लिए और एक अन्य छोटे बछड़ों के लिए।

### प्रेम प्रसंग के चलते युवती ने फांसी लगाई, मौत

**बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 18 वर्षीय युवती का पड़ोसी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बुधवार को युवती अपने प्रेमी के साथ काजी टोला गांव घूमने गई थी। इस पर युवती के भाई ने देख लिया। घर आने पर युवती को भाई ने जमकर फटकार लगाई। नाराज होकर युवती ने गुरूवार की दोपहर घर के पीछे लगे बेल के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। ग्रामीण ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। मृतका भाई ने बताया कि उसकी बहन का चार माह से पड़ोसी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। डांटने पर उसने फांसी लगाकर जान दे दी।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खा की खुदकुशी

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव निवासी अभिषेक (20) पुत्र श्याम ने बुधवार की शाम नवाब टैंक स्थित पार्क गया था। वहीं पर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। अभिषेक ने मामले की जानकारी अपने दोस्त पवन की सूचना पाकर पवन मौके पर पहुंच गया। उसे उठाकर रानीदुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। गुरुवार को शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के चाचा मलखान ने बताया कि उसका पिता किसानी करता है। वह ट्रैक्टर चलाता था।

### युवक ने फांसी लगा जान दी

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के डीएवी कालेज मर्दन नाका निवासी हरिओम (23) पुत्र गोविंद ने गुरूवार की शाम कमरे के अंदर कपड़े की रस्सी से पंखा के हुक पर फांसी लगा ली। घरवालों ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। मृतक के पिता ने कारण बताने से इनकार कर दिया। उधर चौकी प्रभारी दिलीप मिश्रा का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही थी। हरिओम का मोबाइल कब्जे में ले लिया गया है।

### युवक पर ब्लेड से हमला

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के बिलगांव निवासी रमेश (30) पुत्र राया प्रसाद गुरुवार की शाम घर के बाहर बैठा था। तभी पड़ोसी रिश्तेदार युवक गाली गलौज करने लगा। मना करने पर युवक ने रमेश के गले में ब्लेड से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### फांसी लगा जान देने का प्रयास

**बांदा।** जसपुरा कस्बा निवासी धर्मेंद्र (19) पुत्र रामेश्वर ने शुक्रवार की सुबह किसी बात से नाराज होकर कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगा ली। इसी बीच कमरे आए परिजनों ने उसे फंदे पर लटकते देखा। घरवालों ने फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दो ने जहर खाया

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के परशुराम तालाब निवासी सुमित (26) पुत्र बलराम ने किसी बात से नाराज होकर जहर खा लिया। छतरपुर जिला के सरबई गांव निवासी राम देवी (32) पत्नी अरविंद ने घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### युवक को लाठी से पीटा

**बांदा।** कालिंजर थाना क्षेत्र के भग्गुपुरवा निवासी बब्लू (22) पुत्र सिद्धुवा गुरूवार की शाम अपने खेत में था। पड़ोसी युवक उसके खेत में मवेशी चरा रहे थे। उसने मना किया तो उसका बदला लेकर विवाद हो गया। चार लोगो उसे लाठी से पीटकर घायल कर दिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कवि सम्मेलन व पुस्तक विमोचन की जगह बदली

**बांदा।** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा एवं कलमांश भारत के संयुक्त तत्वधान में कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 19 अप्रैल (शनिवार) को होने वाला कवि सम्मेलन एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के स्थान में परिवर्तन किया गया है। कलमांश केंद्रीय महामंत्री डा.धनंजय सिंह ने बताया कि कवि सम्मेलन व पुस्तक विमोचन समारोह शहर के बलखंडी नाका स्थित होटल सारंग में आयोजित होगा। कार्यक्रम में बुंदेलखंड के युवा साहित्यकारों को विशेष रूप से जोड़ा जाएगा।

### शिविर में 203 मरीजों को मुफ्त बांटे चश्में

**चिल्ला।** विशाल नेत्र शिविर का आयोजन श्रीसद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित हुआ। संत रणछोड़ दास के चित्र पर भाजपा चिल्ला मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, शिवाकांत तथा समाजसेवक अनिल गोस्वामी, अमित शुक्ला ने पूजन कर प्रारंभ किया। जानकी कुंड चिकित्सालय से आए चिकित्सकों ने 253 मरीजों की आंखों का परीक्षण किया। फालोअप के अंतर्गत 203 मरीजों को चश्मा दिया गया।

# माध्यमिक शिक्षकों ने की आपात बैठक, 21 अप्रैल को करेंगे लखनऊ में जोरदार प्रदर्शन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ(एकजुट) की जिला कार्यकारिणी की आपात बैठक चन्द्रशेखर आजाद पार्क में हुई जिसमें सचिव माध्यमिक शिक्षा से सेवा सुरक्षा की धारा 21, 12 व 18 को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 में समाविष्ट किए जाने को लेकर हुई वार्ता की विफलता के बाद 21 अप्रैल को लखनऊ में होने वाले प्रदर्शन एवं विधानसभा कूच को सफल बनाने पर विचार किया गया ।

प्रदेश संरक्षक डा हरि प्रकाश यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा 21 अप्रैल 2025 को ईको गार्डेन में धरना एवं विधान सभा कूच के मद्देनजर सचिव माध्यमिक शिक्षा द्वारा वार्ता हेतु संघ के प्रतिनिधियों को बुलाया गया था । 17 अप्रैल को सायं 5 बजे सचिव भवन के कक्ष संख्या 19 में सचिव माध्यमिक शिक्षा चन्द्र भूषण सिंह की अध्यक्षता एवं विशेष सचिव कृष्ण कुमार गुप्ता, शिक्षा निदेशक माध्यमिक महेन्द्र देव की उपस्थिति में वार्ता हुई।

वार्ता में सेवा सुरक्षा के मुद्दे पर शासन स्तर पर प्रक्रिया गतिमान होने की जानकारी देते हुए मौखिक आश्वासन दिया गया कि दो माह में सेवा सुरक्षा एवं पदोन्नति की समस्या हल कर दी जाएगी, इस लिए आप लोग दो माह के लिए आंदोलन स्थगित करें । संगठन की तरफ से उपरोक्त वार्ता एवं आश्वासन का कार्यवृत लिखित जारी करने का अनुरोध किया गया जिसपर सचिव ने

» दो माह में सेवा सुरक्षा एवं पदोन्नति की समस्या हल कर दी जाएगी

» पाँच सौ शिक्षकों को लखनऊ ले जाने का प्रबन्ध किया जा रहा है

असमर्थता जतायी । जिसके कारण संगठन ने 21 अप्रैल को लखनऊ में धरना करने का निर्णय लिया ।आगे भी डा हरिप्रकाश यादव ने कहा कि संघ के निर्णयानुसार 21 अप्रैल को पूरे प्रदेश से शिक्षक लखनऊ के ईको गार्डेन में एकत्रित होंगे और वहाँ से विधानसभा के लिए कूच करेंगे । जनपद प्रयागराज से पाँच सौ शिक्षकों को लखनऊ ले जाने का प्रबन्ध किया जा रहा है ।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र वर्मा प्रदेश आय व्यय निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह ,प्रदेश मंत्री तीर्थराज, पटेल ,प्रदेश मंत्री संदीप शुक्ला प्रदेश मीडिया प्रभारी सुधाकर ज्ञानार्थी ,प्रदेश संगठन मंत्री सुरेश पासी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद जावेद ,मंडल अध्यक्ष मिथिलेश मौर्य ,मंडल मंत्री लक्ष्मी नारायण सिंह ,जिला संरक्षक लालमणि ,जिलाध्यक्ष देवराज सिंह, जिलामंत्री डी पी यादव, विजय यादव उमाशंकर कुशवाहा अजय विश्वकर्मा राकेश यादव दिनेश यादव आशीष गुप्ता, विजय प्रकाश भारतीय, आकांक्षा कुशवाहा,डॉ राजेश सिन्हा, दिनेश यादव, अरुण कुमार सिंह पुरुषोत्तम वर्मा ,राधेश विकास अनिल भारती ,शांति प्रसाद विश्वकर्मा महेन्द्र मौर्य,वीरेंद्र सिंह सहित अन्य शिक्षक साथी उपस्थित रहे ।

# समाजवादी पार्टी ही दलितों पिछड़ो मजलूमों की असली हितैषी : सरोज

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» अखिलेश यादव ने प्रतिनिधिमंडल को 2 लाख का चेक भेजकर पीड़ित परिवार की मदद की : दद्दू प्रसाद

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम लाल पाल द्वारा प्रेषित प्रतिनिधिमंडल विधानसभा करछना के ग्राम इसौटा (लोहनपुर) दबंगों द्वारा दलित को जलाकर मार देने की घटना को गंभीरता से लेते हुए माननीय इन्द्रजीत सरोज एवं पूर्व मंत्री श्री दद्दू प्रसाद सहित 8 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल जिसमे जिलाध्यक्ष जमुनापार पप्पू लाल निषाद जिलाध्यक्ष, गंगापार अनिल यादव एवं महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तिखार हुसैन बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू पासी माननीय संदीप पटेल विधायक मेजा, ननकेश बाबू विधानसभा अध्यक्ष करछना पीड़ित परिवार की दुःख दर्द में सम्मलित होकर मृतक के पिता अशोक कुमार तथा उनकी माता व बच्चो से मिलकर उन्हें राष्ट्रीय अश्यक्षा द्वारा दिए गये पार्टी के तरफ से २ लाख का चेक मृतक की पुत्री शशि कुमारी को देकर अस्वासन दिया गया की उसकी शादी और पढाई तथा जीवन यापन में पार्टी हमेशा सहयोग करती रहेगी। दुःख की इस घड़ी में समाजवादी परिवार खुलकर खड़ा है प्रदेश सरकार की ओर दलित परिवार को कोई सहायता राशि मुहैया न कराने की घोर भर्त्सना की गयी।

# ट्रक की चपेट में आकर वृद्ध का पैर कटा, हालत गंभीर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लालगोपालगंज।** स्थानीय बाजार दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग का एक पैर ट्रक की चपेट में आकर कट गया। बाजार में जाम के कारण हुई इस घटना से अफरा-तफरी मच गई। घायल वृद्ध को तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी उसकी हालत गंभीर देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने चालक समेत ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

प्रतापगढ़ जनपद के महेशगंज थाना अंतर्गत सरैयां हीरागंज निवासी विशाल कुमार (62) पुत्र रामखेलावन प्रयागराज से लौटकर लालगोपालगंज बाजार में स्थित बस स्टैंड की ओर पैदल जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाजार में पहले से ही भारी जाम की स्थिति थी। उसी दौरान उनका पैर एक ट्रक के पहिए के नीचे आ गया, और वृद्ध का एक पैर



» लालगोपालगंज बाजार में जाम के कारण हुआ हादसा, जिला अस्पताल रेफर

बुरी तरह से कुचल गया और कटकर अलग हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल बुजुर्ग को अस्पताल ले जाने के बाद ट्रक को चालक चालक समेत हिरासत में ले लिया। वहीं डाक्टरों ने घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें प्रयागराज स्थित जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## अपनी विरासत को जनना हमारा गौरव : महापौर

**प्रयागराज।** अपनी विरासत को बचाना हम लोगों का प्रथम कर्तव्य है। इस विरासत से ही हमारी पहचान है। यह बात शुक्रवार को विश्व विरासत दिवस के अवसर पर हेरिटेज क्षेत्र ऐतिहासिक लोकनाथ में भ्रमण करते हुए महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने कही। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में अनेक प्राचीन मंदिर, क्षेत्र हैं जिसको हेरिटेज के नाम से जाना जाता है। नगर निगम इस हेरिटेज क्षेत्र को जल्द ही और विकसित करेगा। महापौर ने प्रयागराज के जनता से अपील की अपनी विरासत को पहचानने के लिए उनका भ्रमण करें और अनेक प्राचीन स्थलों पर जाकर उनका अवलोकन करें। इन स्थलों का सोशल मीडिया के माध्यम से उनका प्रचार प्रसार करें। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी राम जी केसरवानी, क्षेत्रीय पार्षदगण सुनीता चोपड़ा, ओ.पी द्विवेदी, नेम यादव, मुकेश कसेरा, पूर्व पार्षद गिरी शंकर प्रभाकर, गौरी शंकर वर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, शिवमोहन गुप्ता, विष्णु त्रिपाठी, मनोज मिश्रा, निखिल पांडेय, अजय श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# लालगोपालगंज में बिना लाइसेंस के चल रही मीट की दुकानें हुईं बंद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लालगोपालगंज।** पुलिस प्रशासन की सख्ती के चलते लालगोपालगंज क्षेत्र में बिना लाइसेंस के चल रही बफेलो मीट की दुकानों पर ताला लग गया है। अधिकारियों के निर्देश के बाद स्थानीय पुलिस सक्रिय हुई और क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित मांस की दुकानों को बंद कराया। इस कार्रवाई में कई दुकानदारों पर कानूनी कार्रवाई भी की गई है। लालगोपालगंज में बफेलो मीट की कई दुकानें बिना किसी वैध लाइसेंस और मानकों के संचालन में थीं। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों की शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में आया। चैकी प्रभारी विपिन कुमार पाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लालगोपालगंज टीम ने क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान कई ऐसी दुकानें चिन्हित की गईं जो न तो नगर

» अवैध संचालित मांस की दुकानों पर प्रशासन का शिकंजा, कई दुकानदारों पर हुई कार्रवाई

पंचायत से लाइसेंस प्राप्त थीं और न ही खाद्य सुरक्षा विभाग से किसी प्रकार की अनुमति ली गई थी। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से ऐसी दुकानों को को बंद करा दिया और कई दुकानदारों पर कानूनी कार्यवाही भी किया। चौकी प्रभारी विपिन के अनुसार, यह कार्रवाई कानून व्यवस्था बनाए रखने और सार्वजनिक स्वास्थ्य के मद्देनजर की गई है। अवैध दुकानों में साफ-सफाई का अभाव था, जिससे संक्रमण और बीमारियों के फैलने का खतरा था। इसके अलावा, बगैर लाइसेंस के मांस विक्रय करना कानूनन अपराध है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी को भी अवैध कारोबार की छूट नहीं दी जाएगी।

## प्रयागराज का हरिस सोनीपत में बना टेनिस चैंपियन

**प्रयागराज।** जिले के संत जोसफ कॉलेज के कक्षा 7 के छात्र हरिस खान ने सोनीपत में 14 से 18 अप्रैल तक चली एआईटीए (चैंपियनशिप सीरीज-7) के अंडर-12 टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर एकल खिताब अपने नाम किया। हरिस ने फाइनल में सौर्य शेरवत को 2-6, 6-0, 7-5 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की।

यह जानकारी शुक्रवार को धूमनगंज हरवारा निवासी छात्र के पिता महफ़ूज़ खान ने दी। उन्होंने बताया कि इससे पहले चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में हरिस ने टॉप सीडेड अदयान कुमार सोनी को 6-4, 6-2 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। हरिस ने लगातार दूसरे सप्ताह अपनी जीत का क्रम जारी रखते हुए ये सफ़लता हासिल की है। ये जीत उनके अथक परिश्रम व प्रतिभा का प्रमाण है। उन्होंने प्रयागराज का नाम रोशन किया।

## गर्मी में डायरिया हुआ जानलेवा, युवती की मौत

**बांदा।** सूरज की तल्ख किरणों से तापमान बढने लगा है। तेज धूप के चलते दोपहर में सड़को पर सन्नाटा पसर जाता है। गर्मी से डायरिया के मरीज बढने लगे है। वही मौसमी परिवर्तन से बुखार जुखाम के भी मरीज आ रहे है। देहात कोतवाली क्षेत्र के हथौरा गांव निवासी राजरानी (30) पत्नी बच्चा गुरूवार की दोपहर उल्टी दस्त से पीड़ति थी। घरवालों ने पहले घरेलू उपचार किया। हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां शाम को उसकी मौत हो गई। डायरिया से पीड़ति रामपुर गांव निवासी अर्थव (3), कर्वी निवासी जगदीश (35), कालूकुआं निवासी सतरूपा (27) व आदित्य (30), भरखरी गांव निवासी वंदना (28), डीएवी कालेज मर्दन नाका निवासी लक्ष्मी (75), मर्दन नाका निवासी मंतशा (19), जरैली कोठी निवासी वंदना (40), महोखर गांव निवासी प्रिया (35), छेहरांव गांव निवासी संतोषी (40), मवई गांव निवासी लक्ष्मी (27), इटवां गांव निवासी राजुल (50) को भर्ती कराया गया।

# ट्रैक्टर–ट्राली की खिड़की से टकराकर छात्र की मौत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई जालौन।** जालौन सिरसा कलार थाना क्षेत्र के निबाहना में सुबह एक 13 वर्षीय छात्र की ट्रैक्टर की ट्रॉली की चपेट में आने से मौत हो गई खेत में पिता से मिलकर लौट रहे प्रियांशु की ट्रैक्टर-ट्राली की खिड़की से टकराकर मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में मातम पसर गया। प्रियांशु ट्यूशन से लौटकर खेत में अपने पिता जयबीर से मिलने गया था घर के बाहर बने चबूतरे पर वह दोस्तों के साथ बैठा था, तभी यह हादसा हो गया। गांव के ही धर्मेंद्र उर्फ गिन्नी ट्रैक्टर-ट्राली से गेहूं खाली कर लौट रहा था। अचानक एक झटका लगा और ट्राली की साइड में लगी खिड़की खुलकर प्रियांशु के सिर और सीने से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह वहीं गिर पड़ा। परिजन उसे तत्काल न्यामतपुर स्थित डॉक्टर कटियार के पास ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रियांशु की मौत से



» पिता से मिलकर लौट रहा था छात्र

परिवार में कोहराम मच गया है। वही घटना की सूचना पर सीओ शैलेन्द्र बाजपेई पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। थानाध्यक्ष राजीव बेस ने बताया कि ट्रैक्टर चालक धर्मेंद्र उर्फ गिन्नी के खिलाफ लापरवाही से मौत का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है

## एसपी ने समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश

**उरई जालौन।** पुलिस अधीक्षक जालौन डा दुर्गेश कुमार द्वारा पुलिस लाइन्स उरई में अपर पुलिस अधीक्षक एवं समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारीगण एवं चौकी प्रभारीगण के



साथ गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअली अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गयी । जिसमें शांति एवं कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, निरोधात्मक कार्यवाही, बीट प्रणाली, प्रचलित अभियान इत्यादि की समीक्षा कर सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । बड़ रहे अपराध पर नियंत्रण करने हेतु सम्बन्धितो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा व समस्त क्षेत्राधिकारी मौजूद थे

# श्रमदान में भागीदारी करने वाले अधिकारियों का लिया जायजा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई जालौन।** जल संरक्षण और जन भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद में नून नदी के संरक्षण हेतु श्रमदान अभियान जारी है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में चल रहे इस अभियान में जिला प्रशासन के अधिकारियों की सक्रिय भूमिका निर्धारित की गई है, जिससे प्रत्येक अधिकारी तय दिनांक पर श्रमदान में सहभागिता निभा रहा है।

इस क्रम में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास ने नून नदी स्थल पर पहुँचकर निरीक्षण किया और चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्वयं भी श्रमदान में भाग लेते हुए जनसमूह को प्रोत्साहित किया। इस अवसर जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। नून नदी पर



» जनपद में जल संरक्षण की दिशा में बड़ी पहल

लगातार जनसहयोग बढ़ता जा रहा है। आम नागरिकों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों एवं सामाजिक संगठनों की भागीदारी से यह अभियान जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। जिला प्रशासन का यह प्रयास न केवल जल स्रोतों के संरक्षण में सहायक सिद्ध हो रहा है, बल्कि समाज में जागरूकता का संचार भी कर रहा है।

# ठेकेदार को नियम विरुद्ध 12 करोड़ भुगतान करने का मुद्दा लोकसभा में गूंजेगा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** पीडब्ल्यूडी अधिकारियों द्वारा डिवाइडर और सड़क चैड़ीकरण कार्य पूरा कराए बगैर ठेकेदार को नियम विरुद्ध 12 करोड़ रुपये भुगतान करने का मुद्दा लोकसभा में गूंजेगा। क्षेत्रीय सांसद ने छात्र संघ पूर्व अध्यक्ष की शिकायत पर मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री को पत्र भेजकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की है। कहा कि वह यह मुद्दा लोकसभा में उठाएंगी।

कालूकुआं चैराहा से बबेरू रोड बाईपास चैराहे तक तीन किलोमीटर सड़क का चैड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रांतीय खंड लोक निर्माण की ओर से कराया जा रहा है। शासन ने इस मार्ग के लिए 22 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। फरवरी माह में करीब 12 करोड़ रुपये अवमुक्त किए गए थे। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुशील त्रिवेदी ने सांसद से मिलकर कहा कि विभागीय अधिकारियों ने निजी लाभ के लिए बिना कार्य कराए फर्जी माप दिखाकर नियम विरुद्ध 12 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। कार्य भी मानक



» सांसद ने मुख्यमंत्री को भेजी पीडब्ल्यूडी के भ्रष्टाचार की शिकायत

विहीन कराया जा रहा है। आगणन में मिक्चर प्लांट का प्राविधान किया गया है। जबकि पीडब्ल्यूडी ने कहीं भी मिक्चर प्लांट ही नहीं लगाया है। सांसद कृष्णा देवी पटेल ने मामले गंभीरता से लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री को इस संबंध में पत्र भेजा है। कहा है कि प्रकरण का संज्ञान लेते हुए शासन स्तर से जांच समिति गठित की जाए। भुगतान किए गए कार्यों की माप पुस्तिका से मिलान कराया जाए।

## जानलेवा हमले के आरोपी गिरफ्तार करने की मांग

**बांदा।** अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र राजेश गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक से बांदा निवासी शैलेंद्र गुप्ता को न्याय दिलाने की मांग की है। कहा कि उनके ऊपर किए गए जानलेवा हमले के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर उन्हें सुरक्षा मुहैया करायी जाए। प्रदेश अध्यक्ष ने शैलेंद्र के साथ हुयी घटना का हवाला देते हुए पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया कि 14 मार्च को बांदा निवासी शैलेंद्र गुप्ता के ऊपर अंकुर सिंह कछवाह ने चार पहिया गाड़ी से कुचलकर हत्या करने का प्रयास किया गया था। जिससे शैलेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका उपचार अस्पताल में चला। किसी तरह पीड़ति की जान बच पायी। घटना का मुकदमा कोतवाली नगर बांदा में दर्ज है। लेकिन अभी तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुयी। पीड़ति परिवार प्रशासन के पास अपनी फरियाद लेकर जाता रहा। अभी तक निष्पक्ष कार्यवाही नहीं हुयी।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ‘आदर्श’ को दी गई श्रद्धांजलि

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** वरिष्ठ पत्रकार व ग्राम प्रधान के युवा होनहार पुत्र के निधन पर शुक्रवार को उनके पैत्रक गांव पतौरा में गायत्री परिवार के अनुयायियों ने पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने को ईश्वर से प्रार्थना की गई।

बता दें कि बीते दिनों वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश त्रिपाठी और पतौरा ग्राम प्रधान विनीता त्रिपाठी के 28 वर्षीय पुत्र आदर्श त्रिपाठी का बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर भीषण सड़क हादसे में निधन हो गया था। हाल ही में आदर्श का विवाह संपन्न हुआ था और नई नवेली दुल्हन के हाथों की मेंहदी भी अभी तक नहीं छूटी थी। आदर्श के आकस्मिक निधन पर जहां समूचे पत्रकार जगत में शोक व्याप्त रहा, वहीं उनके पैत्रक आवास पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करने वालों का सिलसिला लगातार चलता रहा। दिवंगत



हवन-पूजन करते गायत्री परिवार के लोग।

» गायत्री परिवार के तत्वावधान में पतौरा गांव में हुआ हवन-पूजन

आत्मा की शांति के लिए परंपरागत तरीके से ब्राह्मण भोज के बाद शुक्रवार को गायत्री परिवार के लोगों की अगुवाई में पतौरा गांव में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन के माध्यम से दिवंगत आदर्श को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। चित्रकूट गायत्री शक्ति पीठ के प्रमुख डा.रामनारायण त्रिपाठी की अगुवाई में विधिवत हवन-पूजन किया गया और दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए हवन कुंड में आहुतियां डाली गईं। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे समेत परिजनों व रिश्तेदारों ने आहुतियों के माध्यम से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की और परिजनों को संबल प्रदान को प्रार्थना ईश्वर से की।

**नारेबाजी** पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने की जमकर नारेबाजी, कांग्रेस नेताओं पर सख्त कार्रवाई की मांग

# राहुल-सोनिया का भाजयुमो ने फूंका प्रतीकात्मक पुतला

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुए घोटालों और कांग्रेस द्वारा अराजकता व तोड़फोड़ के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता स्मारक अशोक लाट पर यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का प्रतीकात्मक पुतला फूंका। जमकर नारेबाजी करते हुए भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने घोटाले में शामिल कांग्रेस नेताओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर शुक्रवार को भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहित गुप्ता के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट के नजदीक स्वतंत्रता स्मारक अशोक लाट चैराहे पर यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का प्रतीकात्मक पुतला फूंका। इस दौरान भाजयुमो पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। कहा कि घोटालों का पर्दाफाश होने से देश और प्रदेश के कांग्रेसी बौखला गए हैं। आरोप लगाते हुए कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने करोड़ों रुपये की हेराफेरी की। यंग इंडिया की आड़ में अवैध रूप से जमीन हड़पी। इस मामले में दोनों मां-बेटा अभी भी जमानत पर हैं। नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग में कांग्रेस नेताओं के नाम आने से कांग्रेस कार्यकर्ता बौखलाहट में अराजकता व



राहुल-सोनिया का पुतला फूंकते भाजयुमो कार्यकर्ता।

तोड़फोड़ पर उतारू हो गए। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस ने सिर्फ घोटाला किया है। कहा कि मोदी सरकार में जांच एजेंसियां सही ढंग से कार्य कर रही हैं। इसी से कांग्रेस कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हो रहा है। कांग्रेस पार्टी इस देश को अपनी जागीर समझती है और राहुल, सोनिया गांधी देश की संपत्ति को अपनी

### पुतला दहन के दौरान गूंज मुर्दाबाद के नारे

स्वतंत्रता स्मारक अशोक लाट पर यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी के प्रतीकात्मक पुतला दहन के दौरान भाजयुमो पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सोनिया-राहुल मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने दोनों पुतलों पर लाठी-डंडे बरसा कर आक्रोश जताया। इस दौरान पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के हाथों में राहुल-सोनिया विरोधी तख्तियां लिए रहे।

मानते हैं। देश और प्रदेश की जनता को कांग्रेस की काली करतूतों का पता चलना चाहिए। कांग्रेस की पीढ़ियों से चल आ रही मनमानी और घोटाले सामने आने चाहिए। विरोध-प्रदर्शन और पुतला दहन के दौरान सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासू, सभासद आशीष गुप्ता, राममिलन तिवारी, उत्तम सक्सेना, संतोष गुप्ता, विवेक त्रिपाठी, धीरेंद्र सिंह धीरू, शैलेंद्र वर्मा, अनिल प्रजापति, अमर सिंह यादव, अनमोल द्विवेदी, आशीष अवस्थी, बाबूराम निषाद सहित आधा सैकड़ा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ शुरू

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** चार दिवसीय 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। पीत वस्त्रधारी महिलाओं ने गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर पूजन के साथ कलश स्थापित किया गया। कलश यात्रा के साथ महापुरुषों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान मंगल गान के साथ हम बदलेंगे, युग बदलेगा, एक बनेंगे नेक बनेंगे आदि प्रेरक नारों से पूरा इलाका गुंजायमान रहा।

तिंदवारी रोड स्थित तुलसी उपवन में चार दिवसीय 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। शोभा यात्रा का शुभारंभ जिला संघ चालक सुरेंद्र पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल गायत्री शक्तिपीठ संचालक डा.रामनारायण त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष मालती



» महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर यात्रा में लिया भाग

गुप्ता बासू, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, बड़ोखर खुर्द ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू और आरएसएस जिला कार्यवाह श्याम सुंदर ने संयुक्त रूप से किया। जगह जगह लोगों ने कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। सिर पर कलश रखकर पीत वस्त्रधारी महिलाओं ने गाजे-बाजे के साथ यात्रा निकाली।

## संपादकीय

# शिक्षा भी अनिवार्य अंग

शिक्षा किसी भी देश की सभ्यता और संस्कृति का अनिवार्य अंग है। शिक्षा के द्वारा न केवल व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है, वरन् सामाजिक एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भी यह करती है। नयी पीढ़ी अपनी संस्कृति के प्रति आस्था और निष्ठा उसी शिक्षा के माध्यम में रख सकती है, जिसका आधार उसकी अपनी संस्कृति हो। भारतवर्ष की सनातन सांस्कृतिक परम्परा में शिक्षा स्वयं में बहुअर्थगर्भित शब्द है । यहाँ शिक्षा का अभिप्राय साक्षरता अथवा शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की उपलब्धता मात्र नही है। शिक्षा यहाँ मानव-मन को शुभसंस्कारों से सुसज्जित करने का माध्यम है; मनुष्य को मनुष्य बनाने की कला है; उसमें सामाजिक दायित्वबोध का जागरण है और उदात्त मानव मूल्यों की प्राप्ति का कल्याणकारी संदेश है, जिसमें अक्षरजान, प्रमाण-पत्र आदि औपचारिकताओं का स्थान गौण है और मनुष्य का चारित्रिक उत्थान प्रधान है। व्यापक यूरोपीय प्रभाव के कारण जब से भारतीय समाज ने शिक्षा के उपर्युक्त स्वरूप और उद्देश्य को विस्मृत कर संस्थागत प्रमाणपत्रीय औपचारिक शैक्षणिक स्वरूप को ही शिक्षा के अर्थ में सीमित संकुचित कर दिया है तब से समाज शिक्षा के वास्तविक प्रकाश से वंचित होकर अशिक्षा एवं अज्ञान के घोर अंधकार में भटकता हुआ वैयक्तिक और सामाजिक पतन का शिकार हो रहा है। भारतीय शिक्षा के उद्देश्यों का ही चमत्कार है कि भारतीय संस्कृति ने संसार का सदैव पथ-प्रदर्शन किया है। भारतीय अवधारणा में शिक्षा का उद्देश्य मात्र जीविकोपार्जन तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि ज्ञानार्जन द्वारा व्यक्ति को आध्यात्मिकता के दिव्य गुणों से युक्त कर उसे धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष के पुरुषार्थ चतुष्टय के निष्पादन योग्य बनाना भी रहा है। प्राचीन भारत में शिक्षा मानवीय व्यक्तित्व के उच्चतम विकास के विशिष्ट उद्देश्य से ही संचालित थी। इस उद्देश्य की पूर्ति तभी संभव हो सकती है जब व्यक्ति को शरी बुद्धि और आत्मा के स्तर तक निखारा जा सके। शिक्षा के इसी दूरगामी उद्देश्य को सम्मुख रखते हुए प्राचीन आचार्यों ने अपने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा था कि – हे सौम्य, तू ज्ञान सम्पन्न हो, शारीरिक रूप से शत्रुओं का मर्दन करने वाला बलशाली हो, स्व में स्थित होकर विवेकशील बन व आत्म ज्योति से परिपूर्ण प्रज्ञावान् बन कर परम कल्याण को प्राप्त करते हुए जीवन में अपने समकक्षों से श्रेष्ठ बन (शुक्रोऽसि, भ्राजोऽसि, स्वरसि, ज्योतिरसि, आप्नुहि श्रेयांसमति संक्राम)। इस प्रकार यह देखा जा सकता है कि इस आह्वान के माध्यम से छात्र के समग्र विकास अर्थात शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक व आत्मिक उन्नति के लिए सचेष्ट किया गया है। इस प्रकार शिक्षा के दो पक्ष हुए एक लौकिक और दूसरा परलौकिक । यही कारण था कि भारत की प्राचीन शिक्षा ने भौतिक एवं आध्यात्मिक दोनों क्षेत्रों में ऐसे ज्ञान आविष्कृत किए, जिनके ऋणी आज भी विश्व के दार्शनिक व वैज्ञानिक हैं। अपनी इसी विशिष्ट शिक्षा पद्धति के कारण ही भारत ने सहस्त्राब्दियों तक न केवल विश्व का सांस्कृतिक मार्गदर्शन ही किया, अपितु कृषि, उद्योग, कला-कौशल, औषधि-विज्ञान, गणित-नक्षत्र विद्या तथा विज्ञान-तकनीकी के सभी क्षेत्रों में भी अग्रणी रहा। प्राचीन शिक्षा का उदेश्य मात्र व्यक्तिगत आध्यात्मिक व भौतिक उन्नति ही नहीं था अपितु इसका लक्ष्य लोक भावना से पूरित राष्ट्र निर्माण व विश्व बंधुत्व से ही अभिप्रेरित रहा। वस्तुत: प्राचीन भारत की सांस्कृतिक व भौतिक समृद्धि का मूल कारण यहाँ के लोक जीवन को समग्र एवं समावेशी भावना ही थी जो कि उस काल की विशिष्ट शिक्षा पद्धति के द्वारा निरन्तर पोषित होती रही। समग्र विकास का भारतीय प्रतिमान- भारतीय शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास था । व्यक्तित्व के समग्र विकास में बालक के चारित्रिक विकास तथा आध्यात्मिक विकास का उद्देश्य ही सर्वप्रमुख था । प्राचीन भारतीय शिक्षा ने अपने देश में ही नहीं, समूचे विश्व में ऐसा उच्चकोटि का आदर्श स्थापित किया, जिससे न केवल व्यक्ति का व्यक्तित्व समुन्नत हुआ, अपितु सम्पूर्ण देश और समाज का नाम ऊंचा हुआ । अहं (व्यक्ति) से वयं (कुटुम्ब) और फिर वयं से सर्वं (लोक) को संस्कारित करना ही शिक्षा का अभीष्ट है।

## कटाक्ष

हसन जैदी



# नेशनल हेराल्ड के चक्रव्यूह में सोनिया-राहुल



अरविंद जयतिलक

नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट दाखिल किए जाने के बाद जिस तरह कांग्रेस पार्टी की तिलमिलाहट बढ़ी है और उसके नेता धरना, प्रदर्शन के जरिए विरोध जता रहे हैं उससे साफ है कि कांग्रेस पार्टी अपने नेता सोनिया व राहुल गांधी को देश और संविधान से ऊपर मानकर चल रहे हैं। कांग्रेस अपने दलीलों के जरिए कुछ इस तरह की धारणाएं स्थापित करने की कोशिश में है मानों केंद्र सरकार जानबुझकर जांच एजेंसियों के जरिए सोनिया और राहुल गांधी को फंसाना चाहती है।

यह ठीक नहीं है। चूंकि यह मामला कांग्रेस समर्थित यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड और एसोसिएट जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के बीच वित्तीय अनियमितता से जुड़ा है लिहाजा इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा चार्जशीट दाखिल किया जाना कहीं से भी अनुचित नहीं है। प्रवर्तन निदेशालय का मकसद यंग इंडियन और एसोसिएट जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के हिस्सेदारी पैटर्न, वित्तीय लेनदेन और प्रवर्तकों की भूमिका अदालत के समक्ष लाना है। चूंकि यंग इंडियन के प्रवर्तकों और शेयर धारकों में सोनिया व राहुल गांधी समेत कई नेताओं के नाम शामिल हैं ऐसे में आवश्यक भी है कि सोनिया व राहुल गांधी अदालत के समक्ष पेश होकर अपना पक्ष रखें। आखिर वे सही हैं तो फिर सांच को आंच क्या? देश में जब सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून है, एक तरह की जांच-प्रक्रिया है तो फिर सोनिया व राहुल गांधी कानून से ऊपर कैसे हो सकते हैं? ध

्यान देना होगा कि गत वर्ष पहले इस मामले में आरोपित सोनिया व राहुल गांधी को आयकर विभाग द्वारा भेजे गए पुनर्मूल्यांकन के मामले में उच्च न्यायालय से कोई राहत नहीं मिली थी। तब आयकर विभाग ने राहुल गांधी को वित्तीय वर्ष 2011-12 के पुनर्मूल्यांकन का नोटिस भेजा था। आयकर विभाग ने पुनर्मूल्यांकन करने का फैसला इसलिए लिया था कि राहुल गांधी ने जानकारी नहीं दी थी कि वह वर्ष 2010 में यंग इंडियन के निदेशक थे। देश तब भी जानना चाहा था कि अगर आयकर विभाग पुनर्मूल्यांकन करना चाहता है तो इससे कांग्रेस को आपत्ति क्यों है? अगर सोनिया व राहुल गांधी से वित्तीय गड़बड़ी हुई है अथवा नहीं हुई इसका दूध का दूध और पानी का पानी तो अदालत में ही होगा न। उल्लेखनीय है कि नेशनल हेराल्ड का मामला 2013 में तब उठा था जब केंद्र में कांग्रेसनीत यूपीए की सरकार थी और डा0 मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे। इस मामले को भाजपा नेता और याचिकाकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा उठाया गया था। उस समय उच्च न्यायालय ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व उपाध्यक्ष राहुल गांधी को निचली अदालत में पेश होने का आदेश दिया। तब भी कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि यह साजिश है और इसके पीछे भाजपा का हाथ है। स्वयं तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी यह कहती सुनी गयी थी कि वह इंदिरा गांधी की बहू हैं इसलिए डरने वाली नहीं हैं। उनके इस रवैए से देश भर में यहीं संदेश गया था कि सोनिया व राहुल गांधी अपनी रसूख के दम पर अदालत में पेश होने की छूट चाहते हैं। आज भी उसी की पुनरावृत्ति होती दिख रही है। इस मामले को समझने के लिए नेशनल हेराल्ड मामले को समझना जरुरी है। नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र की मालिकाना कंपनी एसोसिएट्स जर्नल्स लिमिटेड है। पहले नेशनल हेराल्ड की कंपनी एसोसिएट जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को कांग्रेस ने 26 फरवरी, 2011 को 90 करोड़ रुपए का लोन दिया और उसके बाद पांच लाख रुपए से यंग इंडिया कंपनी बनायी। फिर 10-10 रुपए के 9 करोड़ शेयर यंग इंडिया को दिए गए। इसके बदले यंग इंडिया को कांग्रेस का लोन चुकाना था। लेकिन मजे की बात यह कि 9 करोड़ शेयर के साथ यंग इंडिया को एसोसिएट जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के 99 फीसदी शेयर तो हासिल हो गए लेकिन उसे कर्ज भी नहीं चुकाना पड़ा। यानी कांग्रेस ने उदारता दिखाते हुए 90 करोड़ रुपए का लोन माफ कर दिया। कांग्रेस का तर्क है कि इस प्रक्रिया में ऐसा कुछ भी गलत नहीं हुआ जिससे कानून का उलंघन हुआ हो। लेकिन यहां सवाल यह है कि बतौर एक राजनीतिक दल होते हुए कांग्रेस किसी कंपनी को लोन कैसे दे सकती है?

कांग्रेस का यह तर्क कि पार्टी अपनी पूंजी को जैसे चाहे वैसे खर्च कर सकती है यह उसकी नासमझी और तानाशाही को रेखांकित करता है। तब यह खुलासा हुआ था कि जिस यंग इंडिया लिमिटेड ने नेशनल हेराल्ड की कंपनी एसोसिएट जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को खरीदा उसमें सोनिया व राहुल गांधी की 38-38 फीसदी की हिस्सेदारी है। 24 फीसदी हिस्सेदारी कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और आस्कर फर्नांडीज की है। क्या इससे यह प्रमाणित नहीं होता है कि कांग्रेस पार्टी सोनिया व राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं को परोक्ष रुप से लाभ पहुंचाया है? क्या कांग्रेस इस तरह की आर्थिक उदारता एक सामान्य कांग्रेसी कार्यकर्ता के प्रति दिखा सकती है? अगर नहीं तो फिर ऐसे में याचिकाकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी की यह दलील सर्वथा उचित ही है कि कांग्रेस ने यंग इंडियन को एजेएल को खरीदने के लिए असुरक्षित कर्ज दिया। याचिकाकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी का यह भी तर्क है कि इस हेरा-फेरी का मकसद दिल्ली में बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित हेराल्ड हाउस की 2000 करोड़ रुपए की संपत्ति को कब्जाना था। अगर याचिकाकर्ता के इस दलील में दम है तो फिर इसकी जांच क्यों नहीं होनी चाहिए? मामला सतह पर आने के बाद कांग्रेस द्वारा दलील दिया गया कि हेराल्ड हाउस को पासपोर्ट ऑफिस के लिए किराए पर दिया गया। लेकिन यहां सवाल यह है कि जब तत्कालीन केंद्र की सरकार ने अखबार चलाने के लिए जमीन दी तो फिर उसका व्यवसायिक इस्तेमाल क्यों किया गया? क्या यह कानून के खिलाफ नहीं है? गौर करें तो सवाल यहीं तक सीमित नहीं है। याचिकाकर्ता का आरोप यह भी है कि चूंकि इस खेल में हवाला का पैसा लगा है लिहाजा सोनिया व राहुल गांधी के विरुद्ध टैक्स चोरी और धोखाधड़ी का मामला बनता है। उल्लेखनीय तथ्य यह भी है कि फेमा वॉयलेशन की शिकायत सही पाए जाने पर ही सोनिया व राहुल के खिलाफ रेग्यूलर केस दर्ज हुआ है। चूंकि इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस को राजनीतिक दल होने के बावजूद व्यवसायिक लेन-देन में शामिल होने को लेकर नोटिस दिया इसलिए इस मामले की गंभीरता और बढ़ गई।

कांग्रेस का यह तर्क बेमानी है कि उसने एजेएल में 90 करोड़ का ट्रांजेक्शन व्यवसायिक कार्य के लिए नहीं बल्कि विचारधारा के लिए किया। मान भी लिया जाए कि कांग्रेस ने अपनी विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए ऐसा किया तब भी सवाल बनता है कि फिर उसने नेशनल हेराल्ड को जीवंतता क्यों नहीं होने दी? गौरतलब है कि पंडित जवाहर लाल नेहरु ने आजादी के दौरान 8 सितंबर, 1938 को लखनऊ में नेशनल हेराल्ड अखबार की स्थापना की। आजादी के उपरांत यह अखबार कांग्रेस का मुखपत्र बन गया और घाटे के चलते 2008 में छपना बंद हो गया। अखबार बंद होने के बाद कांग्रेस की नजर नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों पर टिक गयी और उसने हेरा-फेरी शुरु कर दी। थोड़ी देर के लिए मान भी लिया जाए कि नेशनल हेराल्ड की कंपनी एसोसिएट जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) घाटे में थी तो उस समय की तत्कालीन मनमोहन सरकार उसके कर्ज को माफ क्यों नहीं की? कांग्रेस ने नई कंपनी का गठन क्यों किया? क्या यह रेखांकित नहीं करता है कि उसने यह खेल नेशनल हेराल्ड की हजारों करोड़ की संपत्ति को हथियाने के लिए किया? अगर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने वर्ष 2010 में यंड इंडियन के निदेशक होने के बावजूद भी इस तथ्य को आयकर विभाग से छिपाया तो यह कार्य न केवल भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है बल्कि यह कृत्य देश को गुमराह करने वाला भी है। सच कहें तो कांग्रेस का रवैया ठीक उसी तरह है जैसे कोई सुदखोर कर्जदार का ऋण माफकर उसकी पूरी संपत्ति ही हड़प ले और दोष दूसरे के मत्थे मढ़ दे। **(लेखक के अपने विचार हैं)**

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# बीजेपी की मजबूरी है तमिलनाडु में गठबंधन की सियासत



संजय सक्सेना

भारतीय जनता पार्टी और दिवंगत जयललिता की पार्टी एआईएडीएमके के बीच तमिलनाडु में 2026 के विधानसभा चुनाव को लेकर हुआ गठबंधन ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक पार्टी की नींद उड़ा दी है। यह गठबंधन बीजेपी के रणनीतिकार अमित शाह की देन बताई जा रही है।हालांकि अभी तक दोनों दलों के दिल मिलते नहीं दिखाई दे रहे हैं। वजह हैं एआईएडीएमके नेता ई. पलानीस्वामी के बयानों में बार-बार आ रहा असमंजस। तमिलनाडु की राजनीति में यह कोई पहला मौका नहीं है जब चुनावी गणित के चलते विरोधी दलों ने हाथ मिलाया हो, लेकिन सत्ता साझा करने को लेकर जो स्पष्टता होनी चाहिए, उसकी यहां भारी कमी नजर आ रही है। अमित शाह ने खुद चेन्नई जाकर गठबंधन की सार्वजनिक घोषणा की, यहां तक कि दावा भी कर दिया कि अगली सरकार तमिलनाडु में एआईएडीएमके-बीजेपी की होगी। लेकिन जब पलानीस्वामी से इस बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने साफ कह दिया कि उनका बीजेपी के साथ सिर्फ चुनावी गठबंधन है, सरकार साझा नहीं की जाएगी। इससे बड़ा संकेत और क्या हो सकता है कि गठबंधन का भविष्य बेहद अनिश्चित है। यह सब तब हो रहा है जब बीजेपी ने अन्नामलाई जैसे उभरते नेता को हटाकर नैनार नागेंद्रन को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया। तब माना गया कि पलानीस्वामी की शर्त पूरी कर दी गई है और अब गठबंधन में कोई बाधा नहीं रहेगी। लेकिन अब जिस तरह से एआईएडीएमके लगातार यह कह रही है कि बीजेपी के साथ मिलकर सिर्फ चुनाव लड़ेंगे, सरकार नहीं बनाएंगे, उससे साफ है कि उनके इरादे पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि कहीं यह गठबंधन केवल अन्नामलाई को हटवाने की रणनीति तो नहीं थी? जिस प्रकार से पलानीस्वामी ने पहले अन्नामलाई के खिलाफ मुखर विरोध जताया और अब अन्नामलाई की विदाई के बाद भी नए मुद्दे खड़े किए जा रहे हैं, उससे संदेह और भी गहराता जा रहा है। गौरतलब है कि तमिलनाडु की राजनीति में हिंदी विरोध, सांस्कृतिक पहचान, और क्षेत्रीय स्वाभिमान जैसे मुद्दे हमेशा हावी रहे हैं। ऐसे में बीजेपी जैसी राष्ट्रीय पार्टी से जुड़ाव अक्सर द्रविड़ दलों के लिए एक राजनीतिक जोखिम बन जाता है। पलानीस्वामी भी शायद इसी वजह से खुलकर बीजेपी के साथ सत्ता साझा करने से बच रहे हैं। वह एक तरफ डीएमके को सत्ता से हटाने के लिए बीजेपी के समर्थन का लाभ उठाना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर बीजेपी से दूरी बनाकर अपने क्षेत्रीय वोट बैंक को भी साधना चाहते हैं। यही वजह है कि वह बार-बार स्पष्ट कर रहे हैं कि केंद्र में नरेंद्र मोदी नेता होंगे और तमिलनाडु में सिर्फ वह यानी पलानीस्वामी। इससे संकेत मिलता है कि एआईएडीएमके नहीं चाहती कि तमिलनाडु में बीजेपी को ज्यादा ताकत मिले। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस तरह का गठबंधन तमिलनाडु की राजनीति में नया नहीं है। डीएमके और एआईएडीएमके ने अक्सर चुनावों में गठबंधन किए हैं, लेकिन राज्य की सत्ता में आने के बाद अपने सहयोगियों को सत्ता में भागीदारी देने से कतराते रहे हैं। डीएमके, कांग्रेस और वाम दलों के साथ मिलकर चुनाव जीतती है, लेकिन सरकार सिर्फ डीएमके की बनती है। कुछ ऐसा ही पैटर्न अब एआईएडीएमके भी अपनाना चाहती है। यानी चुनावी फायदा लेने के लिए बीजेपी के साथ हाथ मिलाया जाए, लेकिन सत्ता में उन्हें हिस्सा न दिया जाए। इससे लगता है कि जयललिता की पार्टी, बीजेपी को कहीं सिर्फ एक वोट बैंक के तौर पर तो इस्तेमाल नहीं कर रही है।क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 11 फीसदी से अधिक वोट हासिल हुए थे,जो किसी भी चुनाव में किसी भी दल की जीत हार का अंतर कम और बढ़ा सकते हैं। अगर हम आंकड़ों पर नजर डालें तो 2021 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी और एआईएडीएमके के गठबंधन को लगभग 40 फीसदी वोट मिले थे, जबकि डीएमके और उसके सहयोगियों को 45 प्रतिशत। यानी मुकाबला कड़ा था। लेकिन जब 2023 में अन्नामलाई को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, तब से एआईएडीएमके के साथ बीजेपी के रिश्तों में खटास आ गई। आखिरकार 2023 में यह गठबंधन टूट गया। 2024 के लोकसभा चुनाव में दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा, और नुकसान दोनों को हुआ। एआईएडीएमके को 20.46 फीसदी वोट मिले और बीजेपी को अकेले 11.24 प्रतिशत, यानी एनडीए को कुल 18.28 प्रतिशत। अगर ये दोनों साथ होते तो आंकड़ा लगभग 41 फीसदी के पास पहुंचता, जो डीएमके गठबंधन के 47 प्रतिशत के मुकाबले कुछ हद तक टक्कर दे सकता था। बीजेपी को इस आंकड़े से यह सीख जरूर मिली कि तमिलनाडु में वह अकेले दम पर अभी सत्ता में नहीं आ सकती। इसलिए उन्होंने फिर से एआईएडीएमके से हाथ मिलाने का फैसला किया। लेकिन अन्नामलाई जैसे नेता की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता और आक्रामक शैली को देखकर पलानीस्वामी ने शायद खतरे की घंटी महसूस की और अन्नामलाई को हटाने की शर्त रख दी। बीजेपी ने यह शर्त मानकर नैनार नागेंद्रन को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया, लेकिन अब भी एआईएडीएमके का रुख सख्त है। इस पूरे घटनाक्रम से यही प्रतीत होता है कि पलानीस्वामी गठबंधन के नाम पर केवल राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं, लेकिन सत्ता में बीजेपी को साझीदार बनाने से कतरा रहे हैं। यहां एक और दिलचस्प बात यह है कि तमिलनाडु बीजेपी के नए अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने इस पूरे विवाद पर बहुत सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार बनाने का फैसला दोनों पार्टियों के नेतृत्व द्वारा सही समय पर किया जाएगा। यानी फिलहाल बीजेपी भी खुलकर कुछ कहने से बच रही है। अमित शाह ने भी सीटों के बंटवारे को लेकर यही बात दोहराई थी कि उचित समय पर सब स्पष्ट किया जाएगा। इससे यह साफ होता है कि बीजेपी पलानीस्वामी के बयानों से नाराज तो है लेकिन अभी किसी टकराव की स्थिति नहीं बनाना चाहती। लेकिन क्या बीजेपी का यह नरम रवैया उसे लंबे समय तक नुकसान नहीं पहुंचाएगा? क्योंकि, अगर चुनाव जीतने के बाद भी उसे सत्ता में हिस्सेदारी नहीं मिलेगी, तो उसके कार्यकर्ताओं में निराशा बढ़ेगी। इससे पार्टी की छवि कमजोर होगी और तमिलनाडु जैसे राज्य में जहां बीजेपी अब तक सत्ता से दूर रही है, वहां वह अपनी पहचान मजबूत नहीं कर पाएगी। वहीं पलानीस्वामी का यह दोहरा खेल यह दिखाता है कि वह एक तरफ बीजेपी का सहारा लेकर डीएमके को हराना चाहते हैं, लेकिन दूसरी ओर बीजेपी को सत्ता से बाहर रखकर अपनी पार्टी की स्थिति को मजबूत भी करना चाहते हैं। यह रणनीति चतुर जरूर है, लेकिन स्थायित्व के लिहाज से बेहद खतरनाक भी है। **(लेखक के अपने विचार हैं)**

## कविता




कल्पना सिंह चिटनिश

### मरघट में एक और जश्न

जाने कितनी मन्नतें मानकर
उसने एक सुबह मांगी थी,
और सूरज की चुटकी भर सिंदूरी
किरण से
अपनी मांग सजाई थी।
पर समाज के अवैध खाते में
एक स्त्रियोचित कर्ज था वह,
जिसे अदा करते-करते
वह पूरी की पूरी चुक गयी
और उसकी सुबह
रात के हवाले कर दी गई।
फिर इंसानियत के मरघट में
दहेज़ ने एक और चिता सजाई,
हवस ने एक और जश्न मनाया।

# भुखमरी से झेल रहे पाकिस्तान को चाहिए भारत से नफरत नहीं उससे बराबरी करें




अजय कुमार

1947 में पाकिस्तान की बुनियाद हिन्दुओं से नफरत के कारण पड़ी थी। आज करीब 77 वर्षों के बाद भी पाकिस्तान हिन्दुओं के प्रति ऐसा ही रवैया लेकर आगे बढ़ रहा है। पाकिस्तान में जितने भी प्रधानमंत्री या सेना प्रमुख हुए वह भारत के खिलाफ हमेशा जहर उगलते और आतंकवादियों को संरक्षण देते रहें। आज भी यह सिलसिला जारी है। इसी परिपाटी को आगे बढ़ाते हुए पाक की फौजी हुकूमत एक बार फिर पुराना राग अलाप रही है। इस्लामाबाद में हाल ही में हुए प्रवासी पाकिस्तानियों के सम्मेलन में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने कश्मीर के मुद्दे पर उकसाने वाले बयान दिए, जिनसे न केवल क्षेत्रीय शांति को नुकसान हुआ है, बल्कि यह भी साफ हो गया कि पाकिस्तान की सत्ता संरचना अब भी नफरत और विघटन की राजनीति को अपनी ताकत मानती है। मौजूदा जनरल मुनीर का हाल ही में दिया गया बयान, जिसमें उन्होंने कश्मीर को पाकिस्तान की 'गले की नस' बताया,ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पाकिस्तान की सोच में कोई बदलाव नहीं आया है। यही सब पिछले कई दशकों से पाकिस्तान की फौजी हुकूमत द्वारा लगातार दोहराया जाता रहा है। पाकिस्तान के जनरल यह हमेशा कहते रहे हैं कि कश्मीर पाकिस्तान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इसे कभी भी पाकिस्तान से अलग नहीं होने दिया जाएगा। लेकिन क्या इस विचारधारा ने पाकिस्तान को किसी प्रकार का लाभ पहुंचाया है? पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था जर्जर हो चुकी है, आतंकवाद की पोषक छवि बन चुकी है और वैश्विक मंच पर वह अलग-थलग पड़ा हुआ है। पाकिस्तान की वर्तमान स्थिति किसी से छिपी नहीं है। इन्हीं हरकतों के कारण वह आर्थिक रूप से कमजोर होता जा रहा है। आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार 2025 के शुरुआती महीनों में पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार महज 3.1 अरब डॉलर था, जो मुश्किल से कुछ हफ्तों का आयात खर्च चला सकता है। महंगाई दर 30 प्रतिशत के पार जा चुकी है, बेरोजगारी करीब नौ प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और जनता राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता से त्रस्त है। ऐसे में पाकिस्तान की फौजी हुकूमत का इस प्रकार का उकसावे भरा बयान यह दर्शाता है कि पाकिस्तान के पास अब कोई दूसरा उपाय नहीं बचा है, सिवाय इसके कि वह अपने लोगों का ध्यान भटकाने के लिए पुराने और साम्प्रदायिक मुद्दों को उछाले। बलूचिस्तान में अलगाववाद की लपटें तेज होती जा रही हैं, और वहां के लोग पाकिस्तानी सेना और सरकार के खिलाफ खुलेआम विद्रोह कर रहे हैं। बलूच विद्रोहियों ने हाल ही में पाकिस्तानी सेना के कई ठिकानों पर हमले किए हैं, जिससे पाकिस्तान के भीतर की अस्थिरता को और भी बढ़ावा मिला है। जनरल मुनीर का यह कहना कि बलूचिस्तान पाकिस्तान का अभिमान है और कोई इसे नहीं छीन सकता, इस बात का स्पष्ट संकेत है कि उन्हें बलूचिस्तान की स्थिति को लेकर गंभीर चिंता है। पाकिस्तान के भीतर के लोग यह सवाल कर रहे हैं कि आखिर कब तक कश्मीर के नाम पर उन्हें गुमराह किया जाएगा, जब उनके घरों में रोटियां पकने की स्थिति नहीं है? यह सवाल पाकिस्तान की युवा पीढ़ी में और सोशल मीडिया पर गहराई से उठ रहा है, जहां सेना की आलोचना अब आम बात हो गई है। कई लोग खुलकर कह रहे हैं कि भारत के साथ फिर से मिल जाना ही बेहतर होता, जो एक संकेत है कि पाकिस्तान में अब लोग अपनी असल समस्याओं के बारे में गंभीर हो रहे हैं। जनरल मुनीर ने अपने भाषण में विदेशों में बसे पाकिस्तानियों से अपील की कि वे अपने बच्चों को यह सिखाएं कि पाकिस्तान क्यों बना और हिंदू और मुसलमान कभी एक जैसे नहीं हो सकते। उनका यह बयान पाकिस्तान की संस्कृति और पहचान को हिंदुओं से श्रेष्ठ बताने वाला था, जबकि आज की वैश्विक दुनिया में यह सोच पूरी तरह से अप्रासंगिक हो चुकी है। टू नेशन थ्योरी, जिसकी नींव पर पाकिस्तान बना था, वह 1971 में ही धराशायी हो गई थी, जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान से अलग होकर अपनी स्वतंत्रता प्राप्त की थी। यह विभाजन यह साबित करता है कि धर्म के आधार पर बनी राष्ट्र की अवधारणा टिकाऊ नहीं हो सकती, और पाकिस्तान की असफलता इस सिद्धांत का प्रमाण बन चुकी है। आज बलूच, सिंधी और पख्तून समुदाय भी अपनी अस्मिता की लड़ाई लड़ रहे हैं, और यही पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा है। जनरल मुनीर को यह डर सता रहा है कि अगर उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ नफरत का एजेंडा नहीं चलाया, तो पाकिस्तान की नई पीढ़ी उनसे सवाल पूछेगी। इसलिए वह कमजोर और अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को एक बार फिर दुश्मन के तौर पर पेश कर रहे हैं, जबकि पाकिस्तान में बचे-खुचे हिंदू समुदाय की स्थिति बेहद दयनीय है। 1947 में पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी 23 प्रतिशत थी, जो आज घटकर महज 3 प्रतिशत रह गई है। या तो वे पलायन कर गए, मारे गए, या फिर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर कर दिए गए। फिर भी, जनरल मुनीर को इनसे डर क्यों लगता है? क्योंकि वह जानते हैं कि यदि नफरत का यह माहौल समाप्त हो गया, तो पाकिस्तान के सत्ता ढांचे की बुनियाद हिल जाएगी। पाकिस्तान की मशहूर सीरीज जिंदगी गुलज़ार है में भी यह दिखाया गया था कि पाकिस्तान में हिंदुओं को किस प्रकार हाशिए पर रखा जाता है, और यह किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की स्थिति बहुत खराब है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब अल्पसंख्यक समुदाय पहले से ही इतना शोषित है, तो उनके खिलाफ नफरत फैलाने की आवश्यकता क्यों महसूस की जा रही है? अंतरराष्ट्रीय पत्रकार और न्यूयॉर्क टाइम्स के लेखक ताहा सिद्दीकी ने एक्स पर लिखा था कि जनरल असीम मुनीर बच्चों के दिमाग में जहरीली सोच भरना चाहते हैं ताकि उनका ब्रेनवॉश किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुनीर दो राष्ट्र सिद्धांत का प्रचार कर रहे हैं, जो 1971 में ही असफल हो चुका था। यह बयान यह दर्शाता है कि जनरल मुनीर पाकिस्तान के भीतर की अस्थिरता और विघटन को लेकर बेहद चिंतित हैं। परवेज मुशर्रफ, जिन्होंने कारगिल युद्ध छेड़कर भारत से सीधा टकराव किया था, उन्होंने भी कश्मीर को हथियाने के लिए हर संभव प्रयास किया था। उन्होंने आतंकवाद को राज्य नीति का हिस्सा बनाया और भारत में कई आतंकवादी हमले कराए थे। अब जनरल मुनीर भी वही भाषा बोल रहे हैं। इससे यह सवाल उठता है कि क्या पाकिस्तान फिर से वही आत्मघाती रास्ता अपनाना चाहता है? पाकिस्तान अब कमजोर है, लेकिन उसकी सेना और खुफिया एजेंसियां अभी भी आतंकवाद को हथियार बनाकर भारत को अस्थिर करने की कोशिश करती रहेंगी। जम्मू-कश्मीर में हालिया समय में आतंकवादी गतिविधियों में थोड़ी कमी आई है, लेकिन यह मानना भूल होगी कि खतरा पूरी तरह से टल गया है। भारत को पाकिस्तान की असलियत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर करते रहना चाहिए। साथ ही, पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर को भी भारत में पुनः शामिल करने की दिशा में कूटनीतिक प्रयास तेज किए जाने चाहिए। भारत को दुनिया को यह दिखाना होगा कि वह शांति चाहता है, लेकिन अपनी सीमाओं की रक्षा भी जानता है। जहां तक पाकिस्तान की बात है,वह 77 साल तक भारत से दुश्मनी का नतीजा देख चुका है,अच्छा होगा कि पाकिस्तान,भारत से लड़ने झगड़ने की बजाये उसके विकास कार्यो से बराबरी करे। **(लेखक के अपने विचार हैं)**



## एक नजर

### डीएम ने गो आश्रय स्थल का किया निरीक्षण



मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने विकासखंड रतनपुरा स्थित वृहद गो आश्रय स्थल कुड़वा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस हो आश्रय स्थल पर कुल 114 निराश्रित गोवंश संरक्षित है। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी ने निराश्रित गोवंशो को हिट वेव (गर्मी) से बचाव हेतु सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीन शेड को वाइट पेंट कराने के साथ ही साथ गो आश्रय स्थल के चारों तरफ लगाए गए कवर पर पानी का छिड़काव करते रहने के निर्देश दिए जिससे गो वंशों को गर्मी से राहत मिल सके। इसके अलावा उन्होंने पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था अनवरत सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गो आश्रय स्थल पर स्थित भूसा एवं गुड़ चोकर आदि की भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने संबंधित खंड विकास अधिकारी को गेहूं की फसल की कटाई सीजन के चलते अभी ही पर्याप्त मात्रा में भूसा क्रय करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने दान में भूसा प्राप्त करने हेतु भी लोगों से संपर्क करने को कहा। इसके अलावा जिलाधिकारी द्वारा पर्याप्त मात्रा में हरे घास की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला अधिकारी ने पशुपालन विभाग के संबंधित अधिकारी को पशुओं का नियमित मेडिकल चेकअप करते रहने के साथ ही बीमारी की अवस्था में दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय चैंपियन टीम में कोच बनकर किया नाम रोशन



मऊ। कोटा राजस्थान में 20 अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल 2025 तक आयोजित होने वाली कुश्ती प्रतियोगिता के अंडर 20 जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए मऊ जनपद के ठकुरमनपुर निवासी एवं अयोध्या के कुश्ती कोच को उत्तर प्रदेश कुश्ती टीम के प्रशिक्षक मण्डल में उत्तर प्रदेश कुश्ती एसोसिएशन द्वारा नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश की टीम के पहलवानों का चयन विगत 05-07 अप्रैल 2025 की अवधि के दौरान बागपत में आयोजित प्रदेश स्तरीय अंडर 20 जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता में हुआ है। जनपद मऊ के निवासी कोच को राष्ट्रीय चैंपियनशिप के टीम का कोच बनाए जाने पर नवरत्न यादव न जनपद मऊ का नाम रोशन किया है नेहरू युवा केन्द्र मऊ एवं जनपद के खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामना दिया। इस अवसर पर रवि पहलवान,प्रिंस यादव,अभिनव सिंह,सौरभ मौर्य, यादव,हेमंत मौर्य,गोल्डन उपाध्याय,नीरज कुमार यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

### गेहूं काटने के विवाद को लेकर चली लाठी

मऊ। जनपद के कोपागंज थाना क्षेत्र के सोडसर गांव में शुक्रवार की भोर में गेहूं काटने के विवाद को लेकर चाचा-भतीजे के बीच विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ी कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पहले लाठी-डंडे से हमला किया। इसके बाद एक दूसरे पर फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में अभिषेक यादव के बाएं कंधे पर गोली लगी है, जबकि तीन लोग घायल हैं। इनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। कोपागंज एसओ विजय प्रताप मौर्य ने बताया कि पुलिस दोनों पक्षों के घायलों के उपचार करा रही है। खबर लिखे जाने तक दोनों पक्षों से तहरीर नहीं मिली थी, लेकिन यह विवाद कल की बारिश में गेहूं की फसल खराब होने का कारण बताया जा रहा है। उसमें एक पक्ष का आरोप है कि कहने के बाद भी फसल नहीं काटी गई थी, जिससे बारिश से फसल खराब हो गई।

### वाट लगा रहे दुकानदार ग्राहकों के भरोसे की

तमकुहीराज (कुशीनगर)। गांव हो या शहर , छोटा बाजार हो या बड़ा आपको सरेआम घटतौली करके प्रतिदिन ठगा जाता है । ग्राहक पूरे विश्वास के साथ दुकानदारों से सामान खरीदने जाते हैं । लेकिन दुकानदार ग्राहकों के भरोसे का ₹ वाट ₹ लगा देते हैं ।1 किलो के बदले 850 ग्राम से लेकर 900 ग्राम ही होता है ग्राहकों की शिकायत पर विश्ववार्ता की टीम शुक्रवार को स्थानीय कस्बा के सब्जी मंडी व मछली मंडी की स्थिति को देखा तो दृश्य चौंकाने वाले था । मछली और सब्जी बेचने वाले अधिकांश दुकानदारों के तराजू का कोई लाइसेंस नहीं था दुकानदार देसी तराजू का प्रयोग करते देखे गये । बहुत दुकानदारों को यह अभी पता नहीं था कि तराजू का लाइसेंस भी लेना होता है । हालांकि कुछ दुकानदार इलेक्ट्रॉनिक कांटे रखे जरूर थे पर ऐसा सेटिंग कर रखे थे की मशीन सब्जियों से ढका रहे और ग्राहकों को ना दिखे की वजन कितना है । दुकानदार जल्दी-जल्दी वजन कर पालीथिन या झोले में सामान रखकर थमा देते हैं । अधिकतर ग्राहक भरोसा कर पैसा देकर चले जाते हैं । कोई पूछ दे तो उनको विवाद का सामना करना पड़ जाता है । माफ तौल विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण दुकानदार बिना सत्यापन वाले वाट - बटखरे का इस्तेमाल करते हैं । लोगो का कहना है कि प्रशासन को अभियान चलाकर जांच करनी चाहिए लेकिन किसके दबाव में बाट - माप विभाग खामोश पड़ा है । जानकार बताते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक वाट मशीन के मीटर में छेड़छाड़ करके शार्टज कर दिया जाता है । ऐसा माप- तौल विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों की मिली भगत से मीटर में छेड़छाड़ कर मशीन को डबल वायर सेलिंग कर दिया जाता है जिसके कारण मशीन से घटतौलीआसानी से होती रहती है। पहली बार विभाग द्वारा भौतिक सत्यापन करने पर कोई गड़बड़ी मिलती है तो संबंधित दुकानदार के विरुद्ध ₹5000 का जुर्माना लगाया जाता है इसके बाद भी दुकानदार घाटोली करने से पीछे नहीं हटता है तो उसे 6 माह तक की सजा और जुर्माना दोनों हो सकता है।

### नौ दिवसीय रामकथा का भव्य शुभारंभ

तिंदवारी। कस्बे के मुख्य मार्ग पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सिर पर कलश रखे महिलाओं की टोली जब निकली तो कस्बे का वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा पर कस्बे में कई जगह पुष्प वर्षा की गई। बैंडबाजों की धुन व भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कलश यात्रा कथा पंडाल में पहुंची, जहां समापन किया गया। पहले दिन कथा व्यास ने कहा कि रामचरित मानस जीवन को सही दिशा देती है। इससे व्यक्ति की दिशा और दशा बदल जाती है।

नौ दिवसीय श्री राम कथा के शुभारंभ अवसर पर शुक्रवार की सुबह कस्बा स्थित बड़ी भवानीदाई मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सिर पर कलश रखे महिलाओं की टोली जब निकली तो कस्बे का वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा पर कस्बे में कई जगह पुष्प वर्षा की गई। बैंडबाजों की धुन व भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कस्बे के प्रमुख मार्गों का भ्रमण के बाद कलश यात्रा मौनीबाबा आश्रम में खत्म हुई। कथा व्यास स्वामी अवधेशदास महाराज ने कहा कि संत समागम और राम कथा अत्यंत दुर्लभ है, सभी ग्रंथों का निचोड़ रामचरितमानस में है। जीवन का आधार ही राम नाम है। श्रीराम कण-कण में रमण करने वाली शक्ति है। श्रीराम की कथा का श्रवण करने से इंसान भवसागर से पार हो जाता है। श्रीराम की भक्ति मन, वचन और कर्म की शुद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। भगवान राम के आदर्शों को अपनाने से जीवन धन्य हो जाता है। राम कथा सुनना केवल पुण्य अर्जन नहीं, बल्कि आत्मा को जागृत करने का भी माध्यम है। सूर्य, चंद्रमा, अग्नि, वायु सभी में राम नाम की शक्ति समाहित है। गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कथा व्यास ने कहा कि राम नाम का जाप और राम कथा के श्रवण का जब भी मौका मिले, वहां निश्चित रूप से पहुंचे।

# डीएम की पहल पर राजकीय आईटीआई में कल होगा कार्यशाला का आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

देवरिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर ने बताया कि जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की विशेष पहल एवं निर्देशन पर 20 अप्रैल 2025, रविवार को प्रातः 9:00 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), देवरिया के परिसर में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में आईएएस, पीसीएस बनने का सपना संजोने वाले सभी युवा प्रतिभाग कर सकते हैं। यह कार्यशाला पूर्णतया निःशुल्क है।

इस कार्यशाला का उद्देश्य जिले के उन युवाओं और छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान करना है, जो आईएएस, पीसीएस तथा अन्य प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। यह कार्यशाला न केवल छात्रों को परीक्षा की बेहतर रणनीति, उत्तर लेखन कौशल, समय प्रबंधन, मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास के निर्माण जैसे विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों से सीधे संवाद का अवसर भी प्रदान करेगी।

कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले प्रमुख वक्ता जनपद के अनुभवी प्रशासनिक अधिकारी होंगे, जिनमें जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल (आईएएस), मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रत्यूष पांडेय (आईएएस), ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर श्रुति शर्मा (आईएएस), श्री धीरेन्द्र यादव (पीसीएस) तथा श्री हरिशंकर लाल



आईएएस,पीसीएस बनकर राष्ट्र सेवा करने का सपना संजोने युवाओं को मिलेगा मार्गदर्शन

(पीसीएस) सहित अन्य अधिकारीगण शामिल रहेंगे। अपने-अपने प्रशासनिक अनुभवों, परीक्षा तैयारी की व्यक्तिगत यात्रा और चुनौतियों के समाधान की दिशा में दिए गए सुझावों के माध्यम से ये अधिकारी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगे। कार्यशाला के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राएँ अपनी तैयारी से जुड़ी जिज्ञासाओं को सीधे अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे, जिससे उन्हें सही मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यह संवाद प्रतिभागियों में आत्मविश्वास का संचार करेगा तथा उन्हें उचित अध्ययन पद्धति और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

यह कार्यशाला पूर्णतः निःशुल्क है तथा किसी भी प्रकार के पंजीकरण शुल्क की आवश्यकता नहीं है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे समस्त युवाओं से अनुरोध है कि वे समय से कार्यशाला स्थल पर पहुँचकर इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाएँ और अपने भविष्य को सुनियोजित दिशा में अग्रसर करें।

## चर्चाओं में रहता है बड़ौदा यूपी बैंक भाटपार रानी दलालों का दबदबा

विश्ववार्ता संवाददाता

भाटपार रानी देवरिया। भाटपार रानी उपनगर का चर्चाओं में रहने वाला प्रमुख बैंक बड़ौदा यूपी बैंक इस समय चर्चा का केंद्र बना हुआ है नगर के एक व्यापारी ने बताया कि उसका 2 लाख का सीसी लोन है जिसे वह जमा करके ऋण मुक्त होना चाहता है लोन लेते समय बैंक ने एल आई सी का बाण्ड बंधक के रूप में रखा था ,व्यापारी 2 महीना पूर्व बैंक शाखा प्रबंधक से मिला और बताया कि वह अपना लोन का पैसा जमा करके ऋण मुक्त होना चाहता है और अपना LIC का BOND वापस चाहता है उसे समय शाखा प्रबंधक ने बताया कि आपने जो BOND बंधक रखा है वह बैंक द्वारा एल आई सी को भेजा जाएगा और उसका भुगतान आपके इसी खाते में आएगा व्यापारी ने कहा ठीक हैं, इसी बीच शाखा प्रबंधक का ट्रांसफर पथरदेवा हो गया खाताधारक में समझा कि बैंक द्वारा एल आई सी का BOND भेज दिया गया होगा यह पता करने जब व्यापारी बैंक पहुंचा तो नवागत शाखा प्रबंधक ने बताया कि अभी कुछ हुआ नहीं है आप चाहे तो सीसी लोन का पूरा पैसा जमा करके अपना एल आई सी का BOND वापस ले सकते हैं इस तरह से बैंक के दो शाखा प्रबंधकों द्वारा दो तरह की बातें कही गई व्यापारी यह बात 2 महीना पहले ही इस बात को शाखा प्रबंधक से कह चुका था 1 आखिर ₹200000 के 2 महीने का ब्याज व्यापारी कोई देना पड़ेगा शाखा प्रबंधक की गलती से भाटपार रानी के इस बैंक का विवादों से चोली दामन का रिश्ता है कारण यह है कि इस बैंक पर दलालों का पूरी तरह से दबदबा बना रहता है।

## प्रभारी निरीक्षक को व्यापारियों ने पत्र सौंप किया सुरक्षा की मांग

विश्ववार्ता संवाददाता



कप्तानगंज (कुशीनगर)। नगर के ब्यापारियों ने नवांगतुक प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात कर कस्वे के ब्यापारियों के विभिन्न समस्याओं से उनको अवगत कराते हुए एक पत्र सौप आवश्यक उपाय करने की मांग किया। समुचित आश्वासन के बाद ब्यापारी संतुष्ट हुए।

कप्तानगंज नगर के उत्तर प्रदेश उद्योग ब्यापार मंडल व सराफा ब्यापारियों ने नवांगतुक प्रभारी निरीक्षक चन्द्र भूषण प्रजापति से मुलाकात किया।बात चीत के क्रम में ब्यापारियों ने उन्हें अवगत कराया कि आगामी लगन के सीजन में क्षेत्र के ब्यापारियों के सुरक्षा को लेकर विशेष सहयोग की अपील किया।वही कस्वे में लगने वाले जाम विशेषकर सुभाष चौक पर जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग

» समुचित आश्वासन के बाद व्यापारी संतुष्ट हुए

किया गया।वही प्रभारी निरीक्षक ने हर दुकान पर सीसी कमरे लगवाने ,दुकान के बाहर रात में रोशनी की ब्यवस्था करने,किसी भी अनजान ब्यक्ति लेनदारी में सावधानी बरतने का सुझाव दिया।

इस अवसर पर रमेश अग्रहरी राजेश वर्मा मणि चन्द्र वर्मा मनोज उपाध्याय बृजेश मद्देशिया संतोष अग्रहरी लवकुश वर्मा समेत तमाम ब्यापारी मौजूद रहे।

## साइबर सुरक्षा के सम्बन्ध में किया गया जागरूक

मऊ। जनपद मऊ के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 (नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन) महिला कल्याण के प्रति चलाए जा रहे अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद के समस्त थानों द्वारा महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाये जा रहे पुलिस की महिला सुरक्षा सम्बंधी विभिन्न महिला हेल्प लाइन 1090, यूपी-112, हेल्पलाइन नम्बरों 1076 आदि के बारे में जागरूक किया तथा उपस्थित सभी महिलाओं/बालिकाओं/ छात्राओं को किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल उक्त दिए गए हेल्पलाइन नम्बरों पर कॉल कर पुलिस को सूचित करने हेतु बताया गया।

# जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई संपन्न

विश्ववार्ता संवाददाता

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में जिला स्तरीय राष्ट्रीय नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की जनपद स्तरीय जिला टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने राष्ट्रीय नियमित टीकाकरण कार्यक्रम एवं विश्व टीकाकरण सप्ताह के दौरान छूट बच्चों को प्रतिरक्षित किए जाने हेतु विश्व टीकाकरण सप्ताह दिनांक 24 अप्रैल 2025 से 10 मई 2025 के मध्य चलाया जाएगा। जिसमें विशेष टीकाकरण सत्रों का आयोजन कर टीकाकरण से वंचित बच्चों को प्रतिरक्षित किए जाने के साथ डिप्थीरिया के बढ़ते हुए केसों के दृष्टिगत अभियान संचालित कर 10 वर्ष 16 वर्ष की आयु के बच्चों को डिप्थीरिया कंटेनिंग वैक्सीन लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन के बारे में विद्यालयों में बच्चों को जागरुक



» विश्व टीकाकरण सप्ताह चलेगा 24 अप्रैल से 10 मई के मध्य

» चिन्हित बच्चों का किट के माध्यम से की जाएगी फाइलेरिया की जांच

कर उनका टीकाकरण किया जाएगा। इसके जागरूकता के लिए अभिभावकों को भी टीकाकरण से संबंधित जानकारियां दी जाएगी। जिसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग की समस्त टीम इस अभियान में अपना पूरा सहयोग करेंगे।जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि जनपद में फाइलेरिया की जांच किट द्वारा कक्षा एक तथा दो के बच्चों का दिनांक 01 मई से 20 मई तक जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया की जांच के लिए सरकारी, प्राइवेट, एनजीओ तथा मदरसों से बच्चों का चयन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राहुल सिंह ने बताया कि टीकाकरण में लगे समस्त संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी तथा सभी डॉक्टर अपने कार्यों के दायित्वों को समझें ईमानदारी से कार्य करें तभी अपने जनपद का प्रदेश में बेहतर लेवल का प्रमाण मिल पाएगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि टीकाकरण हेतु जारी कार्ड को अभिभावक सुरक्षित रखें जिससे समय-समय पर टीकाकरण के समय कार्ड के माध्यम से नियमित टीकाकरण किया जा सके।

## एडीएम ने गीत सुनाकर बच्चों में जगाया उत्साह

बलिया। जनपद के राधाकृष्ण एकेडमी सवरूबांध में 'Summit of Success' के नाम से आयोजित भव्य सम्मान समारोह में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन ने सम्मानित किया। इस दौरान एडीएम ने अपने देश भक्ति गीत के माध्यम से बच्चों में देश व राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया । इससे गजब का उत्साह देखने को मिला। ₹ऐ मेरे वतन के लोगों, ज़रा आंख में भर लो पानी इस गीत पर झूमे लोग..।

समारोह के मुख्य अतिथि त्रिभुवन (अपर जिलाधिकारी भू एवं राजस्व, बलिया) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राधाकृष्ण एकेडमी एक ऐसा शिक्षण संस्थान है, जहां शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी संवर्धन होता है।

## भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

विश्ववार्ता संवाददाता



तमकुहीराज (कुशीनगर)। गोरखपुर जा रहे भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय का भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवरही ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धनंजय तिवारी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सीमा पर फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सेवरही के अगुआई में आये कार्यकर्ताओं ने अपने क्षेत्रीय अध्यक्ष के स्वागत में नारे लगाये।

शुक्रवार को भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय व्यक्तिगत कार्य से यूपी बिहार सीमा पर आये थे।उनके आगमन की सूचना पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सेवरही धनंजय तिवारी के अगुवाई में उनके कार्यकर्ताओं ने फोर लेन स्थित सलेमगढ टोल प्लाजा पर फूल मालाओं से लाद दिया। क्षेत्रीय अध्यक्ष कार्यकर्ताओं के स्वागत से अभिभूत दिखे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव चलो अभियान से जोड़कर जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।पर।प्रमुख प्रतिनिधि धनंजय तिवारी ने कहा कि तमकुही राज विधानसभा का हर कार्यकता क्षेत्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा के लोक कल्याणकारी योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने का कार्य पूरे मनोवेग से के रही है।

## ट्रेलर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत

बलिया। गड़वार थाना क्षेत्र अंतर्गत बलेजी चट्टी के समीप शुक्रवार की सुबह ट्रेलर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। वहीं एक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने भेज दिया है।क्षेत्र के बलेजी चट्टी के समीप शुक्रवार के सुबह तेज रफ्तार ट्रेलर के चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।बता दे कि सराया थाना गड़वार निवासी श्रीभगवान अपने दोस्त बलेजी निवासी विजयशंकर(40) के साथ फेफना बाजार करने के लिए बाइक से आ रहे थे कि अभी वह बलेजी चट्टी के समीप पहुंचे ही थे, कि सामने से आ रही तेज रफ़्तार के डंपर के चपेट में आने से दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## शनि महाराज मूर्ति का नगर भ्रमण पूर्ण, गजहा बाबा मंदिर परिसर में होंगी प्राण प्रतिष्ठा

विश्ववार्ता संवाददाता

कसया कुशीनगर। कस्बा स्थित गजहा बाबा मंदिर प्रांगण में भगवान शनिदेव की मूर्ति संग भव्य रूप से नगर में परिक्रमा की गई। नगरवासी भगवान शनिदेव की मूर्ति के साथ ढोल नगाड़ों तथा भक्ति गीतों पर थिरकते दिखे। भक्तों तथा शनिदेव महाराज की जयकारों से पूरा क्षेत्र व नगर गूजता रहा। कस्बा स्थित गजहा बाबा के मंदिर प्रांगण में भगवान शनिदेव के भव्य मंदिर का निर्माण सभी भक्त तथा नगरवासियों के सहयोग द्वारा कराया गया है। मूर्ति की नगर परिक्रमा के बाद शनिवार को पूरे विधिविधान के साथ मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा की जाएगी। शुक्रवार को भजन कीर्तन व हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। 20 अप्रैल को भव्य महाभंडारे का आयोजन भी किया गया है। मंदिर परिसर में हो रहे अनुष्ठान के मुख्य यजमान ज्ञानेश्वर उर्फ ज्ञानी जयसवाल पत्नी कुंती देवी व



» नगरवासी भगवान शनिदेव की मूर्ति के साथ ढोल नगाड़ों तथा भक्ति गीतों पर थिरकते दिखे

पारसनाथ वर्मा पत्नी आरती वर्मा के द्वारा पूरे विधि-विधान पूर्वक से अनुष्ठान किया जा रहा है आयोजित समिति के सदस्य और मंदिर के पुजारी लल्लन मिश्र ने बताया कि 18 अप्रैल को मूर्ति का नगर भ्रमण किया जा रहा है 19 अप्रैल को मूर्ति स्थापित किया जाना है 20 अप्रैल को हवन-यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

## निक्षय मित्र नोडल ने वयोबृद्ध दिव्यांग को गोद ले दी पोषण की पोटली

विश्ववार्ता संवाददाता

कसया, कुशीनगर। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र कसया में इलाज कराने आए वयोबृद्ध दिव्यांग को निक्षय मित्र नोडल अधिकारी आशुतोष कुमार मिश्रा ने गोद लिया और प्रोटीन युक्त पोषण से भरपूर पोटली देकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

शुक्रवार को सीएचसी पहुंचे टीबी के मरीज वयोबृद्ध दिव्यांग की जांच चिकित्सक ने की और उनके निर्देश पर निक्षय मित्र नोडल अधिकारी आशुतोष कुमार मिश्रा ने दिव्यांग मरीज की दवा शुरू की। मरीज का हालत काफी दयनीय है। दिव्यांग मरीज ने बताया कि वह काफी गरीब है। श्री मिश्रा ने आश्वस्त किया कि इलाज में कहीं कोई कमी नहीं होगी और हमेशा सहयोग किया जायेगा। यह सुनकर मरीज के चेहरे पर मुस्कान खिल गई। श्री मिश्रा ने बताया कि समाज के प्रबुद्ध लोगों द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली उपलब्ध कराई जा रही है। बताया कि पूरे जनपद में 4338 मरीज



» 3101 क्षयरोगियो को दी जा रही पोषण पोटली

उपचार ले रहे हैं। लगभग 81प्रतिशत यानी 3524 मरीजो द्वारा गोद लेने की सहमति दी गयी है। पूरे जनपद में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी के प्रेरणा एवं निर्देशन में अभियान चलाकर गोद हेतु सहमति लेने वाले क्षयरोगियो में से 88 प्रतिशत लगभग 3101क्षयरोगियो को पोषण की पोटली दी जा चुकी है तथा शेष को देने के लिये प्रयास किया जा रहा है।

## निर्विरोध बड़ोखर खुर्द ब्लाक अध्यक्ष बने राजबहादुर व गंगा चरण मंत्री

बांदा। जिला मुख्यालय स्थित दि डिस्ट्रिक्ट बोर्ड टीचर को-ऑपरेटिव सोसाइटी भवन में शुक्रवार को बड़ोखर खुर्द ब्लाक इकाई गठन को लेकर शिक्षकों में उत्साह रहा। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में चुनाव प्रभारी शीतल प्रसाद यादव व पर्यवेक्षक शिवदत्त त्रिपाठी की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। हरेक पद के लिए निर्धारित सीट से अधिक उम्मीदवारों के न होने पर मतदान कराने की नौबत नहीं आई। सर्वसम्मति से पूर्व माध्यमिक विद्यालय बोधी पुरवा में तैनात राजबहादुर ब्लाक अध्यक्ष व पूर्व माध्यमिक विद्यालय खैराडा में तैनात गंगाचरण मंत्री नियुक्त किए गए। पूर्व माध्यमिक विद्यालय पचुल्ला में तैनात शिक्षक रामबहादुर को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। बड़ोखर खुर्द ब्लाक के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला कोषाध्यक्ष केत रामपाल ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## भाजपा सरकार में डॉ. अम्बेडकर को उचित सम्मान मिला : सुब्रत

विश्ववार्ता संवाददाता

मऊ। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पालिका कम्युनिटी हाल में डाक्टर भीम राव आंबेडकर के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां मुख्य अतिथि सुब्रत पाठक तथा विशिष्ठ अतिथि कामेश्वर सिंह रहे वहीं प्रकाश नर्सिंग में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी मुख्य अतिथि विधायक केतकी सिंह रही।

पालिका कम्युनिटी हाल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर की जीवनी और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार डॉ. अंबेडकर के सम्मान में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

कहा कि भाजपा की सरकार में बाबा साहब डॉ. आंबेडकर को उचित सम्मान मिला। उन्होंने लोगों से डॉ. आंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।



» भीमराव अंबेडकर के सम्मान में जनपद में कार्यक्रम का किया गया आयोजन

किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब का जीवन देश की युवा पीढ़ी के लिए आदर्श समाज के निर्माण की दिख देता है। डाक्टर साहब ने विषम परिस्थितियों में भी पलायन की बजाय संघर्ष के रास्ते को चुना तथा समाज के वंचित हिस्से को मुख्य धारा से जुड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य ने कहा कि डाक्टर आंबेडकर ने देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाबा साहब के विचार से सभी देश वासियों को सिख लेनी चाहिए सुर उनके बताए रस्ते पर चलना चाहिए।

**सफर** भारतीय रेल ने देवभूमि में 'शिव' और 'शक्ति' के वरदान से देश की सबसे लम्बी रेलवे सुरंग के निर्माण में सफल ब्रेक थ्रू हासिल कर लिया

# करोड़ों श्रद्धालुओं के चारधाम यात्रा की मन्नतें होंगी पूरी

विश्ववार्ता संवाददाता

प्रयागराज। योगनगरी ऋषिकेश से तपोनगरी कर्णप्रयाग का सफर अब दो घंटे में ही पूरा होने वाला है। भारतीय रेल ने देवभूमि में 'शिव' और 'शक्ति' के वरदान से देश की सबसे लम्बी रेलवे सुरंग के निर्माण में सफल ब्रेक थ्रू हासिल कर लिया है। 125 किमी से अधिक लम्बी ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता, तीर्थ स्थलों और आध्यात्मिक महत्व को नए सिरे से परिभाषित करने वाली है। यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन को हर साल लाखों श्रद्धालु यात्रा पर निकलते हैं। मगर भौगोलिक संरचना और सीमित कनेक्टिविटी ने हमेशा से यात्रियों और स्थानीय निवासियों के लिए चुनौतियां पेश की हैं। इन चुनौतियों को दूर करने और उत्तराखंड के दुर्गम इलाकों को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए भारतीय रेल ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना शुरू की। इस परियोजना के पूरा होने से करोड़ों श्रद्धालुओं के चारधाम यात्रा की मन्नत पूरी होने वाली है। एनसीआर के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि ऋषिकेश -कर्णप्रयाग रेल परियोजना हिमालय के दुर्गम और भौगोलिक तौर पर संवेदनशील क्षेत्र में बन रही है। इस रेल लाइन में देश की सबसे लम्बी रेलवे सुरंग 14.577 किमी (47825 फीट) शामिल है, जो देवप्रयाग और जनासू के बीच बन रही है। गत 16 अप्रैल को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 14.58 किमी लम्बी सुरंग के ब्रेकथ्रू का उद्घाटन किया, जो देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग है। इसके अलावा 38 नियोजित सुरंग ब्रेकथ्रू में से 28 पूरे हो चुके हैं। परियोजना के पहले चरण को 2026 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है और 2027 के मध्य तक यह पूरी तरह से चालू हो सकती है। इस परियोजना में आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। अगस्त 2024 में टनल बोरिंग मशीन 'शिव' और 'शक्ति' ने एक महीने में 1080.11 रनिंग मीटर सुरंग खोदकर नया रिकॉर्ड बनाया। इस परियोजना में रेल ब्रिज नंबर 8 इंजीनियरिंग का एक और चमत्कार है। -योग से तप की कनेक्टिविटीऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना 125.2 किमी लम्बी ब्रॉड गेज रेल लाइन है, जो ऋषिकेश को कर्णप्रयाग से जोड़ेगी। यह परियोजना भारतीय रेल की चारधाम रेल परियोजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य उत्तराखंड के चार पवित्र तीर्थ स्थलों को रेल नेटवर्क से जोड़ना है। इस रेल लाइन की कुल लागत लगभग 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। परियोजना की सबसे खास बात यह है कि इसका 83 प्रतिशत हिस्सा सुरंगों से गुजरेगा, जिसमें 17 मुख्य सुरंगें और 12 एस्केप टनल शामिल हैं। इसकी कुल लम्बाई 213 किलोमीटर है, जिसमें 193 किलोमीटर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।-जुड़ेंगे ये 5 जिलेऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक सड़क मार्ग से 6-7 घंटे लगते हैं जो मौसम और भूस्खलन के कारण और बढ़ सकता है। चारधाम रेल परियोजना के तहत बन रही ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन इस दूरी को तकरीबन दो घंटे में पूरा करेगी। उत्तराखंड में भारी बारिश, बर्फबारी और भूस्खलन के कारण सड़क मार्ग अक्सर अवरुद्ध हो जाते हैं। इस परियोजना का 83 प्रतिशत हिस्सा सुरंगों के माध्यम से गुजरता है, जो इसे मौसम की मार से मुक्त रखेगा और निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा, जिससे तीर्थयात्री और पर्यटक साल भर चारधाम की यात्रा कर सकेंगे। यह परियोजना उत्तराखंड के पांच प्रमुख जिलों देहरादून, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग और चमोली को रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। योगनगरी ऋषिकेश, मुनि की रेती, देवप्रयाग, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, गौचर और कर्णप्रयाग जैसे शहर और कस्बे रेल मार्ग से जुड़ जाएंगे। चारधाम रेल परियोजना का मुख्य उद्देश्य यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ को रेल नेटवर्क से जोड़ना है।-आर्थिक और सामाजिक लाभऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने वाली है। चारधाम यात्रा के अलावा, उत्तराखंड के अन्य पर्यटन स्थल जैसे ऋषिकेश, हरिद्वार और औली तक पहुंचना आसान हो जाएगा। इससे स्थानीय व्यापार, होटल उद्योग और परिवहन सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा और उत्तराखंड के सुदूर इलाकों में नए व्यापार केंद्रों के विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। देवप्रयाग, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग और गौचर जैसे शहरों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

## विश्व धरोहर दिवस : प्रयागराज और कानपुर रेलवे स्टेशनों पर लगे सेल्फी कट आउट बोर्ड

विश्ववार्ता संवाददाता

प्रयागराज। विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर भारतीय रेलवे के प्रयागराज मंडल द्वारा रेल की समृद्ध विरासत को सम्मानित करने के लिए कई रचनात्मक और जागरूकतापूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शुक्रवार को प्रयागराज और कानपुर रेलवे स्टेशनों पर सेल्फी कट आउट बोर्ड लगाए गए, जहां यात्री ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के साथ यादगार तस्वीरें ले सके।

यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि इसके अंतर्गत प्रयागराज और कानपुर स्टेशनों पर धरोहर विषयक बैनर लगाए गए, जिनमें भारतीय रेलवे की ऐतिहासिक यात्रा और विरासत को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया। धरोहर वीडियो प्रयागराज स्टेशन परिसर और डिवीजनल रेलवे

» प्रयागराज मंडल में विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

मैनेजर कार्यालय में प्रदर्शित किए गए। जिनमें भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक विकास और दुर्लभ दृश्य शामिल थे। भारतीय रेलवे की धरोहर जैसे प्रयागराज स्टेशन पर लगे भाप इंजन और उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में रखी गई विरासत सामग्री की सफाई और पेंटिंग की गई, जिससे उन्हें एक नया रूप दिया गया। पीआरओ ने बताया कि प्रयागराज मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ने भारतीय रेलवे की ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के प्रति मंडल की प्रतिबद्धता दोहराई। इस तरह के प्रयास नागरिकों और यात्रियों में भारतीय रेलवे की गौरवशाली परम्परा के प्रति गर्व और जागरूकता को बढ़ावा देते हैं।

## एक नजर

### बैंक अधिकारियों को दिये निर्देश



**गोण्डा।** अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों के निस्तारण के लिए सभी बैंकों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लोन संबंधित खातों (एनपीए) को आपसी सुलह समझौते के माध्यम से समाप्त कराने के लिए बैंक अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा भी की। लोक अदालत की तैयारी बैठक में एलडीएम सहित सभी बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे।

### फार्मेसी कॉउंसिल को किया जाएगा आधुनिक व प्रौद्योगिकी से लैस : रजिस्ट्रार डॉ. प्रमोद

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश फार्मेसी कॉउंसिल के रजिस्ट्रार निर्वाचित होने पर जनपद में प्रथम आगमन पर तेजवापुर ब्लाक के उत्तम नगर स्थित कलावती देवी स्मारक महाविद्यालय के फार्मेसी के छात्र-छात्राओं व कालेज स्टाफ ने नव नियुक्त रजिस्ट्रार डा. प्रमोद त्रिपाठी का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। कालेज के स्टाफों ने रजिस्ट्रार डा. प्रमोद त्रिपाठी को मिठाईयां खिलाकर शुभकामनाएं व बधाईयां प्रेषित की।नव निर्वाचित रजिस्ट्रार डॉ. प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने फार्मेसी के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि फार्मेसिस्टों का पंजीकरण, नवीनीकरण बिना भेदभाव व तय सीमा के अंदर किया जाएगा।उन्होंने फार्मेसी कॉउंसिल को आधुनिक व प्रौद्योगिकी से लैस करने पर जोर देने की बात की।उन्होंने कहा कि आपके स्वागत,अभिनन्दन से अभिभूत हूं, फार्मेसी को सुदृढ़ बनाने के लिए जो कदम उठाने पड़ेंगे वो उठाया जाएगा।इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य योगेंद्र शुक्ला,नर्सिंग प्राचार्य पवन कुमार , बीएड विभागाध्यक्ष सचिन श्रीवास्तव,कार्यालय अधीक्षक शिवा जी अवस्थी,अनुज कुमार, रामेंद्र मणि त्रिपाठी, प्रमोद श्रीवास्तव, अभिनव प्रताप सिंह, मानस पांडेय, श्याम जी त्रिपाठी,अरुण सोनी, संजीव मिश्रा, सूरज यादव सहित फार्मेसी व नर्सिंग के छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे।

### सांसद से मिले पीड़ित मोहल्ले वासी

**बहराइच।** प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास बहराइच के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल बहराइच सांसद डॉ आनंद गौड़ से मिलकर सरस्वती नगर झुडिया की क्षतिग्रस्त मार्ग बनवाने के लिए मुलाकात किया। डॉ देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने बताया कि कल्लू नायक के मकान से आर डी टेलर ,एस आर लान हुए बच्चन सिंह के मकान से एम आर वर्मा के मकान तक रास्ता इतना क्षतिग्रस्त है कि लोग जान जोखिम में डालकर यात्रा करते है उन्होंने बताया कि जगह जगह जलभराव के कारण राहगीर बाइक से गिर रहे है जिसकी वजह से वे चोटिल हो रहे है। डॉ उपाध्याय ने बताया कि माननीय सांसद जी ने जल्द ही रास्ता निर्माण के लिए आश्वासन दिया है और उन्होंने कहा कि इसी वित्तीय वर्ष में मार्ग का निर्माण हो जायेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह,यज्ञ नारायण शर्मा,रवि श्रीवास्तव,वीर सिंह,आकाश शुक्ल, बब्लू शुक्ल,बच्चन सिंह, शुभम पाण्डेय, सुभाष यादव, अमरनाथ मिश्र, रामदेव सिंह,संजय सिंह,गणेश मिश्र,रवि वर्मा आदि उपस्थित थे।

### किसान पीजी कॉलेज में रोवर्स रेंजर्स के पांच दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**बहराइच।** किसान पीजी कॉलेज में संचालित रोवर्स रेंजर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार को पारंपरिक तरीके से संपन्न हो गया। इस मौके पर रोवर्स रेंजर्स को मिठाई खिलाकर, मोमबत्ती व अगरबत्ती जलाकर शिविर के नियमों का अनुपालन करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान पीजी कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि भारत स्काउट गाइड के जनपदीय सचिव डॉ राजेश प्रताप सिंह रहे। इस शिविर के अंतर्गत रोवर्स रेंजर्स को सीमित संसाधनों में जीवन यापन के बारे में बताया गया। साथ ही साथ समाज में व्याप्त अशिक्षा रुढ़िवादिता तथा स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। इन समस्याओं के प्रति रोवर्स रेंजर्स कैसे समाज को जागरुक कर सकते हैं। उसे विस्तार पूर्वक बताया गया। इस कार्यक्रम में जिला प्रशिक्षण आयुक्त कल्लन इदरीसी जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड कायमा इस्लाम, मधु चौधरी, मनोज कुमार पांडे प्राचार्य आजाद इंटर कॉलेज बहराइच प्रोफेसर विनय सक्सेना प्राचार्य किसान पीजी कॉलेज बहराइच कार्यालय अधीक्षक राजवंत सिंह डॉ. पी एल त्रिपाठी, डॉ. संतोष सिंह डॉ. आनंद श्रीवास्तव डॉ चंद्रशेखर पांडे डॉ राहुल सिंह डॉ नीरज कुमार पांडे दिनेश कुमार शुक्ला, शीतल प्रसाद द्विवेदी सहित तमाम रोवर्स रेंजर उपस्थित रहे।

### सरस्वती नगर जुडिया के जर्जर मार्ग निर्माण हेतु सांसद को दिया ज्ञापन



**बहराइच।** किसान पीजी कॉलेज में संचालित रोवर्स रेंजर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार को पारंपरिक तरीके से संपन्न हो गया। इस मौके पर रोवर्स रेंजर्स को मिठाई खिलाकर, मोमबत्ती व अगरबत्ती जलाकर शिविर के नियमों का अनुपालन करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान पीजी कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि भारत स्काउट गाइड के जनपदीय सचिव डॉ राजेश प्रताप सिंह रहे। इस शिविर के अंतर्गत रोवर्स रेंजर्स को सीमित संसाधनों में जीवन यापन के बारे में बताया गया। साथ ही साथ समाज में व्याप्त अशिक्षा रुढ़िवादिता तथा स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। इन समस्याओं के प्रति रोवर्स रेंजर्स कैसे समाज को जागरुक कर सकते हैं। उसे विस्तार पूर्वक बताया गया। इस कार्यक्रम में जिला प्रशिक्षण आयुक्त कल्लन इदरीसी जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड कायमा इस्लाम, मधु चौधरी, मनोज कुमार पांडे प्राचार्य आजाद इंटर कॉलेज बहराइच प्रोफेसर विनय सक्सेना प्राचार्य किसान पीजी कॉलेज बहराइच कार्यालय अधीक्षक राजवंत सिंह डॉ. पी एल त्रिपाठी, डॉ. संतोष सिंह डॉ. आनंद श्रीवास्तव डॉ चंद्रशेखर पांडे डॉ राहुल सिंह डॉ नीरज कुमार पांडे दिनेश कुमार शुक्ला, शीतल प्रसाद द्विवेदी सहित तमाम रोवर्स रेंजर उपस्थित रहे।

### न्याय पंचायत स्तरीय वालेंटियर्स की बैठक में शामिल हुए 18 प्रतिनिधि



**बहराइच।** जिले के ब्लॉक रिसिया की पंचायत बभनी सैदा में न्याय पंचायत स्तरीय वालेंटियर्स की बैठक सम्पन्न हुई। सभी 18 प्रतिनिधि उपस्थित रहे। एक मत से सबने इसे स्वीकार किया कि मरने के बाद , सर्वशक्तिमान पूछेगा कि आपने समाज के लिए क्या किया। तय किया गया कि जन चौपालें लगा कर, सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं की दुंदुभी बजाई जाय। मई माह में ग्राम पंचायत गौरा धनौली में श्रमिक समाज से 500 प्रतिनिधियों की एक चौपाल लगाने का निर्णय लिया गया। भाग्य लक्ष्मी गुप्ता प्रस्तावित चौपाल की संयोजक तथा रीना कश्यप प्रभारी नामित की गईं। सीमा प्रजापति,सरिता भार्गव, पूनम वर्मा,महिमा कश्यप,रचना सिंह, केशरानी कश्यप,राजकुमारी विश्वकर्मा, कुन्ती देवी चौहान,तथा कैलाश नाथ यादव को,कार्यक्रम की विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई।

# एटीएस की कार्रवाई से खुला लव जिहाद व धर्मांतरण रैकेट का राज

- छांगुर पीर पर बढ़ा शिकंजा, नोएडा की पीड़िता ने हाईकोर्ट जाने की बनाई रणनीति

**बीपी त्रिपाठी/अनिल कुमार गुप्ता**

**उतरौला (बलरामपुर)।** उत्तर प्रदेश एटीएस द्वारा बलरामपुर जिले के उतरौला में की गई छापेमारी के बाद छांगुर पीर पर लव जिहाद, धर्मांतरण और देशद्रोह जैसे गंभीर आरोपों का खुलासा हुआ है। इस कार्रवाई के बाद देशभर से कई मामले सामने आने लगे हैं, जिनमें अब नोएडा की एक पीड़िता ने न्याय की लड़ाई तेज कर दी है।

यह मामला नोएडा के थाना क्षेत्र 113 का है, जहां की रहने वाली एक हिन्दू युवती ने दिसंबर 2024 में एफआईआर दर्ज करवाई थी। उसने ताबिश असगर नामक युवक पर आरोप लगाया कि उसने 'विशाल राणा' बनकर प्यार का झांसा दिया और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। युवती का दावा है कि ताबिश एक आतंकी संगठन से जुड़ा है, और उसके कश्मीर से भी संपर्क हैं। जनवरी 2025 में पीड़िता ने अदालत में बयान भी दर्ज करवाए थे, जिसमें उसने बलरामपुर के छांगुर पीर को इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड बताया था।



एटीएस की ताजा कार्रवाई के बाद पीड़िता अब हाईकोर्ट का रुख करने जा रही है। उसका आरोप है कि नोएडा पुलिस ने छांगुर पीर के खिलाफ न कोई पूछताछ की और न ही गिरफ्तारी की कोशिश। उसने यह भी कहा कि पुलिस की लापरवाही के चलते उसकी जान को खतरा है। इसी डर से वह नोएडा छोड़ चुकी है और फिलहाल किसी अज्ञात स्थान पर रह रही है।

इस पूरे मामले में करणी सेना ने भी गहरी नाराजगी जताई है और पीड़िता से मिलने की योजना बना रही है। पीड़िता का आरोप है कि एक इस्लामी अखबार ने उसकी पहचान उजागर कर दी, लेकिन उस अखबार के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। एटीएस अब इस पूरे नेटवर्क की तह में जाकर जांच कर रही है कि किन अधिकारियों ने किन कारणों से कार्रवाई में देरी की। माना जा रहा है कि हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद छांगुर पीर और उसके गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

## दुकानदारों को सख्त चेतावनी, दोबारा अतिक्रमण पर होगी कठोर कार्रवाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला कोतवाली पुलिस द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिसमें सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण कर सजाई गई दुकानों को दोबारा अतिक्रमण ना करने की चेतावनी दी गई। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर समय-समय पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता है। जिससे सड़कों पर आवागमन सुचारू रूप से हो सके। आए दिन लोग सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण कर दुकान सजा लेते हैं। जिससे जाम की समस्या बन जाती है। इसी के चलते यह अभियान चलाया गया है। कहा कि कई दुकानदारों व सड़क पर खड़े वाहनों का चालान किया गया है। जो पूर्व में अतिक्रमण हटाने के बाद दोबारा उसी स्थान पर अतिक्रमण कर रखा था। उन्होंने दुकानदारों को हिदायत देते हुए निर्देशित किया कि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो चालान करने में कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। जनसुविधा देखते हुए स्वयं अतिक्रमण ना करने की गलती ना करें। अपराध निरीक्षक मृत्युंजय सिंह उपनिरीक्षक मनीष मिश्र स्वतंत्र गुप्त धर्मेंद्र सिंह शालिनी सिंह समेत भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## फार्मेसी कॉउंसिल होगा आधुनिक व प्रौद्योगिकी से लैस : रजिस्ट्रार डॉ. प्रमोद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश फार्मेसी कॉउंसिल के रजिस्ट्रार निर्वाचित होने पर जनपद में प्रथम आगमन पर तेजवापुर ब्लाक के उत्तम नगर स्थित कलावती देवी स्मारक महाविद्यालय के फार्मेसी के छात्र-छात्राओं व कालेज स्टाफ ने नव नियुक्त रजिस्ट्रार डा. प्रमोद त्रिपाठी का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। कालेज के स्टाफों ने रजिस्ट्रार डा. प्रमोद त्रिपाठी को मिठाईयां खिलाकर शुभकामनाएं व बधाईयां प्रेषित की।नव निर्वाचित रजिस्ट्रार डॉ. प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने फार्मेसी के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि फार्मेसिस्टों का पंजीकरण, नवीनीकरण बिना भेदभाव व तय सीमा के अंदर किया जाएगा।उन्होंने फार्मेसी कॉउंसिल को आधुनिक व प्रौद्योगिकी से लैस करने पर जोर देने की बात की।उन्होंने कहा कि आपके स्वागत,अभिनन्दन से अभिभूत हूं, फार्मेसी को सुदृढ़ बनाने के लिए जो कदम उठाने पड़ेंगे वो उठाया जाएगा। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य योगेंद्र शुक्ला, नर्सिंग प्राचार्य पवन कुमार, बीएड विभागाध्यक्ष सचिन श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक शिवा जी अवस्थी, अनुज कुमार, रामेंद्र मणि त्रिपाठी, प्रमोद श्रीवास्तव, अभिनव प्रताप सिंह, सूरज यादव सहित फार्मेसी व नर्सिंग के छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे।



- छात्र - छात्राओं ने रजिस्ट्रार का किया भव्य स्वागत

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार पाक्सो एक्ट में थी तलाश

**उतरौला (बलरामपुर)।** थाना कोतवाली उतरौला पुलिस ने पाक्सो एक्ट व दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित अभियुक्त अरबाज पुत्र हैदर अली निवासी ग्राम लालनगर बिरदा बनियाभारी को शुक्रवार को पाला पाली तिराहे से गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में की गई।

गिरफ्तारी थाना कोतवाली उतरौला में पंजीकृत मुअसं 36/2025 धारा 376(2)(एन), 506 भादवि व 5(एल)/6 पाक्सो एक्ट के अंतर्गत की गई। पुलिस टीम में उप निरीक्षक शम्भू सिंह, कांस्टेबल राम अवतार व कांस्टेबल अमरेश यादव शामिल रहे। अभियुक्त को न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय भेजा गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर विश्वास और अपराधियों में भय की भावना मजबूत हुई है।

## तहसील महसी से निर्गत पांच आय प्रमाण-पत्र निरस्त

- नायब तहसीलदार व क्षेत्रीय लेखपाल की रिपोर्ट के आधार पर हुई कार्रवाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** तहसीलदार महसी ने बताया कि ग्राम नौतला निवासी द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्र एवं क्षेत्रीय लेखपाल कु. ज्योति एवं नायब तहसीलदार महसी द्वारा प्रस्तुत जांच आख्या 09 अप्रैल 2025 के आधार पर ग्राम नौतला, परगना फखरपुर, तहसील महसी निवासिनी रूपम पत्नी धनन्जय कुमार पाण्डेय द्वारा पूर्व में निर्गत आय प्रमाण पत्र संख्या 241800010148560 की मासिक आय को छुपाते हुये किये गये आवेदन के आधार पर सम्बन्धित के पक्ष में तहसील महसी से निर्गत आय प्रमाण पत्र सख्या 251800010002700 को निरस्त किया जाता है।

इसी प्रकार ग्राम धोबिया, परगना फखरपुर तहसील महसी निवासी द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्र एवं क्षेत्रीय लेखपाल उमेश कुमार पाठक एवं नायब तहसीलदार तजवापुर द्वारा प्रस्तुत जांच आख्या 10 अप्रैल 2025 के आधार पर ग्राम धोबिया, परगना फखरपुर तहसील महसी निवासी आवेदक भूपराज यादव पुत्र शिवकुमार के आवेदन संख्या 241800010152281 के सापेक्ष निर्गत आय प्रमात्र-पत्र संख्या 502241019263 को निरस्त किया जाता है। इसी प्रकार ग्राम रेहुवामन्सूर, परगना फखरपुर तहसील महसी निवासी द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्र एवं क्षेत्रीय लेखपाल शिव प्रकाश पाण्डेय एवं नायब तहसीलदार तजवापुर द्वारा प्रस्तुत जांच आख्या 11 अप्रैल 2025 के आधार पर ग्राम रेहुवामन्सूर, परगना फखरपुर तहसील महसी निवासिनी मीनाक्षी यादव पत्नी गिरीश चन्द्र यादव के आवेदन संख्या 241800010150992 के सापेक्ष निर्गत आय प्रमात्र-पत्र संख्या 502241018336 को निरस्त किया जाता है।

तहसीलदार महसी ने बताया कि ग्राम रमपुरवा, परगना फखरपुर, तहसील महसी निवासी द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्र एवं क्षेत्रीय लेखपाल एवं नायब तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत जांच आख्या 11 अप्रैल 2025 के आधार पर ग्राम रमपुरवा, परगना फखरपुर, तहसील महसी निवासी अनिल कुमार अवस्थी पुत्र श्याम बिहारी अवस्थी के आवेदन संख्या 241800010149779 के सापेक्ष निर्गत आय प्रमात्र-पत्र संख्या 502241018334 को निरस्त किया जाता है। ग्राम रमवापुरखुर्द, परगना फखरपुर, तहसील महसी निवासी द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्र एवं क्षेत्रीय लेखपाल देव प्रकाश सिंह एवं नायब तहसीलदार तजवापुर द्वारा प्रस्तुत जांच आख्या 16 अप्रैल के आधार पर ग्राम रमवापुरखुर्द, परगना फखरपुर, तहसील महसी निवासी मनोज कुमार पुत्र रामसुफल के आवेदन सं. 241800010157404 के सापेक्ष निर्गत आय प्रमात्र-पत्र सं. 502251000662 को निरस्त किया जाता है।


## पुलिस मुठभेड़ के दौरान शातिर गौतस्कर गोली लगने से घायल

- धानेपुर पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही
- कब्जे से एक अवैध तमंचा खोखा जिन्दा कारतूस व ट्रक मय 28 अदद गौवंश बरामद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोण्डा।** मंगलवार की देर रात एसओजी व थाना धानेपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा रात्रि चेकिंग के दौरान राधा स्वामी आश्रम के 500 मीटर दूर जमुनागंज के पास पुलिस मुठभेड के दौरान गौ तस्कर शमशेर पुत्र इदरीस निवासी ग्राम धुसुरा पोस्ट दुधारा जनपद संतकबीर नगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 अवैध तमंचा खोखा कारतूस व 28 गौवंश ट्रक में लदे हुए बरामद किया गया।

दिनांक 16/17.04.2025 की रात्रि एसओजीव थाना धानेपुर की संयुक्त टीम चोरी, लूट व नकबजनी की घटनाओं की रोकथाम हेतु रात्रि गश्त में रवाना होकर राधा स्वामी आश्रम के पास संदिग्ध वाहनों व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी । चेकिंग के दौरान एक ट्रक यूपी 51 एटी 6988 संदिग्ध दिखायी दिया जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो उसने तेज रफ्तार से गाड़ी आगे भगा दी। जिसको पुलिस टीम द्वारा पीछा करते हुए घेराबन्दी कर पकड़ने का प्रयास किया गया। जिसमें ट्रक चालक द्वारा स्वयं को घिरता हुआ पाकर गाड़ी सड़क से नीचे उतार दी और पुलिस टीम पर भागते हुए फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में शातिर गौ तस्कर चालक शमशेर पुत्र इदरीश के पैर में गोली लगी। जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल गोण्डा में भर्ती कराया गया गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना धानेपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।





### ट्रक पर गौवंश लादकर बिहार ले जा रहा था शमशेर

पूछताछ के दौरान अभियुक्त शमशेर पुत्र इदरीश द्वारा बताया गया कि वह निवासी ग्राम धुसरा पोस्ट दुधारा जनपद संतकबीर नगर का निवासी है । तथा गौवंश की तस्करी करता है जिन्हे वह लादकर बिहार प्रान्त के सिवान मे ले जा रहा था । गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ में इसके कुछ अन्य साथियों का नाम भी प्रकाश में आया है जिसके सम्बन्ध में धानेपुर पुलिस द्वारा विस्तृत जांच की जा रही है।

## नवयुवक मंडल समिति की बैठक में नई कार्यकारिणी गठित

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** पूर्व निर्धारित एजेंडे के अनुसार मंडल समिति की एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार जायसवाल ने की। बैठक में समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत मंदिर की देखरेख और प्रबंधन से संबंधित चर्चा के साथ हुई। विचार-विमर्श के उपरांत समिति ने सर्वसम्मति से दिनेश चंद्र जायसवाल को अध्यक्ष, मुकेश चंद्र गुप्ता को कोषाध्यक्ष तथा हजारी प्रसाद को सचिव के रूप में मनोनीत किया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने-अपने पद के प्रति सहमति और कर्तव्यनिष्ठा व्यक्त की।

इस अवसर पर समिति के सदस्य अशोक कुमार वर्मा, राजकुमार गुप्ता, माता प्रसाद श्रीवास्तव, सुनील जायसवाल, राज नारायण, रमेश चंद्र कौशल, और रामचंद्र जायसवाल उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई और सभी सदस्यों ने संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## डंपर की टक्कर से मासूम की मौत ड्राइवर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोण्डा।** जिले के मनकापुर कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 6 वर्षीय मासूम बालिका की मौत हो गई। मनकापुर गांव की रहने वाली आरुही अपने माता-पिता के साथ रुदापुर समय माता मंदिर दर्शन के लिए आई थी। हादसा मनकापुर-नवाबगंज मार्ग पर मंदिर के पास हुआ। नवाबगंज से मनकापुर की ओर आ रहे एक डंपर ने बालिका को रौंद दिया। घटना में बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने डंपर चालक को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। मनकापुर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने डंपर को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

मृतक के परिजनों ने डंपर चालक के विरुद्ध मनकापुर कोतवाली में लिखित तहरीर दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मनोज पाठक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। मासूम बालिका की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



- पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमॉर्टम

## सरस्वती नगर जुडिया के जर्जर मार्ग निर्माण हेतु सांसद को दिया ज्ञापन

**बहराइच।** प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास बहराइच के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल बहराइच सांसद डॉ आनंद गौड़ से मिलकर सरस्वती नगर झुडिया की क्षतिग्रस्त मार्ग बनवाने के लिए मुलाकात किया। डॉ देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने बताया कि कल्लू नायक के मकान से आर डी टेलर ,एस आर लान हुए बच्चन सिंह के मकान से एम आर वर्मा के मकान तक रास्ता इतना क्षतिग्रस्त है कि लोग जान जोखिम में डालकर यात्रा करते हैं उन्होंने बताया कि जगह जगह जलभराव के कारण राहगीर बाइक से गिर रहे हैं जिसकी वजह से वे चोटिल हो रहे। डॉ उपाध्याय ने बताया कि माननीय सांसद जी ने जल्द ही रास्ता निर्माण के लिए आश्वासन दिया है और उन्होंने कहा कि इसी वित्तीय वर्ष में मार्ग का निर्माण हो जायेगा।

## डॉक्टर नीट मित्र की डेमो कक्षा का भव्य आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कर्नलगंज, गोण्डा।** शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल के रूप में आज जेपीओपी मेमोरियल इंटर कॉलेज कर्नलगंज, में डॉक्टर नीट मित्र- ए ग्रुप ऑफ़ स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम्स के तत्वावधान में कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक डेमो कक्षा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की अनुभवी टीम ने विद्यार्थियों को उनकी रुचि एवं विषयानुसार मार्गदर्शन प्रदान किया। गणित विषय के लिए अमन पांडे, रसायन विज्ञान के लिए शिवम तिवारी, जीव विज्ञान के लिए सुयश सर, एवं भौतिक विज्ञान के लिए आशीष कुमार मिश्रा द्वारा विद्यार्थियों को सरल एवं प्रभावी तरीके से विषय की समझ प्रदान की गई। डॉक्टर नीट मित्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉक्टर पुनीत कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम (विद्यालय समन्वित कार्यक्रम) के अंतर्गत अब विद्यार्थी अपने ही विद्यालय परिसर में रहकर बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ नीट, जेईई, ओलंपियाड एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'अब किसी भी विद्यार्थी का सपना केवल इसीलिए अधूरा नहीं रहेगा क्योंकि वह महंगी कोचिंग नहीं ले सकता या घर से दूर नहीं जा सकता।' विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए डॉक्टर पुनीत कुमार ने विद्यालय के प्रधानाचार्य जी.के. श्रीवास्तव, प्रबंधक बी.के. श्रीवास्तव तथा विद्यालय की समर्पित शिक्षकों की टीम का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर नीट मित्र का उद्देश्य है 'हर छात्र को समान अवसर और हर सपने को उड़ान देना।' कार्यक्रम में उपस्थित बाल गोविंद मिश्रा (विपणन प्रबंधक) ने विद्यालय समन्वित कार्यक्रम की विशेषताओं को विस्तार से समझाया और बताया कि यह योजना मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए एक वरदान सिद्ध हो रही है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की तलाश में हैं। इस अवसर पर डॉक्टर नीट मित्र टैलेंट सर्च परीक्षा 2025 (एनएमटीएसई) की भी जानकारी दी गई।



- विद्यार्थियों को दी गई सफलता की दिशा, प्रतियोगी परीक्षाओं की रणनीति पर किया गया मार्गदर्शन

## रेहरा बाजार के बंजरिया हुसैन विद्यालय के होनहारों ने फिर किया कमाल

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** शिक्षा क्षेत्र रेहरा बाजार अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय बंजरिया हुसैन विद्यालय के तीन होनहार विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सेखुईकला, बलरामपुर (कक्षा 6) में शानदार चयन प्राप्त किया है।

चयनित छात्राओं में माही सिंह पुत्री रतिपाल सिंह, सामान्य वर्ग– 89/100 अंकों के साथ बलरामपुर में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रौशन किया है। मोहिनी वर्मा पुत्री राम चरण वर्मा, ओबीसी – 70/100 अंकों के साथ 11वां स्थान प्राप्त किया। मीनाक्षी पुत्री राज कुमार, अनुसूचित जाति– 66/100 अंकों के साथ चौथा स्थान प्राप्त कर सफलता की कहानी लिखी। आप तीनों ने यह सिद्ध कर दिया कि सच्ची मेहनत और लगन के साथ कुछ भी असंभव नहीं है।

**संवाद** राज्य सूचना आयुक्त ने किया बहराइच का दौरा, लंबित मामलों की समीक्षा की

# समयसीमा का पालन करें जनसूचना अधिकारी: डॉ. दिलीप

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने लोनिवि बहराइच के निरीक्षण भवन में जनसूचना अधिकारियों के साथ संवाद करते हुए जनसूचना अधिकार से सम्बन्धित सभी अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि एक्ट के प्राविधान का पालन करते हुए 30 दिवस में आवेदनकर्ता को वांछित सूचना अवश्य उपलब्ध करा दी जाय। डॉ. अग्निहोत्री ने कहा कि एक्ट के अन्दर 30 दिवस की समयसीमा निर्धारित करने के पीछे मंशा यही है कि ज़रूरतमन्द लोगों को निर्धारित अवधि में मांगी गई सूचना प्राप्त हो जाय।



राज्य सूचना आयुक्त डॉ. अग्निहोत्री ने कहा कि प्रायः देखने में यह आ रहा है कि समयसीमा का पालन करने में जितनी गम्भीरता दिखानी चाहिए उसमें कहीं न कहीं लापरवाही दिखायी पड़ रही है। उन्होंने जनसूचना अधिकारियों को सुझाव दिया कि जब भी आपके सम्मुख कोई प्रार्थना-पत्र प्राप्त हो तो प्रथमदृष्टया यह देखें कि वांछित सूचना कहां से मंगानी है, शुल्क की मांग करनी है या आवेदन-पत्र का अंतरण करना है, तो भी सारी प्रक्रिया निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण की जाये। उन्होंने कहा कि एक्ट के अन्तर्गत समस्त प्राविधानों का पालन करना जनसूचना अधिकार से जुड़े हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मंदारी है। उन्होंने कहा कि मा. न्यायालयों का भी यही निर्देश है कि फरियादी को देर से सूचना देना न्यायसंगत नहीं है देर से सूचना मिलने से मांगी गई सूचना का महत्व कम हो जाता है।

राज्य सूचना आयुक्त डॉ. अग्निहोत्री ने सभी जनसूचना अधिकारियों को निर्देश दिया कि भविष्य में यह सुनिश्चित करें कि आवेदनकर्ता को समय से सूचना उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि आयोग के समक्ष यह शिकायत नहीं मिलनी चाहिए कि समयसीमा को लेकर किसी स्तर पर लापरवाही की गई है।

उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश किसी प्रकरण में समयसीमा का पालन नहीं होता है तो ऐसे मामलों में आयोग के समक्ष स्पष्टीकरण के साथ ऐसे प्रकरण प्रस्तुत किये जायें कि किन कारणों से समयसीमा का पालन नहीं किया जा सका है। आयुक्त डॉ. अग्निहोत्री ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि गरीब, पीड़ति, ज़रूरतमन्दों के आवेदन-पत्रों का पूरी संजीदगी के साथ निर्धारित समय में निस्तारण कर वांछित सूचना उपलब्ध करायी जाय।

## एक नजर

### सीमा स्तम्भ लगाने का कार्य 30 तक पूर्ण किया जाये

**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सभी उप जिलाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं की सीमा स्तंभ लगाने का कार्य में तेजी लाई जाए। चिन्हित स्थानों पर स्तंभ लगाने का कार्य प्रत्येक दशा में 30 अप्रैल तक पूर्ण कर लिया जाए। कार्य में तेजी लाने के लिए राजस्व विभाग व लोक निर्माण विभाग की टीम में समन्वय बनाकर कार्य करें। स्तंभ लगाने के कार्य की प्रतिदिन समीक्षा की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाए। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार तहसील शाहाबाद में सबसे अधिक सीमा स्तंभ लगाए गए हैं। जिलाधिकारी ने अन्य तहसीलों को भी कार्य योजना बनाकर कार्य में प्रगति लाने को कहा है।

### आपात कालीन सेवाओं की जानकारी रखें

**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सड़क सुरक्षा को लेकर जनपद वासियों से कहा है कि सभी जनपद वासी यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें। चारपहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट लगाएं। वाहन की गति को नियंत्रित रखें। वाहन की नियमित देखभाल करें, जैसे कि टायर की जांच, ब्रेक की जांच, आदि। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। यातायात की जानकारी रखें और यातायात की स्थिति के अनुसार वाहन चलाएं। वाहन की सुरक्षा जांच करें और वाहन को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक उपाय करें। आपातकालीन सेवाओं की जानकारी रखें, जैसे कि पुलिस, एम्बुलेंस, आदि। सड़क सुरक्षा के प्रति स्वयं जागरूक बनें और अन्य लोगों को भी बताएं। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में हेलमेट आदि को लेकर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ताकि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर नाली में घुसा, कई बाईक क्षतिग्रस्त

**शाहाबाद हरदोई।** नगर के अल्लाहपुर तिराहे पर एक अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क किनारे नाली में घुस गया। इसमें कई बाईकें टूट गई। वहां मौजूद लोगों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुतुम नगर हिरौली का रहने वाला है वह ट्रैक्टर ट्राली लेकर अपने गांव कुतुब नगर हिरौली से शाहाबाद आ रहा था।तभी अल्लाहपुर तिराहे के पास चालक नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर ट्राली नाली में जा घुसी।सड़क किनारे खड़ी बाईकें क्षतिग्रस्त हो गई। दुकानदारों ने चालक को पकड़कर पहले उसकी पिटाई की और घंटे भर दुकान में बिठाकर उसके साथ मारपीट भी की।बाद में मौके पर पंहुची पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक शराब के नशे में ट्रैक्टर चला रहा था। जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया।ट्रैक्टर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुतुम नगर हिरौली का बताया जा रहा है। गनीमत यह रही कि कोई भी व्यक्ति बाइकों के पास खड़ा नहीं था नहीं तो बड़ी अनहोनी हो जाती।

### लव जिहाद का शिकार हुई 13 वर्षीय दलित छात्रा

**हरदोई।** पिहानी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली एक दलित 13 वर्षीय छात्रा को आरोपी युवक ने जोर जबरदस्ती व प्रलोभन देकर पहले अपने जाल में फंसाया। बाद में बहला फुसलाकर उसे भगा ले गया। आरोप है कि नगर के एक आरोपी युवक दानिश एक 13 वर्षीय छात्रा को विद्यालय की शिक्षिका की मदद से भगा ले गया। वहीं किशोरी की मां ने पुलिस पर तहरीर फाड़ने व मन मुताबिक तहरीर लिखने का आरोप लगाते हुए बताया कि जिस विद्यालय से उसकी पुत्री के साथ ऐसी घटना हुई है उसी स्कूल में उसकी दूसरी पुत्री भी पढ़ती है। दूसरी पुत्री ने भी आरोपी दानिश और शिक्षिका पर तमाम आरोप लगाए हैं।किशोरी की मां ने बताया कि पुलिस नामजद तहरीर को फाड़कर अज्ञात में लिखा मुकदमा लिखने की बात कह रही है।जबकि पीड़िता न्याय की मांग कर रही है।वहीं पुलिस ने आरोपी और उसकी लड़की को बरामद कर लिया है। लेकिन पुलिस अभी भी मामले को घुमाने का प्रयास कर रही है।वहीं किशोरी के परिजनों ने बताया कि उसकी 2 लड़कियां नगर के एक ही स्कूल में पढ़ती है।

### फांसी लगाकर विवाहिता ने की आत्महत्या

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव में गुरुवार की शाम विवाहिता ने अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दिया। सूचना पर पहुँचे विवाहिता के मायके वालो ने विवाहिता की देहज के लिए हत्या कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। थाना क्षेत्र कुशियरा गांव निवासी कमलेश की 25 वर्षीय पत्नी सुनीता ने गुरुवार को फांसी लगाकर जान दे दिया। सुनीता के परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुँचे मायका पक्ष के लोगो ने पुलिस को सुनीता के परिजनों ने देहज के लिए हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। मृत महिला को तीन वर्ष का एक लड़का है। मृत महिला की माँ बंजारी धुई गौरवा गांव निवासी इंदकली ने बताया है की पुत्री की शादी वर्ष 2019 में कुशियरा गांव निवासी कमलेश के साथ किया था। शादी के छह माह बाद से ही कमलेश व उसके परिवार के लोग दहेज में मोटर साइकिल व अंगूठी कि मांगकर प्रताड़ित करते थे। इसलिए लिए हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया है कि विवाहिता की माँ की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाहीकी जायेगी।

### शव का हुआ शिनाख्त

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डोहर अदवा नदी में गुरुवार कि दोपहर एक वृद्ध का शव उतराया हुआ मिला था। पुलिस ने शव का शिनाख्त कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार को पुलिस को तहरीर देकर हरसड़ गांव निवासी प्रभावती ने बताया की अदवा नदी में गुरुवार की दोपहर उतराया हुआ मिला शव मेरे पति 60 वर्षीय शिव बक्स दूबे का है। मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जाना आवश्यक है जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत वृद्ध को एक पुत्र था जिसके दो माह पहले मौत हो गई थी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की अदवा नदी के डोहर घाट पर उतराया मिला शव का शिनाख्त हरसड़ गांव निवासी शिव बक्स दूबे के रूप में हुई है। मृत शिव बक्स दूबे की पत्नी प्रभावती की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो जायेगा की वृद्ध की मृत्यु कैसे हुई है।

### मकान ध्वस्त करने पर पीड़ित ने लगाया आरोप

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी सुरेश ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर बिना किसी सूचना के मकान ध्वस्त करने का आरोप वन विभाग की टीम पर लगाते हुए कार्रवाई की मांग किया है। दिए गए तहरीर में बताया है कि पुत्री की शादी 13 मई को रहा है हूँ की वन विभाग की टीम शुक्रवार को समय लगभग 10 बजे बिना कारण सूचना के मकान को ध्वस्त कर दिया है। जबकि पास पड़ोस के किसी अन्य मकान को नहीं हटाया गया पीड़ित बेघर हो गया है और अत्यंत गरीब है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की वन विभाग की टीम के बिना कारण सूचना के पीड़ित के मकान को ध्वस्त करने के संबंध में पीड़ित द्वारा वन विभाग टीम के विरुद्ध तहरीर दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# मक्का उत्पादन में अपार सम्भावनाएं: शाही

विश्ववार्ता संवाददाता



**सीखड़ (मिर्जापुर)।** कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि किसानों द्वारा दो लाख हेक्टेयर से अधिक मक्के की खेती कि जा रही है और प्रदेश में मक्का उत्पादन में अपार संभावनाएं हैं।त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।।उन्होंने ने कहा कि सीखड़ विकास खंड के किसान काफी प्रगतिशील किसान हैं। यहां पर 525 हेक्टेयर के लगभग त्वरित मक्का विकास अंतर्गत मक्का कि खेती किया गया है। मै उस क्लस्टर को देखने आया था और किसानों से आग्रह करता हूं कि यहां पर कोई भी फसल क्लस्टर में माध्यम से करते है तो उन्हें कीट से लेकर के बिमारियों के प्रबंधन और मार्केटिंग कि व्यवस्था सही ढंग से हो जाती है। क्लस्टर के माध्यम से ही किसान खेती करने का काम करें। उन्होंने हाई ब्रीड मक्का विकास कि दृष्टि से 2400 सौ रुपए प्रति एकड़ अनुदान और समान मक्का पर 2000 रूपये अनुदान कानुदान प्रति एकड़ में सरकार द्वारा दिया जा रहा है। सेट कान एवं पाप कान पर 20000 रूपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से किसानों को सरकार अनुदान उपलब्ध करा रही है।

उत्तर प्रदेश 665 लाख का उत्पादन कर रहा है और खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर है इस प्रकार मक्का उत्तर प्रदेश के किसानों के किस वक्त बदल सकता है। कृषकगण गेहूं के विकल्प के रूप में मक्का की फसल ले सकते हैं।अभी सरसों चना मसूर गेहूं आदि की खरीदारी की जा रही है बेहतर तरीके से की जा रही है जिससे को सही कीमत मिल सके इसके लिए आधुनिक प्रधानमंत्री मोदी एवं उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी ने काफी प्रयास किया है। इस कारण हमारा राज्य के भीतर पिछले वर्षों के अपेक्षा इस वर्ष पैदावार ज्यादा बढा है पिछले साल 540 लाख मीट्रिक टन और इस साल 700 लाख मिट्रिक टन उत्पादन होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री उसको एमएसपी दर पर खरीदें जिससे सही कीमत मिल सके। इसके लिए मोदी के सरकार के मुख्यमंत्री योगी काफी प्रयासरत है। इसी उत्पादन पिछले वर्षों में एक लाख मिट्टी तन से भी ज्यादा पैदावार हमने बढ़ाई हैं। जहां पिछले वर्ष 540 लाख मीट्रिक टन था जो इस वर्ष 68 लाख मिट्रिक टन उत्पादन हुआ।

## विधायक व डीएम ने स्थल का किया निरीक्षण

**मिर्जापुर।** नगर पंचायत कछवां का पानी बजहा में जाकर इकट्ठा हो रहा है जिससे वहां काश्तकारों की फसल डूब जाती है। समस्या के निदान हेतु विधायक मझवां शुचिस्मिता मौर्च व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र व अन्य राजस्व स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षणोपरान्त जिलाधिकारी, विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस संदर्भ में मौके पर सम्बन्धित अधिकारी से एसटीपी प्लांट बनाने हेतु सुझाव मांगा गया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था आरईएस व सीएण्डडीएस को निर्देशित करते हुए कहा कि कच्चा खोदाई कराए जिससे पानी निकलने लगे और तब तक प्रस्ताव बनाकर तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित करते हुए कहा कि दो दिवस के अन्दर जमीन की पैमाइश कराए ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सकें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र उपस्थित रहें।

# साइबर क्राइम के बारे में टोल फ्री नम्बर 1930 पर करें कॉल : जिलाधिकारी

विश्ववार्ता संवाददाता




» अपने ऑनलाइन अकाउंट्स के लिए सुरक्षित पासवर्ड का उपयोग करें

**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने साइबर क्राइम को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। इन सुझावों का पालन करके, हम अपने ऑनलाइन अकाउंट्स और व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि अपने ऑनलाइन अकाउंट्स के लिए सुरक्षित पासवर्ड का उपयोग करें। पासवर्ड को समय-समय पर बदलें और दो-कारक प्रमाणीकरण का उपयोग करें। अपने कंप्यूटर और मोबाइल डिवाइस पर फायरवॉल और एंटीवायरस सॉफ्टवेयर स्थापित करें। यह आपके डिवाइस को मैलवेयर और अन्य ऑनलाइन खतरों से बचाएगा। केवल सुरक्षित वेबसाइट्स पर जाएं जिनके यूआरएल में षेजजचेष होता है। अज्ञात लिंक्स पर क्लिक न करें और अज्ञात स्रोतों से डाउनलोड न करें।ऑनलाइन लेनदेन करते समय सुनिश्चित करें कि वेबसाइट सुरक्षित है और आपके व्यक्तिगत विवरण की सुरक्षा के लिए उचित उपाय किए गए हैं। सोशल मीडिया पर अपने व्यक्तिगत विवरण को साझा न करें और अज्ञात लोगों को अपने दोस्तों की सूची में न जोड़ें। साइबर क्राइम के विभिन्न प्रकारों के बारे में जानकारी रखें और अपने परिवार और दोस्तों को भी इसके बारे में बताएं। यदि आपके साथ साइबर क्राइम होता है, तो बिना संकोच तुरंत पुलिस को शिकायत करें और अपने बैंक और क्रेडिट कार्ड कंपनी को भी सूचित करें। साइबरक्राइम की शिकायत टोल फ्री नम्बर 1930 पर भी की जा सकती है।

# अग्निशमन विभाग द्वारा आग बुझाने के लिए किया गया मॉक ड्रिल

विश्ववार्ता संवाददाता



» शिक्षकों और विद्यार्थियों को बाहर लगी हुई आग को वैज्ञानिक तरीके से बुझा कर दिखाया

**हरदोई।** शहर के शाहजहांपुर रोड स्थित सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में जिला अग्निशमन विभाग द्वारा आग बुझाने के लिए मॉक ड्रिल किया गया। सीएफओ महेश प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में जिसमें एफसीएसओ सुशील कुमार सिंह, एफएसडी गजेंद्र सिंह, अजय शुक्ला, फायरमैन राजेश यादव, विमलेश सिंह ,अभिषेक कुशवाहा ,जयशंकर ,कुलदीप ने आग पर कैसे काबू पाया जाए, जिससे जन-धन बचाया जा सके। शिक्षकों और विद्यार्थियों को गैस सिलेंडर और बाहर लगी हुई आग को वैज्ञानिक तरीके से बुझा कर दिखाया गया। इसका अभ्यास स्कूल फायर कंट्रोल कमेटी, छात्रों तथा कर्मचारियों से भी कराया गया। प्रधानाचार्या मौसमी ने निर्देश दिया कि शिक्षक स्वयं इस अभियान का हिस्सा बनें। आग बुझाने के तरीके जानकर आधुनिक उपकरणों का उपयोग करके अपने अंदर आत्म विश्वास लाएं और अप्रिय स्थिति आने पर एक सक्रिय सहायक के रूप में अपनी सेवाएं दे सके। अग्निशमन विभाग के साथ-साथ स्कूल के शिक्षकों ने भी इस मॉक ड्रिल में भाग लिया। राकेश पाल उप प्रधानाचार्य पी.एस जोशी मौजूद रहे।

## उत्साह से मनाया गया राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा

**हरदोई।** कछौना ब्लॉक में आंगनवाड़ी केंद्र हथौड़ा में पोषण पखवाड़ा का आयोजन डेवलपमेंट कंसोर्टियम संस्था और एचसीएल फ़ाउंडेशन के द्वारा हुआ.

इस दौरान पोषण पखवाड़ा के विषय एक हजार सुनहरे दिवस और गर्भावस्था के महत्त्व, पोषण, पोषण युक्त आहार, अनीमिया, साफ़ सफ़ाई, माहवारी, गर्भावस्था के दौरान पोषण, टीकाकरण, एचआरपी आदि विषयों पर उपस्थित सभी धात्री महिलाओं,गर्भवती महिलाओं तथा किशोर और किशोरियों को समझाया गया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी तथा अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर निरीक्षण किया और जानकारी ली। सभी माताओं को पहले संपुष्टि टीम द्वारा पोषण युक्त आहार को पोषण रंगोली के माध्यम से समझाया गया। जिसमें आयरन, प्रोटीन, विटामिन और खनिज लवणों से भरपूर सब्ज़ियों, दालों, फलों, मोटे अनाज आदि को प्रदर्शित किया गया।

# भूखे मासूमों को एसओ ने परोस दिया अपना भोजन

विश्ववार्ता संवाददाता



» भूखे बच्चे बंद दुकान से चुरा रहे थे नमकीन व चिप्स

**किशनपुर, फतेहपुर।** किशनपुर कस्बा में मंडी चैराहा के समीप एक बंद दुकान से नमकीन चिप्स चोरी कर रहे दो मासूम भाइयों को थानाध्यक्ष ने भूखा देख अपना भोजन भरा टिफिन परोस दिया। शराबी पिता और मां को बुला कर बच्चों को अच्छे संस्कार देने और स्कूल भेजने की सलाह दी।

किशनपुर मंडी चैराहा के समीप एक परचून की दुकान है। जो गुरुवार को बंद थी। तभी पांच से छह वर्षीय दो मासूम भाई दोपहर में दुकान के पीछे से घुसकर दुकान में रखें नमकीन व चिप्स चोरी करने लगे। दुकान मालिक ने दोनों को पकड़ लिया और पड़कर थाने ले गया। जहां थानाध्यक्ष दिवाकर सिंह ने दोनों मासूमों को पास बैठाया और मीठा खिलाते हुए चोरी करने का कारण पूछा। दोनों ने बताया कि पापा शराब पीते हैं।

दिन भर मम्मी दूसरे के खेत में गेहूं काटने जाती हैं। भूख लगी थी इसलिए चिप्स चोरी किए। इससे पहले भी कभी-कभी चोरी कर लेते थे। थानाध्यक्ष ने पूछा कि आज क्या खाया है तो दोनों ने बताया कि कुछ नहीं खाया, भूखे हैं।

## दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने की दी सलाह

**हरदोई।** शुक्रवार को बेनीगंज पुलिस ने कस्बे के निकट रेलवे क्रॉसिंग पर चेकिंग अभियान चलाया।पुलिस ने बिना हेलमेट व तीन सवारी बैठकर बाइक चलाने पर चालान काटे। इस दौरान अधिकांश बाइक चालक को हेलमेट पहनकर चलने की सलाह भी दी गई। यहां उन्होंने प्रताप नगर और बेनीगंज की तरफ से निकलने वाले बाइक चालक के हेलमेट न पहनने पर चालान काटे। करीब एक घंटे चले चेकिंग अभियान में दर्जनों बाइक के चालान काटकर कई हजार वसूले। यातायात प्रभारी राम लाल सोनकर ने बाइक चालकों से कहा कि वे हेलमेट पहनकर चलें और बाइक पर आगे पीछे नंबर अवश्य डालें। चेकिंग अभियान के दौरान सड़क किनारे खड़ी पुलिस को दूर से देख जान जोखिम में डाल कर कई बाइक सवार खेतों एवं पगडंडियों पर भागते नजर आए। जिन्हें पुलिस ने इशारों इशारों में रोकने का प्रयास किया,पर वह चालान के डर से भागने में सफल रहे।

## हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव पर भण्डारा

**फतेहपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय गया प्रसाद अग्रहरि (बाबा) द्वारा स्थापित जागेश्वर धाम में हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव स्थापना दिवस के रूप में मनाया जा रहा है जिसमें सर्वप्रथम कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया। उसके उपरांत अपने निज निवास राधानगर झाऊपुर पुलिया के सामने हनुमान जी की प्रतिमा रखकर उनकी पूजा अर्चना की गई। साथ ही कन्याओं को बुलाकर उनके पैर धुलकर टीकाकर उनको भंडारा का प्रसाद वितरित किया गया और दान दक्षिणा भी दी गई। इस अवसर पर रमेश चंद्र, मोहित गुप्ता, ट्विंकल, रोहित गुप्ता, शुभम, शिवम, चंद्रप्रकाश गुप्ता, रोशनी अग्रहरि सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वही राधानगर चैराहे पर अजय मेडिकल स्टोर द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि बाबा द्वारा हनुमान मंदिर की स्थापना के उपलक्ष में यह भंडारा किया गया है। जिसमें लोगों ने आकर पूड़ी, सब्जी, बूंदी, खीर का स्वाद चखा।

# वनभूमि पर बनाये गए मकान को ध्वस्त कर वन विभाग की टीम ने कराया खाली

विश्ववार्ता संवाददाता



» पिलर व ईट की दीवाल बनाकर वन भूमि को कब्जा किया जा रहा था

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय वन रेंज के अंतर्गत हथेड़ा गांव स्थित वन भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा मकान बनाकर अतिक्रमण को शुक्रवार को वनक्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्र मय टीम उप वनक्षेत्रधिकारी चंद्र प्रकाश तिवारी (सीपी तिवारी) वन दरोगा सूरज पाण्डेय, सन्नी सिंह वनरक्षक नीतू शर्मा, अंकुर शुक्ला,अरविंद कुमार व वाचार को लेकर वन भूमि पर मकान बनाकर किये गए अतिक्रमण को गिराकर वन भूमि को अतिक्रमण को खाली करा दिया गया है। हथेड़ा गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा पिलर व ईट की दीवाल बनाकर वन भूमि को कब्जा किया जा रहा था वन रक्षक द्वारा अतिक्रमण करने से किये बार मना किया गया लेकिन उस व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर पिलर व ईट कि दीवाल बना लिया गया था जिस पर वनक्षेत्रधिकारी अवध नारायण मिश्र द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग मिर्जापुर तापस मिहिर के निर्देश पर मौके पर पहुंचकर वन भूमि पर बनाये गए ईट कि दीवाल को ध्वस्त कर अतिक्रमण को खाली कराया गया और अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति को दो दिन के अंदर पिलर को हटाने का निर्देश दिया है दो दिन में पिलर को नहीं हटाने पर फिर से टीम के साथ आकर अतिक्रमण मुक्त कराने कि चेतावनी दिया गया है।

## पालिका का सफाई अभियान लगातार जारी

**फतेहपुर।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य एडवोकेट के निर्देशन व अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार के आदेशानुसार कार्य योजना के अंतर्गत क्षेत्र के वार्ड ज्वालागंज वार्ड, पनी मोहल्ले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया।

पालिका के सफाई कर्मियों की टीम दोनों वार्ड पहुंची। जहां सफाई के साथ-साथ नालियों की सिल्ट का निस्तारण झाड़ियां की कटाई नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव के अलावा फागिंग भी कराई गई।

पालिका कर्मियों ने आमजन को जागरूक किया कि संचारी रोगों से बचने के लिए अपने आस-पास साफ-सफाई रखें। कूड़ा करकट को नालियों में न फेंके। निर्धारित स्थान के अलावा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली टीम को ही कूड़ा दें।

# ग्राम पंचायत थोथा व सोनगढा में एडीओ एसटी व सचिव ने सुनीं समस्याएं

विश्ववार्ता संवाददाता



» एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत थोथा व सोनगढ़ा में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी व सचिव ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया है। ग्राम चैपाल में पेंशन, आवास, हैंडपम्प,किसान सम्मान निधि, शौचालय, राशन की मांग ग्रामीणों ने रखी ग्राम पंचायत थोथा के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चैपाल में एडीओ एसटी मनोहर लाल ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना जिसमें पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय, पेंशन, राशन कार्ड की मांग ग्रामीणों ने रखी जिसमें एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सोनगढ़ा के पंचायत भवन परिसर में आयोजित ग्राम चैपाल में सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जिसमें पेंशन, आवास, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय राशन कार्ड की मांग को ग्रामीणों ने रखी जिसमे सचिव ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का भरोसा दिया है। इसके बाद ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यों का सचिव ने स्थलीय निरीक्षण किया है।

# गांधीनगर में नालियां चोक ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

विश्ववार्ता संवाददाता



» सड़क पर उतरकर किया प्रदर्शन, समस्या निस्तारण की उठाई मांग

**फतेहपुर।** बिंदकी तहसील के सांई ग्राम पंचायत के चैडगरा गांधीनगर में चोक नालियों के उफनाए कीचड़ से ऊबकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। स्थानीय बाशिंदों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। कहा कि बजबजाती नालियों के कारण बिमारियां फैल रही हैं। दर्जनों लोगों को बुखार, खासी व अन्य समस्याएं हो रही हैं। नालियों का कीचड़युक्त पानी सड़क में भरा है और घरों में घुस रहा है। शिकायत के बाद भी प्रधान ने अनसुना कर दिया है।

गौरतलब है कि चैडगरा के गांधीनगर मोहल्ले में 50 घर है। दो मुख्य गलियां हैं। दोनों गलियों में दोनों ओर नाली बनी हुई है। जल निकासी का समुचित प्रबंध न होने से जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। एक महीने से परेशान ग्रामीण उस समय सड़क में उतर आये जब नालियों का उफनाता पानी घरों में घुसने लगा। लोगो के शौचालयों के टैंक में नालियों का पानी भर गया है। दुर्गन्ध और कीचड़ से लोगो का जीना दुश्वार हो गया है। ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सफाई कर्मी को भेजकर नालियों को साफ कराया जा रहा है।

## कांग्रेस ने डीएम के निर्णय का किया स्वागत

**फतेहपुर।** अभी पिछले दिनों प्राइवेट स्कूलों द्वारा अपने विद्यालय में अभिभावकों से मनमानी ढंग से धन उगाही को लेकर जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा के सह नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिलकर इस समस्या से निजाद पाने हेतु निवेदन किया था जिसके परिपेक्ष में जिलाधिकारी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को आदेशित किया कि सभी प्राइवेट स्कूलों पर तुरंत लगाम कसी जाए एवं अनदेखी पर विद्यालय प्रबंधन पर कठोर कार्यवाही की जाए। जिस पर आज जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार द्वारा सभी विद्यालय प्रबंधन को आदेश जारी कर दिया गया। आदेश का स्वागत करते हुए जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि अब अभिभावकों को किताब, कापी या अतिरिक्त प्रवेश शुल्क से निजाद मिल सकेगी। इस मंहगाई की मार से कुछ राहत मिलेगी।

# बढ़ा तापमान, तेज हवाओं से गर्मी दिखा रही असर

विश्ववार्ता संवाददाता



बच्चे को धूप से बचाने के लिए सिर ढके महिला।

» धूप से बचने के लिए उपाय कर रहे लोग

**फतेहपुर।** चालू माह के 18 दिन पूरे हुए हैं और तापमान बढ़ने व तेज हवाएं चलने से गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। गर्मी और तापमान में प्रतिदिन हो रही बढ़ोत्तरी से अब लोगों के चेहरे लाल होने लगे हैं। लोगों के बीच ठंडे पेय पदार्थों के साथ-साथ पानी की दरकार बढ़ गई है। लोग अपने जरूरी कामकाजों को सुबह व शाम को निपटा रहे हैं। सड़कों पर निकलने वाली महिलाएं एवं पुरूष अपने शरीर को ढके हुए देखे जा सकते हैं।

शुक्रवार को सुबह से ही तेज धूप आसमान में आ गई। कामकाजी युवतियां मुंह में दुपट्टा बांधकर पूरा मुंह ढके रही और हाथों में छतरी लेकर धूप से बचने का प्रयास करती रही। सूरज की तपन से लोग बेहाल हो उठे। सबसे अधिक छोटे बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अभी विद्यालयों में नया शिक्षा सत्र शुरू हुआ है। जिसके चलते सभी विद्यालय खुले हैं और प्रतिदिन बच्चे स्कूल जा रहे हैं। स्कूल से छुट्टी के समय दोपहर को घर लौटते समय बच्चे कुंभलाते नजर आते हैं। तेज धूप के बीच बच्चे असरे सरों को अंगौछे व छतरी के सहारे ढक कर निकल रहे हैं। रास्ते में बच्चे अपने साथ लिए पानी की बोतल से गला तर करते हुए भी दिख जाते हैं। बच्चों के अलावा पशु-पक्षी भी प्यास बुझाने के लिए नलों के आसपास देखे जा सकते हैं। ग्रामीणांचलों का भी हाल बेहाल है। तालाब और पोखरें सूख गये हैं। जलस्तर धीरे-धीरे घटने से शहर में पानी की दिक्कतें भी शुरू हो गई हैं। शहर के कई इलाकों में जलस्तर स्तर इतना घट गया है कि हैंडपंपों ने पानी उगलना बंद कर दिया है लेकिन गर्मी को देखते हुए जल निगम द्वारा किसी भी तरह की अब तक कोई कार्य चालू नही किया गया। शहर के अधिकांश इंडिया मार्क हैंडपम्प बिगडे. पडे. हैं। मौसम विभाग की माने तो दो से तीन दिनों में बदली के साथ हल्की बूंदा-बांदी हो सकती है। जिसके चलते एक बार फिर मौसम सामान्य हो जाएगा।

# नेशनल हेराल्ड घोटाले में कांग्रेस का जलाया पुतला

विश्ववार्ता संवाददाता



» कांग्रेस है चोर पार्टी, देश को ले गई गर्त में : मधुराज

**फतेहपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कांग्रेस द्वारा किए गए नेशनल हेराल्ड घोटाले के संबंध में कांग्रेस कार्यालय के सामने कांग्रेस का पुतला फूंका। जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने बताया कि देश को गर्त में धकेलने वाली पार्टी कांग्रेस ही है। जिसने घोटाले के ऊपर घोटाले किए हैं। देश को पिछड़े देशों की श्रेणी में खड़े करने का काम कांग्रेस पार्टी ने ही किया है।

उन्होंने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा ऐसे दल, ऐसे राष्ट्र विरोधी नेताओं का गगन भेदी नारों से विरोध करता रहेगा। उन्होंने कांग्रेस पर हेराल्ड के अलावा अन्य कई घोटाले के भी आरोप लगाए। युवाओं ने कांग्रेस को चोर पार्टी कहते हुए सड़कों में उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य रुद्र मिश्रा, जिला संयोजक प्रसून तिवारी, जिला उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, नगर अध्यक्ष किशन शुक्ला, घनश्याम राजपूत, इमरान, राज पांडेय, अभय द्विवेदी, जय यादव, दीपक वाल्मीकि, रिंकू पुरी, रचित विश्वकर्मा, केतन विश्वकर्मा, शोभित, सोनू सविता, अभिषेक सैनी, अफाक अली, दानिश, एहसान आदि तमाम युवा मोर्चा पदाधिकारी मौजूद रहे।

**यीशू मसीह** प्रभु यीशू के रास्ते पर चलकर पापों से अपने को बचा सकते हैं

# गुड-फ्राइडे पर चर्च में हुई प्रार्थना सभाएं

विश्ववार्ता संवाददाता



चर्च में संबोधित करते फादर एवं उपस्थित इसाई समुदाय के लोग।

**फतेहपुर।** मानव समाज में फैली अशान्ति और वैमनस्यता को तंग करने एवं सबके बीच सद्भावना और संभाव का प्रसार करने के लिये सबको पापों को बचाने की खातिर ही प्रभु यीशू यहां आये थे इसलिए यह दिन धन्य है। सबको उनकी शिक्षाओं पर अमल करना चाहिए जिससे दुनिया बुराइयों को खत्म कर अच्छाईयों की ओर चल सके। गुड फ्राइडे को नगर स्थित चर्चों में सजावट के साथ प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में प्रभु यीशू मसीह की क्रूस से बोली गई सात वाणियों का विस्तार से वर्णन किया गया।

देवीगंज स्थित इण्डियन प्रेस बिटेरियन चर्च में सुबह से ही चहल-पहल का माहौल रहा। साफ-सफाई कर सजावट की गई। इण्डियन प्रेस बिटेरियन चर्च में दोपहर बारह बजे से तीन बजे तक प्रार्थना सभा चली। फादर ने प्रभु यीशू द्वारा दिये गए संदेशो पर विस्तृत प्रकाश डाला। कहा कि आज का दिन धन्य है। इस दिन प्रभु यीशू का पदार्पण हुआ था। प्रभु यीशू मानव समाज में फैली अशान्ति को शान्ति में तब्दील करने के लिए आये थे। सद्भाव और संभाव का प्रसार करते हुए प्रभु यीशू ने दुनिया को सच्चाई का रास्ता दिखाया। हर मानव को प्रभु यीशू के आदर्शों पर कायम रहना चाहिए। समाज में फैली कुरीतियों को खत्म करने के लिए अशान्ति का रास्ता नहीं अपनाना चाहिए। प्रभु यीशू अपने अनुयाइयों से यही चाहतें हैं कि खुद को आदर्श बनायें और फिर समाज में आदर्श के बीज अंकुरित करें। प्रभु यीशू ने सत्य को कायम करने के लिये अनेक बार शूलियों पर चढ़ इस बात को साबित कर दिया था कि बुराइयों के सामने कभी सत्य झुकता नही है। सत्य पर अमल करने वाले मानव की पूजा समाज बराबर करता है। सत्य की नींव इतनी मजबूत होती है कि झूंठ की हवाएं उसे कतई हिला नही सकती। प्रार्थना सभा के पश्चात चर्च में ही जलपान की व्यवस्था भी की गई। जिसमें बड़ी संख्या में अनुयायियों ने शिरकत की।

# हादसों को न्योता दे रहे ईंट लदे ओवरलोड वाहन

विश्ववार्ता संवाददाता



» यातायात व्यवस्था को भी करते बाधित, प्रशासन मौन

**खागा, फतेहपुर।** किशनपुर कस्बे में ओवरलोड ईंट लदे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का आतंक देखा जा रहा है। वैकल्पिक मार्ग से गुजर रहे ये वाहन न केवल यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहे हैं, बल्कि लगातार हादसों का भी कारण बन रहे हैं। स्थिति यह है कि कई वाहन तो बिना धक्का लगाए निकल ही नहीं पा रहे, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिला उद्योग व्यापार मंडल मिश्र गुट के जिलाध्यक्ष राजेंद्र मिश्र का आरोप है कि प्रशासन और पुलिस की खामोशी इन हादसों की सबसे बड़ी वजह बन रही है। थाने से महज चंद कदमों की दूरी पर यह खेल खुलेआम खेला जा रहा है, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही। ईंट लदे ट्रैक्टर सर्कस की तरह ओवरलोड होकर इस तरह फर्राटा भरते हैं, मानो किसी नियम-कानून की कोई परवाह ही नहीं। उहोंने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जल्द ही लोकनिर्माण पुल को दुरुस्त कराए। व्यापारी दिनेश सिंह, धर्मजीत सिंह, राजा अग्रवाल का यह भी कहना है कि इन ट्रैक्टरों को किसी ऊँचे इशारे पर खुली छूट मिली हुई है।

# ग्लेन मैक्सवेल पर बुरी तरह बरसे चेतेश्वर पुजारा



एजेंसी

मुंबई। टीम इंडिया के स्टार टेस्ट प्लेयर चेतेश्वर पुजारा ने आईपीएल 2025 में खराब प्रदर्शन कर रहे ऑस्ट्रेलियाई विस्टफोटक बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल को जमकर लताड़ लगाई है। मैक्सवेल के लिए यह आईपीएल सीजन भी बुरे सपने की तरह गुजर रहा है, पिछले साल आरसीबी और इस साल पंजाब के लिए खेलते हुए पिछले 16 आईपीएल मुकाबलों में वह 100 रन तक का आंकड़ा नहीं छू पाए हैं। पिछले साल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए छह मैचों में सिर्फ 32 रन और पंजाब किंग्स के लिए चार मैचों में 21 और रन जोड़े हैं।

मैक्सवेल के इस निराशाजनक प्रदर्शन को देखते हुए पुजारा ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो टी20 टाइम आउट पर कहा, जिस तरह से वह बल्लेबाजी करते हैं, उसमें बहुत बदलाव नहीं आया है। उन्होंने आईपीएल को लेकर भी अपना नजरिया नहीं बदला है। कई बार ऐसा हुआ है कि वह थोड़े लापरवाह हो गए हैं। वह आज भी वैसे ही हैं जैसे आठ-दस साल पहले थे। मैं थोड़ा आलोचनात्मक हूं, लेकिन कई बार ऐसा होता है जब एक खिलाड़ी के तौर पर आपको जागने की जरूरत होती है। पुजारा ने साथ ही कहा कि अब समय आ गया है कि मैक्सवेल अपनी कमर कस लें और अच्छा प्रदर्शन करना शुरू कर दें, क्योंकि वह दिन दूर नहीं जब पंजाब किंग्स का मैनेजमेंट का धैर्य जवाब दे जाएगा। पुजारा ने कहा, आपको यह समझने की जरूरत है कि आपको खेलने और एक ऐसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनने का मौका मिल रहा है, जहां चीजें दांव पर लगी हैं। और कई बार खिलाड़ी लापरवाह हो जाता है, उसे इस बात की चिंता नहीं होती कि क्या हो रहा है। मुझे यकीन है कि वह अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है, लेकिन जब आप अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे होते हैं, तो आपको बस अपने आप को बेहतर बनाने और अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करनी होती है। उसे वह संतुलन बनाना होगा, अगर कोई और खिलाड़ी होता तो वह XI से बाहर हो जाता, लेकिन मैक्सवेल होने के कारण उसे वह मौका मिल रहा है।



## एक नजर

### सीएसके के गेंदबाज चोटिल गुरजपनीत बाहर

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह चोट के कारण आईपीएल 2025 के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। सीएसके ने शुक्रवार को बताया कि चोटिल गुरजपनीत सिंह की जगह दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को टीम में जगह दी हैं। ब्रेविस ने 81 टी-20 मैचों में 145 की स्ट्राइक रेट से दो हजार रन बनाए और 18 विकेट लिये हैं। वह मेजर लीग क्रिकेट, एसए-20 और आईपीएल में भी खेल चुके है।

### श्याम लाल और आईजीआई कॉलेज की विजयी शुरुआत

**नयी दिल्ली।** बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट में श्याम लाल कॉलेज ने पुरुष वर्ग और आईजीआई कॉलेज ने महिला वर्ग में जीत के साथ शुरुआत की। श्याम लाल कॉलेज ने चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट में हंसराज कॉलेज को 4-0 से हराया। श्याम लाल कॉलेज की ओर से अतुल चौधरी, प्रियांशु रावत, प्रत्यूष सिंह जग्गी और आकाश ने एक- एक गोल किए। प्रत्यूष सिंह जग्गी को प्लेयर ऑफ मैच का पुरस्कार मिला। वहीं महिला वर्ग में के मैच में इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 1-0 से हराया। विजेता टीम की ओर से एकमात्र गोल आंचल ने किया और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार से नवाजा गया। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज द्वारा आयोजित हॉकी और बास्केटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि, ध्यानचंद अवॉर्डी हॉकी ओलंपियन अशोक दीवान और प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह, प्रिंसिपल एसजीटीबी खालसा कॉलेज ने किया।

### ल्योन को हराकर मैनचेस्टर यूनाइटेड और यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में

लंदन। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ल्योन को हराकर यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। गुरुवार को खेले गये रोमांचक मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ल्योन को 5-4 से हराया। मैनचेस्टर ने 4-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए ल्योन पर यह जीत दर्ज की। मैच के शुरु में रुबेन एमोरिम की टीम ल्योन के खिलाफ 2-0 से आगे चल रही थी। इसके बाद ल्योन ने दो गोल दाग कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। ल्योन ने अतिरिक्त समय में दो गोल करके स्कोर 4-2 कर बढ़त बना ली। महज सात मिनट के अंतर में यूनाइटेड ने तीन गोलकर यह रोमांचक मुकाबला जीता। ब्रूनो फर्नांडीस की पेनल्टी के बाद , कोबी मैनू ने गोलकर स्कोर 4-4 कर दिया और इसके कुछ देर बाद ही यूनाइटेड के हैरी मैग्वायर मैच विजय गोल दागा।

### अथिया-केएल राहुल ने रिवील किया बेटी का नाम

अथिया शेट्टी और टीम इंडिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल ने शुक्रवार को बेटी का नाम अनाउंस किया है। कपल ने बेटी का नाम- इवारा रखा है। कपल ने इंस्टाग्राम पर बेटी के साथ फोटो शेयर कर नाम अनाउंस किया। अथिया शेट्टी ने अपने पति और क्रिकेटर केएल राहुल के बर्थडे के मौके पर बेटी का नाम अनाउंस किया है। अथिया ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, हमारी बेबी गर्ल, हमारी सबकुछ है। इवारा- गिफ्ट ऑफ गॉड। अथिया ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर कर बेटी के नाम का मतलब भी बताया है। कपल की बेटी का पूरा नाम इवारा विपुला राहुल है। इवारा का मतलब- गिफ्ट ऑफ गॉड, विपुला- अथिया की नानी के सम्मान में और राहुल- इवारा के पापा। इंडस्ट्री के कई सेलेब्स और क्रिकेटर्स पोस्ट पर रिएक्ट कर रहे हैं। अथिया के पिता और एक्टर सुनील शेट्टी, अनुष्का शर्मा, मलाइका अरोड़ा, अर्जुन कपूर ने कपल के इस पोस्ट पर रिएक्ट किया है।

# हमें फाइनल में पहुंचने के लिए घर से बाहर भी अच्छा खेलना होगा : हार्दिक



एजेंसी

**मुम्बई।** मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा है कि हमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल में पहुंचने के लिए घरेलु मैदान के अलावा बाहर भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सनराइजर्स हैदराबाद पर मिली जीत के बाद हार्दिक ने कहा, "यह एक मुश्किल विकेट था। इस पर 160 का स्कोर थोड़ा कम था। यहां गेंदें रूक कर आ रही थीं। हमने अच्छी तैयारी की थी। मुझे लगता है कि हमने गेंदबाजी के दौरान अच्छा प्रयास किया। हमें विकेटों की आवश्यकता थी। ईशान, हर्षल और मैं अंतिम ओवरों के दौरान अच्छी गेंदबाजी कर सकते हैं। हमें एक या दो अच्छे ओवर चाहिए थे। इसलिए हमने राहुल चहर को अवसर दिया था। हमें फाइनल में जाने के लिए घर से बाहर अच्छा खेलना पड़ेगा। लेकिन हम अब तक ऐसा नहीं कर पाए हैं।"

उन्होंने कहा, "हम पूरी समझदारी के साथ सटीक गेंदबाजी कर रहे थे। कुछ गेंदों पर शॉट खेलना बिल्कुल भी आसान नहीं था। इसका श्रेय काफी हद तक गेंदबाजो जाता है कि हमने उन्हें कुछ अच्छे शॉट्स खेलने लिए मजबूर किया। हम लगातार उन्हें दबाव में रखने का प्रयास कर रहे थे। दीपक ने जो पहले कुछ ओवर किए, उन में से कुछ गेंदें रूक कर भी आईं। इसके बाद हमने धीमी गेंदों का इस्तेमाल करने का फैसला किया। इसके अलावा हमने यॉर्कर को बहुत ही चालाकी के साथ इस्तेमाल किया।"

### अल्कराज बार्सिलोना ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**बार्सिलोना।** स्पेन के टेनिस स्टार कार्लोस अल्कराज ने सर्बिया के लासलो जिरे को हराकर बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। गुरुवार को 71 मिनट तक चले मुकाबले में अल्कराज ने लासलो जिरे को 6-2, 6-4 से हराया। अल्कराज ने मैच की शुरुआत से शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए पहला सेट 6-2 से जीता। इस सेट में अल्कराज ने आठ विनर लगाए।

# नारायण मूर्ति के पोते को 3 .3 करोड़ डिविडेंड मिला

## पोते एकाग्र के पास इंफोसिस के 15 लाख शेयर



एजेंसी

**मुंबई।** इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति के पोते एकाग्र को वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में इंफोसिस के शेयर्स पर 3.3 करोड़ का डिविडेंड मिला है। इस वित्त वर्ष में एकाग्र को कुल 10.65 करोड़ रुपए का डिविडेंड मिल चुका है। इससे पहले उन्हें 7.35 करोड़ रुपए डिविडेंड मिला था।

एकाग्र भारत के सबसे कम उम्र के करोड़पतियों में से एक हैं। उनकी उम्र महज 17 महीने है। एकाग्र को उनके दादा नारायण मूर्ति ने पिछले साल अपनी ही कंपनी इंफोसिस के 15 लाख शेयर्स गिफ्ट किए थे, जिनकी मौजूदा वैल्यू करीब 214 करोड़ है। इंफोसिस ने कल यानी 17 अप्रैल को वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए थे। कंपनी ने इस तिमाही के लिए शेयरहोल्डर्स को 22 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देने का ऐलान किया है।

एकाग्र को पिछले साल 18 अप्रैल को 4.2 करोड़ रुपए का डिविडेंड मिला था। इंफोसिस ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए थे। कंपनी ने इस तिमाही के लिए शेयरहोल्डर्स को 28 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देने का ऐलान किया था।

तिमाही नतीजों से पहले इंफोसिस का शेयर आज गुरुवार (17 अप्रैल) को 1.03% की तेजी के बाद 1,427.70 के स्तर पर बंद हुआ। पिछले एक महीने में कंपनी का शेयर 11.29% गिरा है। जबकि 6 महीने में ये 27.46% और इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 24.16% गिरा है। कंपनी का मार्केट कैप 5.88 लाख करोड़ रुपए है। 16 जनवरी से 17 अप्रैल के बीच कंपनी की मार्केट वैल्यू करीब 2.16 लाख करोड़ रुपए कम हुई है।

# ऑल टाइम हाई पर सोना : आगे और बढ़ सकते हैं दाम

एजेंसी

**मुंबई।** गोल्ड 85,000 रुपए प्रति 10 ग्राम का लेवल पार करके 85,207 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। IBJA के अनुसार इस साल अब तक सोने के दाम 19,045 रुपए बढ़ चुके हैं। 31 दिसंबर को सोना 76,162 रुपए पर था, जो अब 85,207 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है।

एक्सपर्ट के अनुसार इस साल के आखिर तक सोना 1.10 लाख रुपए तक जा सकता है। अगर आप भी सोने में निवेश करने का मन बना रहे हैं तो गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड यानी गोल्ड ETFs में निवेश एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है। इसने बीते 1 साल में 29% तक का रिटर्न दिया है। ऐसे में यहां हम आपको गोल्ड ETF के बारे में बता रहे हैं...



» गोल्ड ETF के जरिए करें निवेश; एक साल में दिया 29% तक का रिटर्न

एक्सचेंज ट्रेडेड फंड सोने के गिरते-चढ़ते भावों पर बेस्ड होते हैं। एक गोल्ड ETF यूनिट का मतलब है कि 1 ग्राम सोना। वह भी पूरी तरह से प्योर। गोल्ड ETFs की खरीद-बिक्री शेयर की ही तरह BSE और NSE पर की जा सकती है। हालांकि, इसमें आपको सोना नहीं मिलता। आप जब इससे निकलना चाहें तब आपको उस समय के सोने के भाव के बराबर पैसा मिल जाएगा।

# टॉप-10 कंपनियों की वैल्यू 3 .84 लाख करोड़ बढ़ी

## HDFC बैंक टॉप गेनर, इसका मार्केट कैप 76,484 करोड़ बढ़कर 14 .59 करोड़

एजेंसी

**मुंबई।** मार्केट कैप के हिसाब से देश की टॉप-10 कंपनियों की मार्केट वैल्यू इस हफ्ते के कारोबार के बाद 3.84 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। इस दौरान HDFC बैंक टॉप गेनर रही है। बैंक का मार्केट कैप 76,484 करोड़ बढ़कर 14.59 लाख करोड़ पहुंच गया है।

टेलीकॉम कंपनी एयरटेल की मार्केट वैल्यू भी 75,211 करोड़ रुपए बढ़कर 10.77 लाख करोड़ हो गया है। इसके अलावा, देश की सबसे वैल्युएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की वैल्यू 74,766 करोड़, ICICI बैंक की 67,597 करोड़ और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की वैल्यू 38,420 करोड़ बढ़ी है। स हफ्ते के कारोबार में शेयर बाजार 3396 अंक (4.51%) चढ़ा है। कल यानी गुरुवार, 17 अप्रैल को सेंसेक्स बाजार में गिरावट बाद बड़ी तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 1509 अंक (1.96%) चढ़कर 78,553 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 414 अंक (1.77%) की तेजी रही, ये 23,852 के स्तर पर बंद हुआ।



» इस हफ्ते शेयर बाजार में केवल तीन दिन कारोबार हुआ

इस हफ्ते शेयर बाजार में केवल तीन दिन कारोबार हुआ। पहले कारोबारी दिन (सोमवार, 14 अप्रैल) अंबेडकर जयंती और आखिरी दिन (शुक्रवार, 18 अप्रैल ) गुड फ्राइडे के चलते बाजार बंद रहा।

**मार्केट कैपिटलाइजेशन क्या होता है?**-मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर, जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, की वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की टोटल नंबर को स्टॉक की प्राइस से गुणा करके किया जाता है।

मार्केट कैप का इस्तेमाल कंपनियों के शेयरों को कैटेगराइज करने के लिए किया जाता है, ताकि निवेशकों को उनके रिस्क प्रोफाइल के अनुसार उन्हें चुनने में मदद मिले। जैसे लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियां। किसी कंपनी के शेयर में मुनाफा मिलेगा या नहीं इसका अनुमान कई फैक्टर्स को देख कर लगाया जाता है। इनमें से एक फैक्टर मार्केट कैप भी होता है।

# पूनम ढिल्लो डॉक्टर का सपना छोड़ बनीं मिस इंडिया

## सलमान खान पर था क्रश



महज 16 साल की उम्र में मिस इंडिया का खिताब जीतने वाली और फिर बॉलीवुड में सबको अपने हुस्न का दीवाना बनाने वाली अभिनेत्री पूनम ढिल्लों आज अपना 63वां जन्मदिन मना रही हैं। 18 अप्रैल 1962 में उत्तर प्रदेश के कानपुर में पूनम का जन्म हुआ। हिंदी सिनेमा के लीजेंडरी फिल्ममेकर यश चोपड़ा ने पूनम को अपनी फिल्म 'त्रिशूल' में काम करने का ऑफर दिया। एक्ट्रेस ने पहले यश चोपड़ा के ऑफर को रिजेक्ट कर दिया था। बाद में वो एक शर्त के साथ फिम में काम करने के लिए तैयार हो गईं। एक्ट्रेस ने डायरेक्टर के सामने शर्त रखी कि वो शूटिंग केवल स्कूल की छुट्टियों में ही करेंगी। फिल्म 'त्रिशूल' में पूनम को अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गज कलाकार के साथ काम करने का मौका मिला। इस फिल्म के बाद पूनम ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। पूनम अपनी प्रोफेशनल लाइफ में तो सक्सेसफुल रहीं हीं, पर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरीं। उनके जन्मदिन के मौके पर आइए जानते हैं उनसे जुड़ी कुछ बातें पूनम ने अपने करियर में फिल्म इंडस्ट्री के बड़े अभिनेताओं संग कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। कई लोगों के साथ उनके नाम भी जुड़े। बताया जाता है कि पूनम अपने करियर के शुरुआत में यश चोपड़ा के घर में ही रहा करती थीं। दोनों के ज्यादा समय साथ गुजारने को लोगों ने उनका रिश्ता समझ लिया और ये खबर तेजी से पूरे देश में फैल गई। बाद में एक्ट्रेस ने खुद इन बातों को महज अफवाह बताया था। बहरहाल, वह फिल्म यश चोपड़ा की 'त्रिशूल' ही थी यश चोपड़ा ने शशि कपूर से कहा था कि इस सीन को एक बार में परफेक्शन से करें। परफेक्शन की चाह में शशि ने पूनम को असली और जोरदार थप्पड़ मार दिया। पूनम को जैसे ही शशि का भारी-भरकम हाथ पड़ा तो वो दंग रह गईं और उनके एक्सप्रेशन कैमरे में कैद हो गए। शॉट खत्म होते ही शशि ने उनसे माफी मांगी और मामला समझाया था।

:पति को सबक सिखाने के लिए एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर, शादी से उठा भरोसा तो नहीं की दूसरी शादी



# ड्रीम गर्ल 2ये फिल्म सीक्वल नहीं बल्कि एक फ्रेंचाइजी थी

## इसलिए नुसरत की जगह अनन्या को लिया

ड्रीम गर्ल 2 के डायरेक्टर राज शांडिल्य ने एक इंटरव्यू में फिल्म की कास्टिंग को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि इस फिल्म को सीक्वल नहीं, बल्कि फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी के तौर पर बनाया गया था। अगर यह सीक्वल होती, तो मैं नुसरत को ही कास्ट करता। दरअसल, हाल ही में नुसरत ने ड्रीम गर्ल 2 का हिस्सा नहीं होने पर निराशा जाहिर की थी। डायरेक्टर राज शांडिल्य ने कहा, ड्रीम गर्ल 2 को एक सीधा सीक्वल नहीं, बल्कि फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी के रूप में बनाया गया था। अगर यह एक सीक्वल होती, तो मैं नुसरत को ही कास्ट करता। लेकिन यह एक फ्रेंचाइजी फिल्म थी, इसलिए मैंने नई लीड एक्ट्रेस को कास्ट किया था। राज शांडिल्य ने आगे बताया कि ड्रीम गर्ल की कहानी आयुष्मान और नुसरत के किरदारों के साथ पूरी हो गई थी। दूसरी कड़ी एक नई कहानी को दर्शाने के लिए बनाई गई थी, जिसमें नई फीमेल लीड की जरूरत थी। हालांकि फिल्म में अन्नू कपूर, मंजोत सिंह और विजय राज जैसे कुछ अहम किरदारों को बरकरार रखा गया। राज ने यह भी कहा कि पहले ही नुसरत से इस फैसले को लेकर बात की थी और उन्हें वही वजह समझाई थी। ऐसे में उन्हें निराश होने की कोई वजह नहीं बनती। राज शांडिल्य की मानें तो अगर ड्रीम गर्ल की तीसरी कड़ी बनाई जाती है, तो उसमें भी किसी नई अभिनेत्री को कास्ट किया जाएगा और अनन्या पांडे भी उस फिल्म का हिस्सा नहीं होंगी। राज ने नुसरत को अपना अच्छा दोस्त भी बताया। उन्होंने खुलासा किया कि वह इस समय एक नई फिल्म प्रोड्यूस कर रहे हैं और उसमें भूमिका के लिए नुसरत से संपर्क भी कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि वे जल्द ही नुसरत के साथ फिर से काम करेंगे।



# 'शाहरुख खान से ज्यादा बिजी हूं': अनुराग

अनुराग ने लिखा- 'मैंने शहर बदला है, फिल्ममेकिंग नहीं छोड़ी। जो लोग सोच रहे हैं कि मैं फ्रस्ट्रेट होकर गायब हो गया हूं, वो जान लें कि मैं यहां हूं और इतना बिजी हूं कि शाहरुख खान से ज्यादा काम कर रहा हूं (करना पड़ता है, क्योंकि मैं उनकी तरह पैसे नहीं कमाता)। मेरे पास 2028 तक डेट्स नहीं हैं।कश्यप ने आगे लिखा- 'मेरी पांच डायरेक्टोरियल फिल्में इस साल आने वाली हैं। शायद तीन अभी और दो अगले साल की शुरुआत में। मेरा IMDB सबसे लंबा है और मैं इतना वर्कलोड झेल रहा हूं कि रोज तीन ऑफर्स को ना कहना पड़ता है। पोस्ट के आखिर में उन्होंने ट्रोल्स को जवाब भी दिया, जिसकी भाषा सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई है। रअसल, हाल ही में अनुराग ने कुछ इंटरव्यूज में बॉलीवुड को लेकर खुलकर नाराजगी जताई थी। द हिन्दू से बातचीत में उन्होंने कहा था, 'यह इंडस्ट्री अब बहुत जहरीली हो चुकी है। हर कोई बस 500 या 800 करोड़ के क्लब के पीछे भाग रहा है। क्रिएटिविटी गायब हो चुकी है। यहां लोग आपको ऊपर उठाने की बजाय नीचे खींचते हैं।' एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, 'यहां फिल्म बनाना मजेदार नहीं रहा। सब कुछ बेचने की रणनीति से शुरू होता है। मैं मुंबई छोड़कर साउथ जाना चाहता हूं, जहां कुछ नया सीखने को मिले। नहीं तो मैं अंदर से मर जाऊंगा।'डायरेक्शन के अलावा अनुराग बतौर एक्टर भी एक्टिव हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी पहली हिंदी-तेलुगू बाइलींगुअल फिल्म 'डाकॉइट' का अपडेट शेयर किया है, जिसमें वो एक्टिंग कर रहे हैं। बतौर डायरेक्टर उनकी पिछली फिल्म 'केनेडी' थी, जिसने इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में अच्छी तारीफ बटोरी थी।



# 37 साल बाद फिर साथ आए मणिरत्नम-कमल हासन

## पहला गाना जिंगुचा लॉन्च, कमल बोले- अब साथ आना जरूरी था



साउथ इंडस्ट्री के दो दिग्गज - मणिरत्नम और कमल हासन, 37 साल बाद एक बार फिर साथ काम कर रहे हैं। साल 1987 में आई कल्ट क्लासिक 'नायकन' के बाद दोनों की जोड़ी अब फिल्म 'ठग लाइफ' में नजर आएगी, जो 5 जून को रिलीज होने जा रही है। आज (18 अप्रैल) को चेन्नई में फिल्म का पहला गाना 'जिंगुचा' लॉन्च किया गया।

वेंट के दौरान कमल हासन ने मणिरत्नम के साथ दोबारा काम करने को लेकर दिल खोलकर बात की। उन्होंने कहा, 'इतने सालों बाद भी मणिरत्नम और मेरे बीच कुछ भी नहीं बदला। ये हमारी गलती है कि हमने इतने साल इंतजार किया साथ आने के लिए। हम अच्छी स्क्रिप्ट्स की तलाश में थे, इसलिए इतना वक्त लग गया। अब जो हम दोबारा साथ आए हैं, वो आप सभी ऑडियंस की वजह से मुमकिन हुआ है। हमें पहले ही साथ आ जाना चाहिए था। इसके लिए मैं माफी चाहता हूं।' कमल हासन ने 'ठग लाइफ' की कहानी मणिरत्नम के साथ मिलकर लिखी है। इवेंट में उन्होंने कहा कि मणिरत्नम के साथ काम करते हुए उन्हें बार-बार अपने गुरु और मशहूर डायरेक्टर के. बालाचंदर की याद आती रही। 'जब मैं मणिरत्नम के साथ काम करता हूं, तो मुझे बालाचंदर की याद आती है। मणि को अच्छी तरह पता है कि ये कितनी बड़ी तारीफ है। हमारे बीच एक-दूसरे के लिए गहरा सम्मान है।' इतना ही नहीं, कमल ने मणिरत्नम का एक दिलचस्प निकनेम भी शेयर किया- 'अंजु आरा मणिरत्नम' यानी सुबह साढ़े पांच बजे वाले मणिरत्नम। हर दिन शूटिंग से पहले वो सबसे पहले सेट पर पहुंच जाते थे, इसलिए मैंने उन्हें ये नाम दिया,' कमल हासन ने मुस्कुराते हुए कहा। बता दें, 'ठग लाइफ' में कमल हासन के साथ त्रिशा, सिलंबरसन, जोजू जॉर्ज, अशोक सेलवन, नासर और अभिरामी जैसे सितारे भी नजर आएंगे। फिल्म का म्यूजिक ए आर रहमान ने दिया है, कैमरा संभाला है रवि के चंद्रन ने और एडिटिंग की है ए श्रीकर प्रसाद ने। फिल्म को राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल, मद्रास टॉकीज और रेड जाइंट मूवीज मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।



## एक नजर

### नरेश माहेश्वरी सुसाइड केस में हुई सुनवाई

**सुलतानपुर।** कोतवाली नगर क्षेत्र में नरेश माहेश्वरी की आत्महत्या से जुड़े मामले में आरोपियों की अग्रिम जमानत पर सेशन जज लक्ष्मीकांत शुक्ला ने सुनवाई की। वकील रुद्र प्रताप सिंह मदन ने बताया कि आरोपी गगन दीप सिंह और सरन दीप देसाई को कोर्ट ने अग्रिम जमानत दी है जबकि श्रीकृष्ण सोनी की याचिका निरस्त कर दी गई है। बीते चार मार्च को नरेश माहेश्वरी का शव शहर के लोको कॉलोनी के निकट रेलवे ट्रैक पर मिला था। उसकी पत्नी चंचल महेश्वरी ने मुरारीदास की गली, शाहगंज निवासी श्रीकृष्ण सोनी उर्फ बब्लू, गगन दीप सिंह और सरन दीप देसाई के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। तहरीर के मुताबिक आरोपियों द्वारा दिए गए रूपये की वापसी के लिए लगातार दबाव बनाया जाने के कारण मानसिक रूप से परेशान होकर नरेश माहेश्वरी ने आत्महत्या कर ली थी।

### अमेठी की पूर्व नपा अध्यक्ष समेत पांच पर गिरफ्तारी वारंट

सुलतानपुर। धोखाधड़ी कर मकान दूसरे के नाम दर्ज कराने के मामले में एसीजेएम मुक्ता त्यागी ने अमेठी के जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा नेता राजेश अग्रहरि की पत्नी और अमेठी की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी समेत पांच आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया है। अधिवक्ता अनिल दुबे के मुताबिक अमेठी निवासी घनश्याम सोनी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष हैं। घनश्याम ने अमेठी के जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि की पत्नी व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी और मोहल्ले के ही लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी व संगम लाल सोनी के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष रहने के दौरान चंद्रमा देवी ने धोखाधड़ी कर घनश्याम सोनी का मकान आरोपियों लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी व संगम लाल सोनी के नाम दर्ज करा दिया था। मुकदमे में हाजिर नहीं होने पर एसीजेएम मुक्ता त्यागी ने पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रमा देवी समेत पांच आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर उन्हें गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने का आदेश अमेठी कोतवाल को दिया है। अगली सुनवाई दो मई को नियत की गई है।

### दुराचारी गया जेल

**कादीपुर-सुलतानपुर।** लगभग डेढ़ माह से फरार चल रहे दुराचार के मामले के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। शुक्रवार को पुलिस ने कस्बे के चिनीमिल तिराहे के पास से अयोध्या जनपद के पटरंगा थाने के मखदुमपुर गांव के पप्पू उर्फ हरिकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कस्बे के पटेल नगर मोहल्ले में मूर्ति की दुकान चलाता है। उसके ऊपर डेढ़ माह पूर्व अपनी साली के साथ दुराचार करने के मामले में नामजद केस दर्ज था। कोतवाली के निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### लाखों की नगदी व आभूषण चोरी

**कादीपुर-सुलतानपुर।** चोरों ने घर के दरवाजे पर लगे ताले को तोड़कर लाखां की नगदी एवं आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद सरैया बाजार में मनोज कुमार अग्रहरी की हार्डवेयर की दुकान है। दुकान से कुछ दूर पर बाजार में ही उनका आवास है। बृहस्पतिवार की शाम उनके आवास पर लगे ताले को तोड़कर चोर घर के अंदर घुसे और कमरें में रखें दो लाख रुपए नगद एवम कीमती सोने चांदी के आभूषण चुरा ले गए। जब वह दुकान से अपने घर पहुंचे तो घर का नजारा देख दंग रह गए। शुक्रवार को पीड़ति की दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।



### दुकान नहीं तो धनराशि वापस करें नगर पालिका

**सुलतानपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर में नौ साल पहले दुकान देने के लिए पैसा लेने वाली नगरपालिका को अब 3,68,000 रूपये ब्याज सहित वापस करने होंगे। स्थाई लोक अदालत ने मुकदमे का खर्च व मानसिक कष्ट के लिए 20 हजार रूपये अतिरिक्त अदा करने का आदेश दिया है। नगरपालिका ने 2016 में पयागीपुर के पास ट्रांसपोर्ट नगर बनाने व उसमें दुकान आवंटित करने का विज्ञापन दिया था। शहर के राम मूर्ति मिश्र ने एक लाख रूपये जमा कर 28 सितंबर 2016 को नीलामी में लगाकर एक दुकान लेने का प्रस्ताव किया। शर्तो के अधीन धनराशि जमा भी कर दिया। लेकिन नगरपालिका की न तो दुकानें बन पाई नहीं किसी को आवंटित हुईं। राम मूर्ति ने स्थाई लोक अदालत में परिवाद दायर किया। नगर पालिका ने कहा कि पूरा रुपया नहीं जमा किया गया जिस कारण जमा राशि जब्त कर ली गई। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष राधेश्याम यादव और सदस्यों ने नगर पालिका को जमा राशि 3,68,800 रूपये पर 8 प्रतिशत ब्याज व कष्ट तथा खर्च के रूप में बीस हजार रूपये एक माह में जमा करने का आदेश दिया है अन्यथा नियमानुसार इसकी वसूली की जाएगी।

### युवक से मारपीट पर मुकदमा दर्ज

**कादीपुर-सुलतानपुर।** ससुराल आए युवक को गांव के चार लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आजमगढ़ जनपद के भीमलपुर गांव के रणजीत अपनी ससुराल कोतवाली क्षेत्र के मखदुमपुर कला गांव में राम प्रवेश के घर आए थे। आरोप है कि बृहस्पतिवार को जब वह बाइक से जा रहे थे तभी विपक्षियों ने उन्हें रोककर लाठी-डंडे एवं कट्टे के बट से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ति की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मखदुमपुर कला गांव के छोटे, गोरे ,सोनू एवम रमेश के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

# नेशनल हेराल्ड मामले में भाजयुमो का प्रदर्शन, फूंका पुतला

## मोर्चा अध्यक्ष बोले, नेशनल हेराल्ड को कांग्रेस ने बना लिया अपना एटीएम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** नेशनल हेराल्ड मामले के आरोपी कांग्रेसी नेता राहुल गांधी का आज भारतीय जनता युवा मोर्चा व पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट गेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय के सामने पुतला फूंका। इसके पहले चन्दन नारायन सिंह के नेतृत्व व भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की मौजूदगी में युवा मोर्चा व अन्य कार्यकर्ताओं ने तिकोनिया पार्क से बस स्टेशन होते हुए कलेक्ट्रेट गेट तक हाथों में प्लेकार्ड लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर राहुल गांधी,सोनिया गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए।

युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चन्दन नारायन सिंह ने कहा कि कांग्रेस हमेशा भ्रष्टाचार में डूबी हुई पार्टी रही है।उसके बड़े नेता अब बेनकाब हो रहे हैं। कहा नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता राहुल व सोनिया गांधी नम्बर एक एवं नम्बर दो पर आरोपी हैं। स्वतंत्र एजेंसी ईडी ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। कांग्रेस नेताओं के भ्रष्टाचार के विरोध में आज हम लोगों ने प्रदर्शन कर उनका पुतला फूंका है। यह भी कहा कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी ने लगभग 2 हजार करोड़ की संपत्ति का घोटाला किया है। कांग्रेस के आला नेताओं ने देश के लोगों समेत अपने कार्यकर्ताओं को धोखा दिया है, झूठ बोल कर सबकों गुमराह कर रहे हैं।



सड़क पर प्रदर्शन करते भाजयुमो के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

नेशनल हेराल्ड केस 2012-13 में तब शुरू हुआ जब केन्द्र में कांग्रेस की सरकार थी। इस मामले से भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है। भाजपा भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के नीति पर काम करती है। चंदन नारायण सिंह ने आगे कहा नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक इस घोटाले में शामिल हैं। उन्होने नेशनल हेराल्ड मामले में हुए भ्रष्टाचार की बिंदुवार परते खोलते हुए दावा किया कि यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं बल्कि सरासर लूट का मामला है। कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड को अपना एटीएम बना लिया है। गांधी परिवार मॉडर्न डाकू है। कांग्रेस इस मुद्दे पर चोर मचाएं शोर की स्थिति में है। गरीबों को लूटने वालों को जेल जाना ही पड़ेगा।

प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी,सहकारी बैंक अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष डा. सीताशरण त्रिपाठी,पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, शिवाकांत मिश्रा, आनन्द द्विवेदी, सचिन पाण्डे, सुधांशु सिंह, ऋषभ वर्मा,गौरव मौर्या, प्रशांत कसौधन,आकाश शर्मा, धर्मेन्द्र वर्मा, अंकुर तिवारी, नगर अध्यक्ष प्रशांत कसौधन, दीपक सिंह, मोहित तिवारी,शानू सिंह, नितिन मिश्रा, आशीष सिंह रानू, सुनील वर्मा समेत युवा मोर्चा के सभी मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

## सीजेएम ने दिये डॉक्टर पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश

- चिकित्सक पर मरीज को हत्या की धमकी देने का भी है आरोप

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** स्वायत्तशासी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक मनीष कुमार पर सीजेएम नवनीत सिंह ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश कोतवाली नगर प्रभारी को दिया है। चिकित्सक पर पद का दुरुपयोग करने, गलत दवा लिखकर बाहर से जांच कराने तथा मरीज से अभद्रता कर हत्या की धमकी देने के आरोप हैं।

कोतवाली नगर के सिविल लाइन निवासी श्रीराम सिंह ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सुलतानपुर में कार्यरत जनरल सर्जन और असिस्टेन्ट प्रोफेसर डॉ. मनीष कुमार पर मुकदमा दर्ज कराने की याचिका दाखिल की थी। आरोप है कि बीते साल 12 जून को पैर में लगी चोट का इलाज कराने के लिए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में पंजीयन कराया था। जिस पर डॉ. मनीष कुमार ने अल्ट्रासाउण्ड बाहर से कराने की सलाह दी। आरोप है कि डॉ मनीष ने पर्ची पर अपने सहायक से बोलकर दवा लिखवायी और बाहर से दवा लेने की भी बात कही। मेडिकल स्टोर के मालिक ने बताया कि उल्लिखित दवा पेशाब की बीमारी में दी जाती है चोटों के लिए नहीं। जब इस सम्बन्ध में डॉ. मनीष कुमार से बताया तो वे गुस्से में तम-तमा उठे और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। घटना की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. गोयल प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक से की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट ने याचिका मंजूर कर चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है।

## मासूम की हत्या के आरोपी की रिहाई का आदेश

**सुलतानपुर।** गोसाईंगंज थाना की कटका बाजार के निकट चार माह पूर्व पांच साल के मासूम की हत्या के आरोपी राजमिस्त्री प्रदीप कुमार को सेशन जज लक्ष्मीकांत शुक्ला ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। आरोपी के वकील अरविंद सिंह राजा ने कहा कि प्रदीप कुमार विरूद्ध कस्टोडियन डेथ का कोई भार नहीं है और आरोपी की निशानदेही पर शव और कथित कुल्हाड़ी बरामद नहीं हुई थी। कोर्ट ने साक्ष्य और तर्कों के आधार पर आरोपी की अर्जी मंजूर की है। वादी पूर्णमासी का पांच साल का नाती अखिल बीते 18 दिसंबर को घर के बाहर खेलते समय लापता हो गया था। दूसरे दिन उसका शव एवं हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी की बरामदगी संजय के खण्डहर मकान से हुई थी। पुलिस ने जांच में थाना क्षेत्र के सोनवातारा निवासी राजमिस्त्री प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## गौरैया संरक्षण को लेकर गोष्ठी में फैलाई जागरूकता

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बल्दीराय-सुलतानपुर।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कटका क्लब द्वारा राममिलन सालिक ज्ञानोदय इंटर कॉलेज, बल्दीराय में गौरैया संरक्षण विषय पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।



जागरूकता गोष्ठी में शामिल स्कूली बच्चे।

इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि गौरैया को बचाने की जिम्मेदारी केवल सरकार या पर्यावरणविदों की नहीं है,बल्कि यह हम सभी का सामूहिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा,पहले ही हम गौरैया संरक्षण में काफी देर कर चुके हैं, अब इसे एक मिशन के रूप में अपनाने की आवश्यकता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि समाज कुछ समय के लिए तो गौरैया संरक्षण की बात करता है, लेकिन फिर इसे भूल जाता है।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य कर्मराज शर्मा 'तुकांत' ने कटका क्लब के प्रयासों की सराहना की और सभी छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया कि वे अपने घरों में पक्षियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था अवश्य करें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास भी पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। गोष्ठी में रामराज शर्मा, मथुरा प्रसाद यादव, संतोष प्रजापति, जानकी, शिवम, राजेश, ममता यादव, रुचि पांडेय, ज्योति यादव और प्राची अग्रहरि सहित कई गणमान्य लोग एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सुखदेव मुनि आश्रम का होगा सुंदरीकरण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बल्दीराय-सुलतानपुर।** जनपद में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए शासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। बल्दीराय तहसील के सुखबडेरी ग्राम पंचायत में स्थित सुखदेव मुनि आश्रम का अब सुंदरीकरण किया जाएगा। वर्षों पुराना यह मंदिर जर्जर अवस्था में था,लेकिन अब इसके कायाकल्प की तैयारी शुरू हो गई है।



यह आश्रम क्षेत्र के कई गांवों के लोगों की गहरी आस्था का केंद्र रहा है। आश्रम के सुंदरीकरण की खबर से क्षेत्रवासियों में उत्साह और खुशी की लहर है। विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह के प्रस्ताव पर शासन ने आश्रम के पर्यटन विकास के लिए 74.94 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। जिला योजना के तहत जिलाधिकारी के प्रस्ताव पर मुहर लग चुकी है और शासन ने कार्यदायी संस्था का चयन कर उसे जिम्मेदारी भी सौंप दी है। कार्य जल्द ही शुरू किए जाने की संभावना है। इस कार्य में क्षेत्र के भाजपा नेता दीलीप सिंह की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने शासन से लेकर स्थानीय प्रशासन तक समन्वय स्थापित कर इस परियोजना को आगे बढ़ाया।गांव के राममूरत चौरसिया, दिनेश शुक्ला, सुधाकर शुक्ला, राजकरण शुक्ला, क्षितिज, रमाकांत, ओमप्रकाश समेत कई ग्रामीणों ने इस निर्णय पर प्रसन्नता जताई और कहा कि इससे न केवल धार्मिक आस्था को नया आयाम मिलेगा बल्कि क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस संबंध में जिला सूचना अधिकारी एवं प्रभारी पर्यटन अधिकारी डॉ. धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि शासन द्वारा कार्यदायी एजेंसी का चयन कर कार्य आवंटित कर दिया गया है, और एजेंसी की ओर से जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

## पूर्व विधायक के मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर।** कादीपुर के पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी और कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा समेत 14 आरोपियों पर विचाराधीन मुकदमे में शुक्रवार को वकीलों के कार्य बहिष्कार के कारण सुनवाई नही हो सकी।

कादीपुर क्षेत्र के संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सामने 17 दिसम्बर 2002 को सड़क दुर्घटना में एक छात्रा की मौत के बाद आक्रोशित पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी, अभिषेक सिंह राणा और रामार्य पाठक समेत 14 पर कादीपुर कोतवाली में पहुंचकर बलवा, नारेबाजी, पथराव और डकैती का आरोप है। वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कि अगली सुनवाई 26 अप्रैल को होगी।

## मारपीट में दूसरें पक्ष का भी मुकदमा दर्ज, कुल दस लोग नामजद

- पहले छह नामजदों पर दर्ज हुआ मुकदमा, अब चार घायलां पर भी रपट

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**भदैंया-सुलतानपुर।** देहात कोतवाली के सराय अचल गांव में बुधवार की सुबह पुरानी रंजिश को लेकर दबंग लाठी-डंडा फावड़ा हंसिया लेकर घर में घुस गये तथा मां बेटी व बेटों पर हमला बोल दिया था। पुलिस ने पिता की तहरीर पर छह लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया था। गुरुवार को पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर चार घायलों पर भी मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली देहात का सराय अचल गांव आपराधिक गतिविधियों को लेकर चर्चा में रहता है। आपसी रंजिश में अभी तक गांव मे चार हत्याएं हो चुकी है। बुधवार को पुरानी रंजिश में सराय अचल निवासी हीरालाल जायसवाल तथा रमेश यादव के घर के बीज मारपीट हुई।

सुबह छह बजे हीरालाल तथा रमेश यादव के परिवार के लोग विवाद करने लगे। हीरालाल के घर में लाठी-डंडा कुल्हाड़ी और फावड़ा लेकर रमेश यादव के परिवार वाले घुस गये। आरोप है कि सात आठ लोगों ने हीरालाल की पत्नी सुशीला 58 बड़े बेटे रविशंकर जायसवाल, छोटे बेटे शिवशंकर और बेटी सुधा जायसवाल को जमकर मारा पीटा।

रविशंकर के सिर व चेहरे पर फावड़े से तथा सुशीला के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला होने से दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। हल्ला-गुहार सुनकर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे तो हमलावर मौके से भागे। सूचना पर पहुंचे हीरालाल जायसवाल ने सभी परिजनों को एंबुलेंस से सीएचसी भदैंया में भर्ती कराया। जहां से सभी को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। जहां सुशीला और रविशंकर की हालत नाजुक बनी हुई है।

हीरालाल की तहरीर पर देहात पुलिस ने रमेश यादव के बेटे अजीत उर्फ सोनू, मिथुन यादव, रमेश की पुत्री जया यादव, पत्नी शांति यादव पिता मेहीलाल तथा माता पर जानलेवा हमला, सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। पीड़ति हीरालाल ने बताया कि पुलिस ने हीरालाल का नाम तहरीर में होने पर भी उनके नाम मुकदमा नहीं लिखा था। गुरुवार को दूसरे दिन पुलिस ने रमाश यादव के बेटे अजीत यादव की तहरीर पर घायल शिवशंकर जायसवाल, रविशंकर, सुशीला देवी तथा हीरालाल पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

सुजीत की तहरीर मे आरोप है कि इन लोगों की पिटाई से उनके भाई मिथुन माता शांति, दादा मेहीलाल दादी दिलराजी और बहन जया को चोट लगी है। सभी का इलाज जिला अस्पताल मे कराया गया है। देहात कोतवाल अखंडदेव मिश्र ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पडताल की जा रही है।

## समाज को जोड़ने के साथ ही युवाओं को ऊर्जा देतें हैं खेल : यशभद्र सिंह



विजेता को ट्राफी देते मुख्य अतिथि।

- महाकाल 11 आदमपुर बना नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बल्दीराय-सुलतानपुर।** क्षेत्र के नंदौली गांव के खेल मैदान पर बाबा नूर शहीद क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का गुरुवार को भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में महाकाल 11 आदमपुर ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शाहरुख खान 11 सुल्तानपुर को 34 रन से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। फाइनल मैच में शाहरुख खान 11 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। महाकाल 11 आदमपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 96 रन बनाए। जवाब में शाहरुख खान 11 की टीम निर्धारित ओवर में 7 विकेट पर केवल 63 रन ही बना सकी।इस प्रतियोगिता में जिले भर की 24 से अधिक टीमों ने भाग लिया, जिससे ग्रामीण युवाओं में खेल के प्रति उत्साह का माहौल बना रहा। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख यशभद्र सिंह 'मोनू' ने विजेता टीम को 31 हजार रूपए नकद और ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 21,000 नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर यशभद्र सिंह ने कहा,खेल हमारे समाज को जोड़ने और युवाओं को ऊर्जा देने का सशक्त माध्यम हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को उभारने का मंच देते हैं। इससे खेलों के प्रति रुचि बढ़ती है और समाज में सकारात्मकता फैलती है। विशिष्ट अतिथि डा. शोएब मुस्तफा ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। प्रतियोगिता का सफल आयोजन बब्बू उर्फ ब्रटली के नेतृत्व में किया गया,जबकि अंपायर की भूमिका लल्लन और असगर ने निभाई।

## 56 से अधिक ग्राम पंचायतों में गो-आश्रय स्थल नहीं

- खेतों में नुकसान कर रहे बेसहारा गोवंश
- ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की गो-आश्रय स्थल बनाने की मांग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**भदैंया-सुलतानपुर।** विकासखंड में आठ न्याय पंचायत और 71 ग्राम पंचयतें मौजूद है। जिसमें एक न्याय पंचायत में दो वृहद व अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल संचालित हो रहे है, लेकिन ब्लॉक की सात न्याय पंचायतें व 56 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जिनमें अभी भी गोआश्रय स्थल का निर्माण नहीं हो सका है। जिससे बेसहारा गोवंशीय पशुओं से किसान परेशान हैं। इन सातों न्याय पंचायत के ग्रामीणों ने न्याय पंचायत स्तर पर एक एक गो आश्रय स्थल बनाने की मांग डीएम से की है। जिससे आवारा पशुओं व उनसे होने वाले नुकसान से छुटकारा पाया जा सके।

भदैयां विकासखंड की कंधईपुर न्याय पंचायत के अंतर्गत सौंराई में व अमारी दो गोशालाएं मनरेगा से संचालित हैं तथा तीसरी गोशाला केनौरा न्याय पंचायत के बालमपुर गांव में निर्माणाधीन स्थिति में है। सौंराई तथा आमारी की दोनो गोशालाओं में करीब 600 गोवंशीय मवेशियों को संरक्षित किया गया है।

वहीं सात अन्य न्याय पंचायत की 56 ग्राम पंचायतों में कही भी कोई गो आश्रय स्थल नहीं बनाया गया है। जबकि सरकार ने दो साल पहले ही हर न्याय पंचायत में गोवशीय पशुओं को संरक्षित करने को एक गो-आश्रय स्थल बनाने का निर्देश दिया है। पूर्व बीडीओ भदैंया दिव्या सिंह ने इसके लिए हर न्याय पंचायत में जमीन का चिह्नांकन करवाया है लेकिन अभी तक गो आश्रय स्थल नही बन सका है। जिससे बेसहारा गोवंशीय पशुओं की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। जो किसानों के लिए बड़ी समस्या है। हर न्याय पंचायतों मे गोशाला बनाए जाने के लिए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से गोशाला बनवाने की मांग की है।

### इन न्याय पंचायतों में नहीं है गो-आश्रय स्थल

भदैंया के स्थानीय न्याय पंचायतों भपटा, बरुई,भदैयां, विकवाजितपुर, छतौना, मीरानपुर की 56 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को अपने अपने क्षेत्र में गोशालाओं के निर्माण व संचालन का इंतजार कर रहे है। भदैयां न्याय पंचायत ब्लॉक की सबसे बड़ी न्याय पंचायत है जहां अकेले भदैयां ग्राम की आवादी पांच हजार से अधिक है। अभी तक ब्लॉक में दो गोशालायें बनी है जो दक्षिणी छोर पर ही बनाई गई है। तीसरी केनौरा के बालमपुर में बन रही है वह भी उसी छोर की ओर है।

### गोमती नदी किनारे नहीं बन सकी कोई गोशाला

गोमती नदी किनारे उत्तरी छोर की पचास से अधिक ग्राम पंचायतों में एक भी गोशाला नहीं बनाई गईं है। जबकि इन ग्राम पंचायतों में सैकड़ों बीघे भूमि चारा गाह है तथा गोमती नदी भी बहती है। जहां पर नदी किनारे अधिकांश बेसहारा गोवंशीय पशु रहते है। मनरेगा से बालमपुर ग्राम में गौशाला निर्माणाधीन है। अभी तक भदैंया, विकवाजितपुर, छतौना, भपटा न्याय पंचायत में गोशाला का प्रस्ताव भी नहीं हो सका है। इस सम्बंध में एडीओ पंचायत भदैंया सतीश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि अभी इन पंचायतों में गोशाला के लिए कोई प्रस्ताव नहीं आया है। ग्राम सभाओं से प्रस्ताव आने पर कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

**भ्रष्टाचार** गांवों मे लोगों को स्वच्छ व निर्मल पानी मिलने के लिए सत्रह साल पहले प्रदेश सरकार ने स्वजल धारा योजना की हुई थी शुरूआत

# मुंह चिढ़ा रही दो दशक पूर्व बनी स्वजल धारा की टंकी

- लाखों खर्च कर आठ गांवों में शुरू हुई थी महत्वाकांक्षी योजना

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**भदैंया-सुलतानपुर।** फाल्गुन महीना लगते ही मौसम में परिवर्तन होने लगा है और दिन में तेज हवाएं चलने लगी है। जिससे अब लोगों को पानी की जरुरत बढ़ने लगी है। गांवों मे लोगों को स्वच्छ व निर्मल पानी मिलने के लिए सत्रह साल पहले प्रदेश सरकार ने स्वजल धारा योजना की शुरूआत की थी। जिसमें भदैया के आठ गांवों को इस योजना में सम्मिलित कर लोगों को टोंटी से पानी मिलने की योजना का शुभारंभ किया गया था,लेकिन यह पूरी योजना ही अधिकारियों की निष्क्रियता व जनप्रतिनिधियों की लापरवाही से सफेद हाथी साबित हुई है। आज गांवों में बनी पानी की टंकियां धन की बर्बादी व गर्मी में लोगों को चिढ़ाने का काम कर रही हैं।

भदैंया विकास खंड के आठ गांवों में साल 2008 में बनी स्वजल धारा की टंकियां सरकारी धन के बरबादी की गवाही दे रही है। पानी की टंकियां से पानी की कौन कहे हवा भी निकलना मुनासिब नही है। यह योजना अधिकारियों व प्रधानों की घटिया कार्यशैली के लिए हमेशा याद की जाएगी। स्वजलधारा योजना के तहत गांव में पानी की टंकी बनवाकर पंप हाउस में जनरेटर से पाइप लाइन बिछाकर घरों के दरवाजों तक शहर की तरह पानी सप्लाई की व्यवस्था की गयी थी। इसमें दस प्रतिशत अंशदान लाभार्थी को जमा करना था। गांवों में बकायदा जल समितियों का गठन हुआ समिति के अध्यक्ष व सदस्य बनाकर खाता खोला गया था।



जर्जर अवस्था में पंप हाउस।

### इन गांवों में भ्रष्टाचार की गवाह है टंकियां

स्वजल धारा योजना के तहत रामपुर हनुमानगंज, बरूई, झौवारा, भपटा, जगदीशपुर, बभनगंवा, बेलाशंकरपुर, बेलासदा, बजेठी सहित आठ गांवों में यह योजना शुरू हुई। टंकी बनी पंपसेट लगे जनरेटर खरीदे गये पाइप लाइन बिछी, लेकिन पंचायत प्रतिनिधि व सत्ता बदलते ही सब बेकार हो गया और दिखावा बनकर रह गया है। मजे की बात यह है कि इन गांवों को संतृप्त मानकर जल जीवन मिशन योजना यहां प्रभावी नही है।

### कहीं चोरी तो कहीं आग के हवाले हुए जनरेटर

सभी आठ गांवो में स्वजल धारा योजना के सरकारी धन को पंचायत प्रतिनिधियों ने किस तरह बरबाद किया इसकी निशानी भी मौजूद है। बेलासदा के जनरेटर का निजी उपयोग कर बर्बाद कर दिया गया जिसका कोई पता ही नहीं है। तो बेला शंकरपुर के जनरेटर से शादी ब्याह निपटाकर कबाड़ बनाया गया जो इस समय थाने पर पहुंचकर शोभा बढ़ा रहा है। बरूई के दो जनरेटर आग से जलकर कबाड़ के रूप में पूर्व प्रधान अरविन्द सिंह के घर की शोभा बढ़ा रहे है प्रधान कहते हैं कि आग लगने से जल गया हम क्या करें। भपटा बजेठी जगदीशपुर मे टंकियां निजी उपयोग तक ही सीमित होकर सरकारी योजनाओं की दुर्दशा बयां कर रही है अन्य गांवों का भी यही हाल है।

अधिकांश लोगों ने अंशदान भी जमा किया, लेकिन योजना के असली रूप लेने से पहले ही प्रधान बदले सत्ता बदली और ग्रामीणों के अरमानों के साथ सरकारी धन बर्बादी का एक और योजना कागज पर ही दौड़ रही है।

**हमको नहीं है जानकारी :** खंड विकास अधिकारी भदैंया पंकज कुमार गौतम बताते हैं कि जल जीवन मिशन योजना हर गांव में चल रही है। यह पहले की योजना है हमें इसकी जानकारी नहीं है।

## एक नजर

### मोदी ने मस्क से की सहयोग बढ़ाने पर चर्चा




**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अमेरिकी उद्योगपति एवं अमेरिकी प्रशासन में प्रशासनिक सुधार एलन मस्क से टेलीफोन पर बात की और प्रौद्योगिकी एवं नवान्वेषण के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के बारे में चर्चा की। पीएम मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा,"एलन मस्क से बात की और विभिन्न मुद्दों के बारे में बात की, जिसमें इस साल की शुरुआत में वाशिंगटन में हमारी बैठक के दौरान हमने जिन विषयों को कवर किया था। हमने प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।"

### छेड़छाड़ में जेएनयू प्रोफेसर बर्खास्त

**नयी दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU) ने यौन शोषण के गंभीर आरोपों के चलते अपने एक सीनियर प्रोफेसर को बर्खास्त कर दिया है। यह घटना कुछ महीनों पहले विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम के दौरान घटी थी, जिसमें जापानी दूतावास की महिला अधिकारी के साथ छेड़छाड़ हुई थी। पीड़ित महिला ने जापान लौटने के बाद शिकायत दर्ज कराई थी, जो भारतीय दूतावास और विदेश मंत्रालय की तरफ से विश्वविद्यालय पहुंची थी। जेएनयू की इंटरनल कंप्लेंट्स कमेटी ने जांच के बाद आरोपों को सही पाया और फिर विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद ने प्रोफेसर की सेवाएं सभी लाभों सहित समाप्त करने की सिफारिश की। प्रोफेसर पर यह पहला मामला नहीं था। विश्वविद्यालय ने बताया कि आरोपी प्रोफेसर पर पहले भी कई शिकायतें मिल चुकी थीं। हालांकि, आरोपी प्रोफेसर को अपील का अधिकार है। उसके नाम और डिपार्टमेंट की जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है।

### नूंह में तब्लीगी जमात का जलसा आज से

**नूंह।** हरियाणा के नूंह (मेवात) में पहली बार तब्लीगी जमात का जलसा होगा। यह जलसा 19 से 21 अप्रैल यानि तीन दिन चलेगा। जिसमें देश-विदेश से तब्लीगी जमात से जुड़े 15 लाख मुस्लिम हिस्सा लेंगे। इसे जमात के प्रमुख मौलाना साद संबोधित करेंगे। जलसे के लिए 121 एकड़ जमीन में इंतजाम किए गए हैं, जिसके 21 एकड़ में टेंट लगाया गया है। बचे 100 एकड़ में बैठने, पार्किंग, टॉयलेट और पानी का इंतजाम किया जा रहा है। मोबाइल टॉयलेट की जगह यहां प्लास्टिक के बोरे लगाकर अस्थायी टॉयलेट बनाए गए हैं। इस कार्यक्रम की तैयारी चार महीने से चल रही है। इसके लिए बाकायदा एक्सपर्ट की टीम तैनात की गई है। जलसा कमेटी ने कार्यक्रम में बिरयानी बेचने वालों को चेतावनी दी है। कमेटी ने कहा कि वह वेज बिरयानी बेचने की कोशिश करें। अगर मांस की बिरयानी बेचनी है तो सिर्फ चिकन की बिरयानी ही अलाउड है। अगर किसी ने बड़े पशु के मांस की बिरयानी बेची तो पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई करेगी। जमात के इतिहास में पहली बार नूंह में इस तरह का कार्यक्रम हो रहा है जिसके भीतर पुलिस की एंट्री नहीं होगी।

### रक्षा संबंध और मजबूत करेंगे भारत-ब्रिटेन

**नयी दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन ने क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा के साथ-साथ रक्षा संबंधों को और अधिक सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने दो दिन की लंदन यात्रा के दौरान वार्षिक द्विपक्षीय रक्षा वार्ता में एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। रक्षा सचिव ने लंदन में अपने समकक्ष डेविड विलियम्स के साथ भारत-ब्रिटेन रक्षा परामर्श समूह की 24वीं बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने वार्ता के दौरान क्षेत्रीय तथा वैश्विक स्तर पर उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा की और रक्षा संबंधों को पहले से सशक्त बनाने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### अमेरिकी स्ट्राइक में 38 हूतियों की मौत

यमन के हूती विद्रोहियों पर अमेरिका की एयर स्ट्राइक में 38 लोगों की मौत हुई है, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। ये एयर स्ट्राइक एक तेल के पोर्ट रास ईसा पर हुई है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इस स्ट्राइक की पुष्टि की है, हालांकि उन्होंने मरने वालों का सही आंकड़ा नहीं बताया है। इस हमले में हुई मौतें अमेरिका द्वारा हूती विद्रोहियों पर की गई अब तक की सबसे घातक हवाई कार्रवाई हो सकती है, जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 15 मार्च से शुरू किए गए नए अभियान के तहत की गई है। इस अभियान का मकसद ईरान समर्थित हूती विद्रोही समूह को कमजोर करना है, जिसने अक्टूबर 2023 में इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से रेड सी से गुजरने वाले कई अमेरिकी जहाजों पर हमले किए हैं। हूती विद्रोहियों के अल-मसीराह सैटेलाइट न्यूज चैनल ने हमले के बाद का ग्राफिक वीडियो जारी किया, जिसमें घटनास्थल पर बिखरे शव देखे जा सकते हैं।

### गुजरात समाचार निदेशक स्मृतिबेन नहीं रहीं

**अहमदाबाद।** गुजरात समाचार की निदेशक स्मृतिबेन शाह का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को अहमदाबाद में किया गया। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि गुजराती दैनिक गुजरात समाचार के प्रबंध संपादक श्रेयांसभाई शाह की पत्नी श्रीमती स्मृतिबेन शाह ने 82 साल की उम्र में बीमारी व वृद्धावस्था के कारण गुरुवार की रात अपने ही घर में अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे दो पुत्र निर्मम और अमम सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। श्रीमती शाह गुजरात समाचार की निदेशक और गुजराती पत्रकारिता के संचालक मंडल में उनकी असाधारण निर्णय लेने और प्रबंधन कौशल के कारण विभिन्न संस्करणों का संचालन करके प्रबंधन को संभालती थीं और पत्रकारों की नई पीढ़ी को मार्गदर्शन देने में उनका योगदान बहुत बड़ा था। वह लगातार चार दशकों तक गुजराती समाचार की लोकप्रिय महिला साप्ताहिक पत्रिका 'श्री' की संपादक रहीं।

### इजराइली टूरिस्ट समेत चार की मौत

**नेपल्स।** इटली के नेपल्स में गुरुवार को एक केबल कार क्रैश होकर जमीन पर आ गिरी। हादसे में चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। मृतकों में दो ब्रिटिश और एक इजराइली टूरिस्ट शामिल हैं। चौथा शख्स केबल कार ऑपरेटर था। इटली का एक अन्य टूरिस्ट गंभीर रूप से घायल हुआ। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत क्रिटिकल बनी हुई है। ये एक्सीडेंट कास्तेलामारे डी स्ताबिया और मोंटे फाएतो शहरों के बीच केबल कार सर्विस पर हुआ। इस रूट पर माउंट वेसुवियस वोल्केनो और बे ऑफ नेपल्स का नजारा देखने को मिलता है। ये जगह नेपल्स से 45 किमी दक्षिणपूर्व में है।

# बंगाल हिंसा पर बयानबाजी न करे बांग्लादेश

## अपने यहां अल्पसंख्यकों की रक्षा पर ध्यान दे, वहां हो रहा है नरसंहार : जायसवाल

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारत ने बंगाल हिंसा पर बयानबाजी कर रहे बांग्लादेश से कहा है कि वह भारत के मसलों में दखल देने के बजाय अपने यहां अल्पसंख्यकों की रक्षा पर फोकस करे।

दरअसल, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस के प्रेस सेक्रेटरी ने कहा था कि भारत को उन अल्पसंख्यक मुस्लिमों की रक्षा करनी चाहिए, जो पिछले हफ्ते बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा से प्रभावित हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस बात से इनकार कर दिया कि इस हिंसा को भड़काने में बांग्लादेश का हाथ है। भारत ने शुक्रवार को इस बयान का कड़ा विरोध किया है। भारत ने कहा कि बांग्लादेश का यह बयान धूर्तता और कपट से भरा है। वह अपने यहां अल्पसंख्यकों के नरसंहार से ध्यान भटकाना चाहता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा किपश्चिम बंगाल में हुई घटनाओं को लेकर बांग्लादेश की ओर से की गई टिप्पणियों को हम खारिज करते हैं। बांग्लादेश इस तरह के बयान दे रहा है, जबकि वहां अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करने वाले अपराधी आजाद घूम रहे हैं।

बांग्लादेश में बीते कुछ समय से अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पिछले महीने संसद में बताया था कि 2024 में बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल शुरू होने के बाद अल्पसंख्यकों पर उत्पीड़न की 2400 घटनाएं हुई। इस



साल अब तक ऐसी 72 घटनाएं हो चुकी हैं।

8 अप्रैल को भारत में वक्फ संशोधन कानून लागू हुआ। इसके विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 8 अप्रैल की शाम को हिंसा भड़क गई थी। प्रदर्शनकारियों ने कई वाहनों में आग लगा दी थी। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल थीं। प्रदर्शनकारियों से झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

वक्फ कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद में मुस्लिम संगठन प्रदर्शन कर रहा था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके। पुलिस ने उन्हें खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। भीड़ हिंसक हो गई। लोगों ने पुलिस के वाहन और अन्य वाहनों में आग लगी दी।

5 अगस्त, 2024 को बांग्लादेश में लंबे छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना सरकार का तख्तापलट हुआ था। हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। इसके साथ ही बांग्लादेश में हालात बिगड़ गए। पुलिस रातों-रात अंडरग्राउंड हो गई। लॉ एंड ऑर्डर ध्वस्त हो गया।

बेकाबू भीड़ के निशाने पर सबसे ज्यादा अल्पसंख्यक, खासतौर पर हिंदू आए। बांग्लादेश हिंदू बुद्धिस्ट क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, यहां सांप्रदायिक हिंसा में 32 हिंदुओं की जान चली गई। रेप और महिलाओं से उत्पीड़न के 13 केस सामने आए। करीब 133 मंदिर हमलों का शिकार हुए। ये घटनाएं 4 अगस्त 2024 से 31 दिसंबर 2024 के बीच हुईं। काउंसिल के मुताबिक, तख्तापलट के बाद महज 15 दिनों में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की 2010 घटनाएं हुईं।

11 जनवरी 2025 को बांग्लादेश सरकार ने इनमें से 1769 केस कन्फर्म किए। इनमें से 1415 मामलों में जांच पूरी हो चुकी है। 354 मामलों का रिव्यू किया जा रहा है। बांग्लादेश सरकार ने इन हमलों के मामलों में 10 दिसंबर तक 70 लोगों को कस्टडी में लिया। वहीं, कुल 88 केस दर्ज किए।

### एयर होस्टेस से डिजिटल रेप करने वाला गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में वेंटिलेटर पर एयर होस्टेस के साथ डिजिटल रेप मामले के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अस्पताल का ही टेक्निशियन निकला जो पांच महीने से यहां नौकरी कर रहा था। आरोपी 23 वर्षीय दीपक मूलरूप से बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के बधौली गांव का रहने वाला है। मामले की जांच के लिए गुरुग्राम पुलिस ने एसआईटी बनाई थी। पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा की बनाई 6 सदस्यों की एसआईटी की अगुआई सीसीपी हेडक्वार्टर डॉ. अर्पित जैन कर रहे थे। टीम में एसीपी डॉक्टर कविता, एसीपी यशवंत, सदर थाने के एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील, महिला थाना ईस्ट इंचार्ज नेहा राठी और सीआईए इंचार्ज शामिल थे। एसआईटी ने आरोपी को पकड़ने के लिए 800 सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसके बाद उसकी पहचान कर उसे पकड़ लिया गया।

## जाब ग्रेनेड हमलों का सरगना पासिया अमेरिका में गिरफ्तार

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो ने पंजाब में कई आतंकवादी घटनाओं में नामजद भगोड़े अभियुक्त हरप्रीत सिंह पासिया को गिरफ्तार करने की घोषणा की है। हरप्रीत का पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी आतंकवादी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल से संबंध बताया जाता है।

एफबीआई ने सोशल मीडिया पर हरप्रीत के पकड़े जाने की जानकारी दी। एफबीआई ने कहा, " भारत के पंजाब में कई आतंकवादी घटनाओं के लिये जिम्मेदार हरप्रीत सिंह को एफबीआई और ईआरओ ने सैक्रामेंटो में पकड़ा है। दो अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी समूहों से संबंद्ध हरप्रीत अमेरिका में अवैध तरीके से घुसा था और गिरफ्तारी से बचने के लिये बर्नर फोन का इस्तेमाल कर रहा




» बीकेआई और पाक की आईएसआई से हैं सम्बंध

था। " एफबीआई ने कहा, " नयी दिल्ली स्थित एफबीआई के विधि कार्यालय के प्रतिनिधि ने सैक्रामेंटो के अधिकारियों को सूचित किया था कि हरप्रीत भारत के पंजाब में आतंकवादी वारदात के कई मामलों में वांछित है। ऐसी आशंका है कि हरप्रीत पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस और खालिस्तानी आतंकवादी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल से संबंध रखता है।

# सिर्फ टॉप 15 अर्थव्यवस्थाओं से ही करेंगे बात

## अमेरिका ने कहा– सबका दुखड़ा नहीं सुन सकते, भारत के प्रति रुख नरम

**एजेंसी**

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बढ़ते व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए इसी महीने दो अप्रैल को दुनियाभर के देशों पर रेसिप्रोकल टैक्स लगा दिया था, जिसे मुक्ति दिवस के रूप में प्रचारित किया गया। इसकी सबसे ज्यादा मार उसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी चीन पर पड़ी। बाद में ट्रंप ने 90 दिनों के लिए अपनी टैरिफ योजना पर रोक लगा दी लेकिन चीन के साथ संघर्ष जारी रहा और कई चरणों में होते हुए अब अमेरिका ने चीन पर कुल 245 फीसदी तक का टैरिफ लगाया है, जबकि चीन ने अमेरिका से आने वाले सामानों पर कुल 125 फीसदी तक का टैक्स लगाया है।

इस बीच दोनों देशों ने बढ़ते व्यापार युद्ध के बीच नरमी दिखाई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया है कि चीन ने टैरिफ पर बातचीत के लिए संपर्क किया है। उन्होंने भी नरमी दिखाते हुए कहा है कि इस पर चर्चा शुरू हो चुकी है और उम्मीद है कि जल्द ही दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव कम होगा और टैरिफ विवाद सुलझ जाएगा। दोनों देशों के जवाबी शुल्क ने पूरी दुनिया में उथल-पुथल मचा रखा है। चीन भी अमेरिका को जवाब देने के लिए अपने निकटतम पड़ोसियों वियतनाम, मलेशिया और कंबोडिया को साधने में जुटा है।

उधर इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की। इस दौरान अमेरिकी वित्त सचिव स्कॉट बेसेन्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प और इतालवी प्रधानमंत्री के साथ ओवल ऑफिस में घोषणा की कि अमेरिका टैरिफ संकट पर दुनिया की 15 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के साथ बातचीत कर रहा है। यह अमेरिकी रुख में बड़ा बदलाव है। पिछले हफ़्ते जब ट्रम्प के टैरिफ प्रभावी हुए तो न दुनियाभर के बाजारों में प्रतिक्रिया देखने को मिली बल्कि अमेरिकी बाजार में भी भारी गिरावट दर्ज की गई।

### भारत के प्रति अमेरिका का क्या रुख



2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा यूरोपीय संघ के सभी निर्यातों पर 20% टैरिफ की घोषणा के बाद से मेलोनी ट्रंप से आमने-सामने मिलने वाले पहले यूरोपीय नेता हैं। उनकी बैठक के बाद ओवल ऑफिस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रंप ने ट्रेजरी सचिव से मौजूदा टैरिफ वार्ता पर फिर से विचार करने के लिए कहा है। इस पर बेसेन्ट ने कहा, ३हमारे पास इसके लिए एक तय प्रक्रिया है और हम पहले 'बड़ी 15' अर्थव्यवस्थाओं पर काम कर रहे हैं। सभी की बातें एक साथ नहीं सुन सकते।३ बेसेंट ने यह भी बताया कि भारत के साथ बहुत तेजी से टैरिफ समाधान पर बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि एक दिन पहले जापान के साथ भी बहुत सकारात्मक बातचीत हुई है और ईयू पहले से ही बातचीत कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई के अगले हफ्ते दक्षिण कोरिया से भी टैरिफ पर बातचीत होने की संभावना है।


# कौन कर रहा है राष्ट्रपति की ताकत को सीमित

## उपराष्ट्रपति धनखड़ पर कपिल सिब्बल ने किया तीखा पलटवार

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले पर आपत्ति जताए जाने वाले उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान पर वरिष्ठ वकील व राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने नाराजगी जाहिर की है। सिब्बल ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति पर निशाना साधते हुए कहा कि उपराष्ट्रपति को राष्ट्रपति और राज्यपाल के बारे में पता होना चाहिए, जिन्हें मंत्रियों की सहायता और सलाह पर काम करना होता है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सिब्बल ने कहा कि राज्यपाल द्वारा विधेयकों को रोकना वास्तव में विधानमंडल की सर्वोच्चता में दखलंदाजी है। यह धनखड़ को पता होना चाहिए, वे पूछते हैं कि राष्ट्रपति की शक्तियों को कैसे कम किया जा सकता है, लेकिन शक्तियों को कौन कम कर रहा है?

कपिल सिब्बल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "आज सुबह कई अखबारों में जब मैंने धनखड़ साहब का भाषण पढ़ा तो दुख और आश्चर्य हुआ, क्योंकि ज्यूडिशियल इंस्टीट्यूशन फिर चाहे सुप्रीम कोर्ट हो या हाई कोर्ट हो, इन पर ही विश्वास है। मुझे लगता है कि जब सरकार के लोगों को ज्यूडिशियरी के फैसले पसंद नहीं आते हैं तो वे आरोप लगाना शुरू कर देते हैं कि ये हद से बाहर हैं। जब पसंद आते हैं तो विपक्ष को कहते हैं कि यह तो सुप्रीम कोर्ट ने फैसला किया था। फिर चाहे 370 हो या राम मंदिर का फैसला हो, इस पर कहते हैं कि यह तो सुप्रीम कोर्ट का फैसला था। जो आपको जजमेंट सही नहीं लगे, सोच के हिसाब से नहीं हो वह गलत है और जो सोच के हिसाब से है,



वह ठीक है।"

उन्होंने आगे कहा, "मैं उनका बड़ा आदर करता हूं, लेकिन आपने कह दिया कि आर्टिकल 142 न्यूक्लियर मिसाइल है, यह कैसे कह सकते हैं? आपको पता है कि आर्टिकल-142 द्वारा सुप्रीम कोर्ट को संविधान ने हक दिया है न कि किसी सरकार ने, ताकि न्याय हो। जब राष्ट्रपति अपना फैसला करती हैं तो वह कैबिनेट के सुझाव से करती हैं। इसी तरह जब कोई विधेयक पारित होता है तो राज्यपाल के पास जाता है। संविधान ने हक दिया है कि राज्यपाल कमेंट करके विधेयक को वापस भेज सकता है। जब दोबारा विधानसभा पारित कर दे तो राज्यपाल को साइन करना पड़ता है। यह संविधान कहता है। राज्यपाल यह भी कर सकता है कि वह किसी विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेज सकता है। राष्ट्रपति व्यक्तिगत तौर पर कुछ नहीं करतीं, वह केंद्र सरकार के कैबिनेट पर जाती हैं और वो एडवाइस करते हैं कि क्या करना है। धनखड़ को यह पता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की पावर को कम कैसे कर सकते हैं, आखिर कौन कम कर रहा है उनकी ताकत कम।"

राज्यसभा सांसद ने आगे कहा कि संसद अगर बिल पास करे तो क्या राष्ट्रपति उसे लेकर बैठ सकते हैं कि हम साइन नहीं करेंगे और यदि ऐसा नहीं करें तो किसी को अधिकार है या नहीं कि यह अहम बिल है। वह यह नहीं कह सकते कि वह साइन नहीं करेंगे। वह कमेंट करके वापस भेज सकते हैं, फिर दोबारा पास हो।

## सीलमपुर हत्याकांड में लेडी डॉन जिकरा गिरफ्तार

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** सीलमपुर हत्याकांड की आरोपी लेडी डॉन जिकरा को पकड़ लिया गया है। वह फिलहाल पुलिस हिरासत में है। उसके साथ-साथ अन्य तीन लोगों को भी पुलिस हिरासत में लिया गया है। सीलमपुर में 17 साल के लड़के की हत्या के मामले में लेडी डॉन जिकरा का नाम सामने आ रहा था। बताया जा रहा था कि जिकरा और उसके भाई साहिल ने इस काम को मिलकर अंजाम दिया है। जिकरा अब पुलिस की हिरासत में है। वही साहिल भी लगातार पुलिस के संपर्क है।

लोगों का आरोप है कि ये इलाके में कोई पहला मामला नहीं है। पहले भी इस तरह के कई मामले सामने आ रहे है। इस बीच सीलमपुर से हिन्दुओं के पलायन की खबरें भी सामने आ रही हैं। वहीं लोग उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी



» कुणाल की हत्या के बाद लगे हिंदुओं के पलायन के पोस्टर, योगी मॉडल लागू करने की मांग

आदित्यनाथ से मदद की गुहार लगा रहे हैं और योगी मॉडल लाने की बात कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि कुणाल की हत्या के पीछे इसी लेडी डॉन जिकरा और उसके भाइयों का हाथ है। हालांकि इस बारे में अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

## पैसों के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे बांग्लादेश को एक और झटका

**ढाका।** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही उसके देश की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है। गरीबी में जी रहे बांग्लादेश की अब कर्ज लेने की हालत हो गई है। वह पैसों के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है, लेकिन फिर भी मदद नहीं मिल रही। ताजा घटनाक्रम में, बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 4.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के कर्ज की अगली दो किस्तों (चौथी और पांचवीं) को प्राप्त करने के लिए आवश्यक चार प्रमुख शर्तों को पूरा करने में पिछड़ रहा है। ऐसे में कर्ज मिलना मुश्किल हो गया है। ये चार शर्तें-कमजोर राजस्व वृद्धि,

» यूनुस के सामने हालात बड़े मुश्किल भरे

गैर-बाजार आधारित विनिमय दर, सब्सिडी में अपर्याप्त कमी और बैंकिंग क्षेत्र में अपेक्षित प्रगति की कमी हैं। आईएमएफ से झटका खाने के बाद सवाल उठने लगा है कि मोहम्मद यूनुस अब क्या करेंगे? दो सप्ताह के समीक्षा मिशन के बाद गुरुवार को बांग्लादेश दौरे पर आए आईएमएफ प्रतिनिधिमंडल द्वारा एक ब्रीफिंग के दौरान इन मुद्दों को उठाया गया।

### ऐसे भी नेक जज हैं, जिनका तबादला नहीं चाहते वकील

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट की धारवाड़ बेंच के अधिवक्ताओं के संघ के अध्यक्ष वीएम शीलावंत ने भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को पत्र लिखकर कर्नाटक हाईकोर्ट के चार जजों के अन्य हाईकोर्ट में संभावित ट्रांसफर का विरोध जताया है। शीलावंत ने पत्र में बताया कि जस्टिस कृष्ण दीक्षित, जस्टिस के. नटराजन, जस्टिस हेमंत चंदनगौड़र और जस्टिस संजय गौड़ा के तबादले की खबरों से वकीलों में गहरा असंतोष और चिंता है।

पत्र में लिखा, कर्नाटक के अधिवक्ता इन खबरों को सुनकर स्तब्ध हैं। ये सभी न्यायाधीश निःस्वार्थ सेवा, असाधारण कानूनी ज्ञान, संवेदनशीलता और दक्षता के लिए जाने जाते हैं।

## पूर्व आंध्र सीएम जगन के 27 .5 करोड़ के शेयर जब्त

### डालमिया सीमेंट की 793 करोड़ की जमीन भी अटैच

**एजेंसी**

हैदराबाद। प्रवर्तन निदेशालय ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी की 27.5 करोड़ रुपए के शेयर अस्थायी रूप से जब्त किए हैं। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के 14 साल पुराने मामले में की गई है। जिसमें 'क्विड प्रो क्वो' (कुछ पाने के बदले कुछ देना) निवेश होने के आरोप हैं।

ईडी की हैदराबाद टीम ने जगन की तीन कंपनियों – कार्मेल एशिया होल्डिंग्स, सरस्वती पावर एंड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड और हर्षा फर्म में निवेश



को जब्त किया है। इसके अलावा डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड की करीब 377.2 करोड़ रुपए की जमीन भी जब्त की गई है। डीसीबीएल के मुताबिक, यह जमीन 793.3 करोड़ रुपए की है।

यह मामला 2011 में सीबीआई द्वारा दर्ज किए गए केस से जुड़ा है, जिसमें आरोप है कि डीसीबीएल ने रघुराम सीमेंट्स लिमिटेड (जगन रेड्डी से जुड़ी कंपनी) में 95 करोड़ रुपए निवेश किए थे। इसके बदले में जगन ने अपने पिता, तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी के प्रभाव का इस्तेमाल कर डीसीबीएल को आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में 407 हेक्टेयर की खनन लीज दिलाई थी। सीबीआई ने 2013 में जगन, डीसीबीएल DCBL और अन्य के खिलाफ आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में चार्जशीट दाखिल की थी।

### राणा सांगा मामले में मथुरा में सुनवाई

12 मई कोमथुरा। राणा सांगा पर राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा की गई टिप्पणी के खिलाफ वृंदावन के कथा वाचन कौशल किशोर ठाकुर द्वारा मथुरा के एमपी एमएलए कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है और मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है शुक्रवार को इस मामले में गवाही होनी थी लेकिन किसी कारण से गवाही नहीं हो सकी 12 मई को पूरे मामले में कोर्ट सुनवाई करेगा।

याचिका कर्ता कथावाचक कौशल किशोर ठाकुर ने बताया कि महाराणा सांगा के लिए अपशब्द कहने वाले रामजीलाल सुमन के ऊपर हमने एक याचिका दायर की थी, उस याचिका की आज सुनवाई होनी थी गवाही थी, गवाही के बाद में उसके ऊपर मुकदमा दर्ज करने के लिए हमने माननीय न्यायालय में अपील की है, इस मामले में आज किसी कारणवश सुनवाई नहीं हो सकी है इसके लिए 12 मई की डेट दे दी गई है।

**राहत** ट्रंप के टैरिफ से अर्थव्यवस्था कमजोर होगी, महंगाई का ग्राफ चढ़ेगा, समूची दुनिया में उथल-पुथल और बढ़ेगी

# वैश्विक मंदी आने की आशंका से आईएमएफ ने किया इनकार

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने वैश्विक व्यापार में मची उथल-पुथल के बीच राहत भरी खबर दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में बढ़ते टैरिफ से वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर होगी और इस वर्ष महंगाई भी बढ़ेगी लेकिन ये वैश्विक मंदी का कारण नहीं बनेंगे। उन्होंने ये भी कहा कि बढ़ते व्यापारिक तनाव और वैश्विक व्यापार प्रणाली में हो रहे बड़े बदलावों के चलते आईएमएफ अपनी आर्थिक विकास दर के पूर्वानुमानों में गिरावट करेगा, लेकिन वैश्विक मंदी की आशंका नहीं है।

आईएमएफ के अगले सप्ताह जारी किए जाने वाले अनुमानों के आधार पर उन्होंने यह बात कही। जॉर्जीवा ने कहा कि अमेरिका की ओर से लगाए गए नए टैरिफ और चीन तथा यूरोपीय संघ की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई ने वैश्विक व्यापार व्यवस्था को झकझोर दिया है। इससे व्यापार नीति में ₹अत्यधिक अनिश्चितता₹ और वित्तीय बाजारों में ₹बेहद अस्थिरता₹ देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा, "व्यवधानों की कीमत चुकानी पड़ती है... हमारे नए विकास अनुमान में महत्वपूर्ण गिरावट शामिल होगी लेकिन मंदी नहीं होगी।"

जॉर्जीवा ने कहा कि अमेरिकी प्रशासन द्वारा शुल्क की दरों में की गई वृद्धि ने वैश्विक अनिश्चितता को बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा, ''आयात शुल्क वैश्विक वृद्धि को धीमा कर देंगे और महंगाई बढ़ेगी लेकिन ये दुनिया भर में मंदी का कारण नहीं बनेंगे।'' जॉर्जीवा ने कहा कि



वैश्विक व्यापार प्रणाली में बड़े बदलावों से विश्व अर्थव्यवस्था के जुझारूपन की परीक्षा ली जा रही है जिससे वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल मचने का खतरा है। आईएमएफ की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ नीति और वैश्विक बाजार में हलचल के चलते दुनिया भर के केंद्रीय बैंकर और वित्त मंत्री वाशिंगटन की बैठक में भाग लेने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि शुल्क अनिश्चितता का कारण बनते हैं, जो महंगा पड़ सकता है। सप्लाई चैन की जटिलता से कई देशों में शुल्क के कारण एक-एक वस्तु की लागत प्रभावित हो सकती है। व्यापार बाधाओं में वृद्धि से भी वृद्धि पर तत्काल प्रभाव पड़ता है, तथा यद्यपि इससे घरेलू उत्पादन में वृद्धि हो सकती है लेकिन इसे ऐसा होने में समय लगता है। हालांकि, आईएमएफ प्रमुख ने अमेरिकी प्रशासन की कुछ चिंताओं को भी दोहराया। उन्होंने देशों से शुल्क कम करने और व्यापार में अन्य बाधाओं को कम करने का आह्वान किया। आईएमएफ का पूर्ण आकलन अगले मंगलवार को जारी किया जाएगा। जॉर्जीवा ने कहा कि विश्व की वास्तविक अर्थव्यवस्था अभी भी मजबूत है—मजबूत श्रम बाजार और स्थिर वित्तीय प्रणाली अभी भी है। लेकिन उन्होंने यह भी आगाह किया कि अगर आर्थिक मंदी को लेकर नकारात्मक धारणाएं बनीं, तो इसका असर वास्तविक आर्थिक गतिविधियों पर भी पड़ सकता है। उन्होंने कहा, "संकट के दौर में मैंने यह सीखा है कि धारणा जितनी महत्वपूर्ण होती है, उतनी ही हकीकत भी होती है। अगर धारणा नकारात्मक हो जाए, तो वह अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है।"

आईएमएफ ने जनवरी में 2025 और 2026 के लिए वैश्विक विकास दर 3.3% रहने का अनुमान लगाया था। अब यह संस्था मंगलवार को अपना नया 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' जारी करेगी। जॉर्जीवा ने यह नहीं बताया कि नए अनुमानों में कितनी गिरावट होगी, लेकिन उन्होंने चेताया कि यह गिरावट "महत्वपूर्ण" होगी। महंगाई को लेकर उन्होंने कहा कि टैरिफ से कुछ देशों में उपभोक्ता और उत्पादक कीमतों में इजाफा हो सकता है, जबकि कहीं-कहीं खर्च में कटौती से महंगाई घट भी सकती है। कुल मिलाकर, कुछ देशों के लिए महंगाई बढ़ने का अनुमान है।

आईएमएफ प्रमुख ने देशों से आग्रह किया कि वे मौद्रिक नीति में लचीलापन बनाए रखें, वित्तीय बाज़ारों की निगरानी करें, और आर्थिक सुधारों को जारी रखें। विकासशील देशों को अपने विनिमय दरों में लचीलापन बनाए रखने की सलाह दी गई, जबकि समृद्ध देशों से कमजोर देशों को सहायता बनाए रखने की अपील की गई।

### भीलवाड़ा के दो भाइयों के करंट लगाया

**भीलवाड़ा।** आइसक्रीम बेचने के बाद भीलवाड़ा के दो भाइयों ने सैलरी मांगी तो मालिक ने किडनैप कर लिया। आरोपियों ने भाइयों के करंट लगाया और जमकर मारपीट की। फिर चोरी का इल्जाम लगाकर टॉर्चर का वीडियो भी बनाया। परिवार को वीडियो भेजकर 30 हजार रुपए की डिमांड की। परिवार के पैसे चुकाने के बाद आरोपियों ने दोनों को छोड़ दिया।

मामला छत्तीसगढ़ के कोरबा का 14 अप्रैल का है। पीड़ित परिवार को आरोप है कि भीलवाड़ा पुलिस ने कार्रवाई के बदले समझौते का दबाव बनाया। गुरुवार को पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी।गुलाबपुरा थाने के रहने वाले चचेरे भाई मुकेश और विनोद के अनुसार हमारे गांव का एक व्यक्ति छत्तीसगढ़ में आइसक्रीम की लॉरी का काम करता है।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह*, उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com